C M Y K

**आज का विचार**

मनुष्य को अपनी ओर खींचने वाला यदि दुनिया में कोई असली चुम्बक है, तो वह है आपका प्रेम और आपका व्यवहार।

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-236 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा



**समितियों में सप्ताह भर से डीएपी व इफको हेतु चक्कर काट रहे किसान**

अम्बिकापुर, बुधवार 18 जून , 2025

**रविचंद्रन अश्विन और डिंडीगुल ड्रैगन्स बॉल-टैम्परिंग के आरोपों से बरी**

## पहला कॉलम

### तेहरान से 110 भारतीय छात्रों को बाहर निकाला, आर्मेनिया के रास्ते आएंगे दिल्ली

**नईदिल्ली,17 जून (ए)।** इजरायल और ईरान में चल रहे युद्ध के बीच तेहरान से भारतीय छात्रों को निकालने के लिए भारत सरकार का पहला प्रयास सफल रहा। अभी तक 110 भारतीय छात्रों को आर्मेनिया सीमा के जरिए ईरान से बाहर निकाला गया है। इन्हें बुधवार को विमान के जरिए दिल्ली लाया जाएगा। सभी छात्र उर्मिया मेडिकल विश्वविद्यालय में पढ़ते हैं, जिसमें अधिकतर जम्मू-कश्मीर के हैं। ईरान-इजरायल में जारी तनाव के बीच यह भारत की पहली बड़ी निकासी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा, सुरक्षा कारणों से भारतीय दूतावास द्वारा की गई व्यवस्था के तहत तेहरान में भारतीय छात्रों को शहर से बाहर ले जाया गया है। कुछ भारतीयों को आर्मेनिया की सीमा के माध्यम से ईरान छोड़ने में मदद की गई है। दूतावास सभी संभव सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से समुदाय के साथ लगातार संपर्क में है। अस्थिर स्थिति को देखते हुए आगे भी परामर्श जारी किए जा सकते हैं।

इससे पहले ईरान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर तेहरान में रहने वाले भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) को सलाह दी थी।

दूतावास ने पोस्ट में कहा था, सभी भारतीय नागरिकों और पीआईओ को, जो अपने स्वयं के संसाधनों का उपयोग करके तेहरान से बाहर जा सकते हैं, शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाने की सलाह दी जाती है। बता दें कि तेहरान में बमबारी जारी है।

## कुछ अलग

### अहमदाबाद विमान दुर्घटनाः 101 शव परिजनों को सौंपे गए, 135 डीएनए मैच हुए

**अहमदाबाद,17 जून (ए)।** अहमदाबाद में दुखद एयर इंडिया विमान हादसे के छठे दिन अहमदाबाद सिविल अस्पताल में डीएनए सैंपलिंग और मैचिंग का काम युद्धस्तर पर जारी है. इस संबंध में सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि अब तक 135 डीएनए मैच हो चुके हैं और 101 शव परिजनों को सौंपे गए हैं. अहमदाबाद सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि मंगलवार सुबह 10:45 तक 135 डीएनए मैच हो चुके हैं. वहीं, 101 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं. इसके अलावा 12 परिवार आज कुछ घंटों में यहां से शव लेकर जाएंगे. बीजे मेडिकल कॉलेज के 4 छात्रों की मौत हुई है. इसमें एक डॉक्टर सूरत का है जो अपनी बहन से मिलने आया था. डॉ. राकेश जोशी ने आगे बताया कि डीएनए टेस्ट करना हमारी टीम के लिए बड़ी चुनौती है. शरीर के अंगों को देख पाना मुश्किल होता है, लेकिन टीम पूरी मेहनत से काम कर रही है. चूंकि डीएनए सैंपल मिलान और प्रक्रिया बहुत संवेदनशील है और इसमें कानूनी मामले भी जुड़े हैं.

## खरी-खरी




# सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता - मुख्यमंत्री साय





◆ मुख्यमंत्री ने परिवहन सुरक्षा बेड़े में शामिल 48 वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना ◆ मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के कर्मियों को सौंपी वाहनों की चाबी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सरकार सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। परिवहन और यातायात सुरक्षा में लगे उड ?दस्ता दल को 48 नवीन वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी, यातायात सु$गम होगा और लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। श्री साय आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर परिवहन विभाग के निरीक्षकों को इन वाहनों की चाबी सौंपी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नवीन शासकीय वाहनों की मदद से परिवहन उड ?दस्ता दल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उड ?दस्ता दल की कार्यक्षमता में वृद्धि, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, सुरक्षा मानकों का बेहतर क्रियान्वयन और यातायात व्यवस्था में सुधार व अनुशासन बनाए रखने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी परिवहन दस्ते की निगरानी और पहुंच सुनिश्चित होगी।

**ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील**

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री श्री साय ने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने और ट्रैफिक नियमों का पालन कर दूसरों के जीवन की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही हम एक सुरक्षित, संयमित और संवेदनशील सड़क परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। लोगों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील भी की। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, सचिव सह परिवहन आयुक्त श्री एस. प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर सहित परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## हरियाणवी मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी हत्याकांड का खुलासा, बॉयफ्रेंड सुनील ने किया मर्डर, पानीपत पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सोनीपत/पानीपत ,17 जून (ए)।** हरियाणा की मशहूर मॉडल शीतल चौधरी उर्फ सिम्मी चौधरी के हत्याकांड का पानीपत पुलिस ने खुलासा कर दिया है. हरियाणा पुलिस ने सिम्मी चौधरी के बॉयफ्रेंड सुनील को गिरफ्तार कर लिया है.

16 जून को हरियाणवी मॉडल सिम्मी चौधरी की सोनीपत की नहर से लाश बरामद की गई और हाथ के साथ बॉडी पर मौजूद टैटू से उसकी पहचान की गई. सिम्मी चौधरी के बहन के बयान के बाद पुलिस ने सिम्मी चौधरी के बॉयफ्रेंड सुनील को कल ही हिरासत में ले लिया था. सुनील की कार को भी दिल्ली पैरलल नहर से बरामद किया गया था.

पानीपत पुलिस ने अब सिम्मी चौधरी हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. डीएसपी पानीपत सतीश कुमार वत्स ने हत्याकांड के आरोपी को आज मीडिया के सामने पेश किया और बताया कि 15 जून को एक महिला ने अपनी बहन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. अगले दिन हमें सूचना मिली कि नहर में एक शव मिला है. उसके शरीर पर जख्मों से पता चला कि उसकी हत्या की गई है. उसके परिवार ने बताया कि वो सुनील नाम के एक व्यक्ति के साथ गई थी. जब पुलिस को इस मामले में उसके बारे में शक हुआ था तो उससे पूछताछ की गई.

आरोपी सुनील ने बताया कि 14 जून को वो सिम्मी चौधरी को एक गांव में ले गया था. बाद में उनका झगड़ा हुआ और सुनील ने उस पर चाकू से हमला कर दिया. इसके बाद उसने उसका शव नहर में फेंक दिया. हमने उसे गिरफ्तार कर लिया है. आज हम उसे कोर्ट में पेश करेंगे और पुलिस रिमांड मांगेंगे. हम जांच करेंगे कि इस मामले में कोई और शामिल है या नहीं.

## अहमदाबाद-लंदन एयर इंडिया उड़ान तकनीकी खराबी के कारण रद्द

### 0-इंडिगो उड़ान की नागपुर में आपातकालीन लैंडिंग



**नईदिल्ली,17 जून (ए)।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना होने वाली एयर इंडिया की उड़ान को मंगलवार को तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दिया गया।

एयर इंडिया उड़ान एआई-159 मंगलवार को नई दिल्ली से अहमदाबाद आई थी, जिसके बाद इसे 1:10 बजे लंदन के लिए उड़ान भरनी थी।

यह दूसरी बार है, जब लंदन की एयर इंडिया उड़ान में खराबी आई है। इससे पहले 12 जून को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है, जिसमें 274 की जान गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अहमदाबाद-लंदन मार्ग पर उड़ान भरने वाला विमान भी बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर है। यह वही मॉडल है, जो 12 जून को एयर इंडिया दुर्घटना में शामिल था। इस मार्ग पर उड़ान एआई-171 की जगह एआई-159 कर दी गई है।

मंगलवार को सुबह खबर आई कि सैन फ्रांसिस्को-मुंबई एयर इंडिया की उड़ान को कोलकाता उतारने के बाद बाएं इंजन में तकनीकी खराबी का पता चला। इसके कारण यात्रियों को विमान से उतार दिया गया और करीब 3 घंटे तक समस्या पर काम किया गया।

सोमवार को दिल्ली-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान को तकनीकी समस्या के कारण दिल्ली लाया गया था।

इससे पहले बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की हांगकांग-दिल्ली एयर इंडिया एआई-315 उड़ान तकनीकी समस्या के कारण वापस हांगकांग लौट गया।

केरल के कोच्चि से दिल्ली आ रही इंडिगो की उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद महाराष्ट्र के नागपुर में आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। इंडिगो विमान 6ई 2706 ने कोच्चि हवाई अड्डे से सुबह 9:20 बजे उड़ान भरी थी, जिसे दोपहर 12:35 बजे दिल्ली उतरना था, लेकिन धमकी के कारण नागपुर मोड़ दिया गया और यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया।

धमकी में उड़ान संख्या का जिक्र होने के चलते मामला गंभीर था। आगे जांच चल रही है।

गुरुवार 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली बोइंग ड्रीमलाइनर एयर इंडिया एआई-171 कुछ सेंकेड में ही बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के समय विमान में 242 यात्री, 2 पायलट और 10 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिसमें सिर्फ एक यात्री की जान बच सकी। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी हादसे में मौत हो गई। जमीन पर करीब 20 लोगों की मौत हुई है।

## कई राज्यों में तेज होगा बारिश का सिलसिला, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट



**नईदिल्ली,17 जून (ए)।** उत्तर भारत में मानसून पूर्व की बारिश का दौर शुरू हो गया है, जिससे गर्मी के तेवर ढीले पड़ गए हैं। तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मानसून सक्रिय होने से मंगलवार को 19 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

सप्ताह के अंत तक कई राज्यों में मानसून सक्रिय हो सकता है, जिससे अगले कुछ दिनों बारिश के साथ तेज हवा चल सकती है।

मानसून पर कई दिनों का ब्रेक लगने के बाद सोमवार को मुंबई से आगे बढ़ा और गुजरात के वडोदरा और मध्य प्रदेश के खरगोन जिले तक पहुंच गया। इसके अलावा महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया। अगले 2 दिन में मानसून गुजरात, महाराष्ट्र, एमपी, ओडिशा, छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों में पहुंच सकता है।

साथ ही बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश कई बाकी हिस्सों में दस्तक दे सकता है।

उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों मानसून प्रवेश कर गया है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

17 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश देखने को मिल सकती है।

आईएमडी ने 19 से 21 जून तक के लिए भारी बारिश, आंधी, वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तापमान में गिरावट आने की संभावना है, जिससे गर्मी से राहत मिल सकती है।

राजस्थान में मानसून पूर्व की गतिविधियां तेज हो गई हैं, जिससे अधिकांश जिलों में तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है।

राजधानी जयपुर में सोमवार को दोपहर बाद तेज हवा चलने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया, जबकि 12 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई।

मौसम विभाग ने मंगलवार को 26 जिलों में झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में बारिश जनित हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई।

दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे आने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम था। आर्द्रता 77 प्रतिशत होने से उमस का असर देखा जा रहा है। मंगलवार को राजधानी में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

आईएमडी ने आने वाले दिनों में हल्की/मध्यम बारिश और 40-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे

**नईदिल्ली,17 जून (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस की यात्रा पूरी करने के बाद मंगलवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंच गए। यहां वे कनानास्किस में आयोजित सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात करेंगे।

कनाडा पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कैलगरी, कनाडा पहुंचा। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। 16 और 17 जून को आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी जी-7 देशों, अन्य आमंत्रित आउटरीच देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, खासकर एआई -ऊर्जा संबंध और क्वांटम-संबंधी मुद्दों सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा उनकी कई देशों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी होगी। बता दें, मोदी 15-18 जून तक 3 देशों की यात्रा पर निकले हैं। कनाडा के बाद वे क्रोएशिया के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा 10 साल बाद हुई है।



## जिस लिपिक को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा, उसका रिश्वत लेते वीडियो हुआ वायरल

**कांकेर।** जिले के आमाबेड़ा तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक पुरुषोत्तम कुमार गौतम, जिसे कुछ महीने पूर्व एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था और जेल दाखिल कर दिया था, फिलहाल वह जमानत पर बाहर आ गया है। इसके बाद उसका एक और रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में पुरुषोत्तम कुमार गौतम तहसील कार्यालय के सामने खुलेआम बैठकर ग्रामीणों से भूमि के कागज सुधारने के नाम पर अवैध रूप से पैसे लेते नजर आ रहा है।

पहला कालम

## संदीप पहलवान ने जीती अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता

### चालीस से अधिक पहलवानों ने दिखाया दमखम



**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
एसईसीएल बिश्रामपुर के गौरीशंकर मंदिर स्थित दशहरा मैदान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पूर्व भारत केशरी संदीप राणा पहलवान चंडीगढ़ पंजाब व दिल्ली केशरी बल्ली पहलवान दिल्ली के बीच हुआ। रोचक मुकाबले में संदीप पहलवान विजेता रहे उन्हें आयोजन समिति के द्वारा सवा लाख रुपये नकद व ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। इस अखिल भारतीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में देश भर के ४० से अधिक पहलवानों समेत एक महिला पहलवान ने अपनी उत्कृष्ट कुश्ती दंगल खेल कौशल का प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। नगर के अखिल भारतीय कुश्ती दंगल समिति द्वारा दशहरा मैदान में आयोजित कुश्ती दंगल में देश के विभिन्न प्रान्तों के नामी गिरामी पहलवानों ने कुश्ती कला का रोमांचक प्रदर्शन दिया। दंगल के समापन समारोह में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु ने की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव,भाजपा नेता श्यामा पांडेय समेत जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरगुजा देवनारायण यादव, संत सिंह, दरोगा सिंह, शशिकांत व संदीप बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।
मुख्य अतिथि प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह ने आयोजन समिति की प्रशंसा कर कहा कि देश में आज भी कुश्ती दंगल का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि कुश्ती देश का प्राचीन खेल है।मजबूत कद काठी के साथ इस खेल में दांव पेच महत्वपूर्ण है।दो दिनों से लोग बड़ी संख्या में कुश्ती देखने पहुंच रहे है लोगो का स्वस्थ मनोरंजन हो रहा जो बड़ी बात है।उन्होंने आयोजन समिति की सराहना कर इस दौरान मंच से प्राप्त मांगों को स्वीकृत कराने आश्वस्त किया ।
आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, राजकिशोर चौधरी,सतीश तिवारी, रविशंकर बउआ, रविन्द्र विश्वकर्मा, पोरस सिन्हा, दीपक दुबे सक्रिय रहे। मंच संचालन रविशंकर बउआ व आभार प्रदर्शन दीपेंद्र चौहान ने किया।

### पूर्व भारत केशरी ने जीता प्रतियोगिता में खिताव

दंगल के विजेता पहलवान सन्दीप राणा चंडीगढ़ को मुख्य अतिथि ने सवा लाख रुपये नकद व ट्राफी से सम्मानित किया।इसके पूर्व मुख्य अतिथि भूलन सिंह मरावी को पहलवानों ने पगड़ी पहना सम्मान किया।मुख्य अतिथि ने फाइनल मुकाबले में दोनों पहलवानों के बीच हाथ मिला कुश्ती शुरू कराई। दंगल में शामिल नामी गिरामी पहलवानों का सम्मान किया गया।

# दतिमा कोल ब्लॉक का ग्रामीणों ने एक स्वर में किया विरोध, कहा कि किसी भी हाल में नहीं देंगे अपनी भूमि

## ग्रामीणों का आरोप कौड़ियों के भाव भूमि लेना चाहती है कंपनी





**विनय पांडेय**
**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
श्री सीमेंट लिमिटेड को भारत सरकार द्वारा आबंटित किए गए दत्तिमा कोयला खदान के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए मंगलवार को दत्तिमा के जंबूरी मैदान में लोक सुनवाई का आयोजन किया गया।इस लोक सुनवाई में खदान से प्रभावित पांचों ग्राम के ग्रामीणों को बुला उनसे आपत्ति व सुझाव लिए गए।छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के तत्वावधान में आयोजित जनसुनवाई लगभग ढाई घंटे चली जिसमें उपस्थित पांचों गांव के ग्रामीणों ने एक स्वर में खदान खोलने का विरोध कर अपनी आशंकाएं अधिकारियों के समक्ष रखी।इस जनसुनवाई में दो दर्जन लोगों ने अपनी आपत्ति जता सुझाव रखे।शासन स्तर पर जनसुनवाई को लेकर चाक चौबंध व्यवस्था की गई थी।पूरे सुनवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ ग्रामीणों को अपना पक्ष रखने भरपूर मौका दिया गया।मंगलवार साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुई जनसुनवाई लगभग दो बजे तक चली ।जन सुनवाई में पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के अधिकारी कर्मचारियों के अतिरिक्त,जिले केअपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा सहित जिले का राजस्व अमला एडिशनल एसपी संतोष महतो सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में पुलिस बल सहित श्री सीमेंट के अधिकारी प्रतिनिधि जनसुनवाई के दौरान उपस्थित थे।दत्तिमा कोल ब्लॉक से प्रभावित होने वाले कुमदा बस्ती निवासी शिव राजवाड़े ने अपनी बातों को रखते हुए जन सुनवाई में कहा कि दत्तिमा कोल ब्लॉक से राई,दत्तिमा,खरसुरा,कुमदा और लक्ष्मणपुर गांव प्रभावित हो रहे है।राजवाड़े ने कहा कि पिछले दिनो एसडीएम कार्यालय से उन्हें नोटिस मिला है तब उन्हें खदान खुलने की जानकारी मिली है ऐसा क्यों कंपनी के लोग चोरी छिपे गांव में पहुंच लोगो को प्रलोभन दे उनकी जमीन हथियाना चाहते हैं ये नहीं होने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि जो भी सच्चाई है कंपनी के अधिकारियों को गांव वालो को बताना चाहिए लेकिन ऐसा अब तक नहीं हुआ है।करंजी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता सत्यनारायण जायसवाल झूमरपारा निवासी उपसरपंच व भाजपा नेता रामानंद जायसवाल ने भी श्री सीमेंट के अधिकारियों को आमजनो को गुमराह करने स्थिति क्लियर नहीं करने का आरोप लगा कहा कि इस जनसुनवाई में निन्यानबे प्रतिशत लोगों ने खदान खोलने का विरोध किया है।यदि कंपनी के लोग जबरन खदान खोल क्षेत्र को तबाह करना चाहते है तो वे भी आरपार की लड़ाई के लिए तैयार हैं हमसब मिलकर इस खदान का पुरजोर विरोध करते हैं।राई निवासी राहुल जायसवाल ने कहा कि खदान खुलने से पूरा क्षेत्र तबाह हो जाएगा उनकी आजीविका नष्ट हो जाएगी सीमेंट कंपनी न नौकरी देगी और न पर्याप्त मुआवजा तो वे आखिर किस तरह अपनी पुस्तैनी जमीन कंपनी को दे देंगे।वरिष्ठ अधिवक्ता बार एसोसियेशन जिला न्यायालय सूरजपुर के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने अपनी बातों को रखा और कहा कि दत्तिमा मुख्य मार्ग में उनकी तीन एकड़ पुस्तैनी भूमि है जिसमें वे खेती करते हैं वर्तमान में उनकी भूमि में सैकड़ों हरे भरे वृक्ष लगे हुए हैं,उन्होंने कहा कि श्री सीमेंट के अधिकारी प्रतिनिधि स्थानीय ग्रामीणों को प्रलोभन दे उनकी पैंतीस,चालीस एकड़ भूमि कंपनी के नाम से सरकारी दर से आधी कीमत में गुपचुप रजिस्ट्री करा लिया है।कंपनी के अधिकारी गुपचुप तरीके से ग्रामीणों में फुट डालकर जमीन हथियाना शुरू किया है जिसका हम सभी विरोध करते हैं।उन्होंने जनसुनवाई के दौरान कहा कि कंपनी के लोग खदान खुलने सम्बन्धित दस्तावेज अंग्रेजी में तैयार कर रखा है जिसे ग्रामीण पढ़ व समझ नहीं सकते ऐसे में सुनवाई आखिर किस तरह होगी।कंपनी के अधिकारियों को प्रभावित गांव के ग्रामीणों को स्पष्ट बताना होगा कि कितने गांव की कितनी भूमि अधिग्रहण की जा रही है और किस आधार पर और कितना लोगो को मुआवजा दिया जाने का प्रावधान है।लेकिन अब तक इस विषय में कंपनी के अधिकारी खामोश हैं जो बिल्कुल भी अनुचित है।भोले भाले ग्रामीण खदान खुल जाने के बाद आखिर जाएंगे कहां न उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिया जा रहा और न ही रोजगार।राजस्थान की कंपनी भोले भाले छत्तीसगढ़ के लोगों को ठगने का जो उपक्रम तैयार किया है इसका हम सब विरोध करते हैं और वे इसकी लड़ाई हर स्तर पर गांव वालो के साथ मिलकर लड़ने तैयार हैं।सुनवाई में अनूप जायसवाल,भूषण बघेल,रजत जायसवाल शोभनाथ राजवाड़े निवासी कुमदा ने अपनी बातें रखी।शोभनाथ राजवाड़े ने बताया कि वे कुमदा बस्ती निवासी हैं यहां एसईसीएल द्वारा १९९० से कुमदा और बलरामपुर में भूमिगत खदान का संचालन किया जा रहा है। दोनो खदान के पैंतीस साल हो गए हैं उनका अनुभव बहुत खराब है जब यहां खदान खुलना था तब एसईसीएल के अधिकारियों ने ग्रामीणों को खासा प्रलोभन देकर खदान खोल लिया खदान खुलने के बाद से पूरी बस्ती उजाड़ हो गई है।भूमिगत और ओपन कास्ट खदान उनके जमीन से लगा है एसईसीएल ने कोयला निकाल बड़ी बड़ी पोखरी लोगो को मरने के लिए छोड़ दिया है। एसईसीएल प्रबंधन से पोखरी के पानी को वाटर लिफ्टिंग कर गांव को खेती और पीने के लिए देने के लिए कई बार निवेदन किया गया इसका प्रस्ताव भी तैयार हुआ लेकिन आज तक प्रबंधन इस कार्य को नहीं करा सकी है।खदान खुलने से भूजल स्तर नीचे चल गया है लेकिन ग्रामीणों की सुनने कोई तैयार नहीं है।इसलिए अब वे किसी भी कीमत पर खदान के लिए अपनी जमीन दांव पर नहीं लगाएंगे।भूमि लेने से पहले खदान के अधिकारी प्रबंधन ग्रामीणों को बड़े बड़े वादे कर सब्जबाग दिखाते है लेकिन खदान शुरू होते ही अधिकारी आंखे बंद कर लेते है,इसलिए कुमदा सहित पांचों गांव के लोगों ने पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव पास करा खदान का विरोध किया है।

### दत्तिमा कोल ब्लॉक एक नजर में

श्री सीमेंट लिमिटेड राजस्थान को आबंटित दत्तिमा कोयला खदान जो भूमिगत खदान है।इस खदान से प्रतिवर्ष ०.३६ मिलियन टन अधिकतम ०.५४ मिलियन टन प्रतिवर्ष कोयला उत्पादन होना है।खदान के लिए ८०७.९१ हेक्टेयर कुल भूमि से कोयला निकाला जाना है।इसके लिए भटगांव तहसील के ग्राम राई सूरजपुर तहसील के ग्राम दत्तिमा एवं खरसुरा जबकि लटोरी तहसील के कुमदा और लक्ष्मणपुर के भूमि का अधिग्रहण किया जाना है।कोयला मंत्रालय भारत सरकार ने अपने निहित आदेश संख्या एनए१०४/१२/२०२३ एनए दिनांक ८/६/२०२३ को मेसर्स श्री सीमेंट लिमिटेड के पक्ष में दत्तिमा कोयला खदान आबंटित किया है।इस खदान से उत्पादित कोयले को खुले बाजार में बेचा जा सकेगा,जिसमें सहयोगी और संबंधित पक्षों को बिक्री और कैप्टिव खपत,कोयला गैसीकरण,कोयला द्रवीकरण और कोयले के निर्यात सहित किसी भी उद्देश्य के लिए उपयोग शामिल है लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।कोयले का उत्पादन भूमिगत खनन विधि से किया जाएगा,जिसकी मानक उत्पादन क्षमता ०.३६ मिलियन टन प्रतिवर्ष है एवं शीर्ष क्षमता ०.५४ मिलियन टन प्रतिवर्ष है।खदान की कुल अवधि १५ वर्ष होगी।परियोजना की कुल लागत २५० करोड़ रु है।पर्यावरण संरक्षण उपायों के लिए पूंजीगत लागत १.९० करोड़ प्रस्तावित है तथा आवर्ती लागत २.२५ करोड़ प्रतिवर्ष होगी। खदान का।परिचालन २०२७,२८ शुरू किया जाना प्रस्तावित है।भू वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार कोयले का सकल भंडार १४.७७७ मिलियन टन जबकि अनुमोदित खनन योजना के अनुसार ब्लॉक से निकालने योग्य कोयले का भंडार४.२०८ मिलियन टन है।

## भारती सिंह ने शब्बीर अहलुवालिया को 'टेलीविजन का अजय देवगन' घोषित किया

मुंबई। मशहूर कॉमेडियन और एंटरटेनर भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया ने हाल ही में अपने एलओएल पॉडकास्ट में टेलीविजन के दिलकश अदाकार शब्बीर अहलुवालिया और खूबसूरत आशी सिंह को गेस्ट के तौर पर बुलाया। शब्बीर और आशी, जो सोनी सब के शो च्उफ्फ... ये लव है मुश्किलज् में युग और कैरी का किरदार निभा रहे हैं, ने शो की शूटिंग के दौरान पर्दे के पीछे के मजेदार किस्से साझा किए, अपने ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात की और बताया कि यह शो इतना खास क्यों है।
खुले माहौल वाली बातचीत में भारती सिंह शब्बीर अहलुवालिया की इंटेंस ऑन-स्क्रीन एक्टिंग और ऑफ-स्क्रीन शांत स्वभाव की तारीफ किए बिना नहीं रह सकीं। अपने विशेष हास्य अंदाज में उन्होंने प्यार से शब्बीर को "टेलीविजन का अजय देवगन" कहकर संबोधित किया। भारती ने शब्बीर के स्क्रीन पर दिखने वाले आकर्षक, लेकिन शांत व्यक्तित्व और ऑफ-स्क्रीन प्राइवेट नेचर की तुलना अजय देवगन के शानदार अभिनय, शक्तिशाली पर संयमित अदाकारी और एक प्यार करने वाले फैमिली मैन की भूमिका से की।
होस्ट भारती सिंह ने शब्बीर के व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए आशी सिंह से पूछा कि उन्हें एक सीनियर और अनुभवी एक्टर के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा, क्योंकि शब्बीर लंबे समय से टेलीविजन इंडस्ट्री में हैं। भारती ने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि शब्बीर टेलीविजन के अजय देवगन हैं क्योंकि वह ज्यादा नहीं मुस्कुराते, उनका व्यवहार गंभीर होता है और वह इंटेंस सीन्स बखूबी करते हैं। उन्होंने आशी से यह भी पूछा कि क्या उन्हें शब्बीर के साथ अपना पहला सीन करते वक्त डर लगा था।
इस हल्के-फुल्के पल ने स्टूडियो में खूब हंसी का माहौल बना दिया, जिसमें आशी सिंह ने बताया कि शुरू में उन्हें इतने अनुभवी एक्टर के साथ काम करने में घबराहट हुई, लेकिन शब्बीर के सहयोगी और सरल स्वभाव की वजह से वह जल्दी ही सहज हो गईं।

## समितियों में सप्ताह भर से डीएपी व इफको हेतु चक्कर काट रहे किसान

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
खेती किसानी का सीजन शुरू होते ही गांव-गांव के किसान बुआई की तैयारियों में जुट गए हैं, लेकिन क्षेत्र के किसानों के लिए यह तैयारी अब चिंता और बेचैनी में बदल चुकी है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिलफिली, जयनगर समेत आसपास के कई समितियों में पिछले पांच-छह दिनों से इफको व डीएपी की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। किसान सुबह-सुबह उम्मीद लेकर समिति पहुंचते हैं, लेकिन शाम तक खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। स्थानीय किसान शिवलाल जो पिछले चार दिनों से समिति के चक्कर काट रहे हैं।पैसे हाथ में लेकर आते हैं, समिति में कतार में खड़े रहते हैं, मगर जब नंबर आता है तब कहा जाता है कि खाद खत्म हो गई है। सिर्फ शिवलाल ही नहीं, बल्कि दर्जनों किसान समितियों के बाहर खड़े होकर यही सवाल पूछते दिखे कि अगर सरकारी समिति से ही खाद नहीं मिलेगी, तो





किसान कहां जाएं। कृषि सीजन की शुरूआत में ही खाद संकट से बुआई पर पड़ा असर पड़ रहा है। इस समय धान, मक्का, कोदो, उड़द और सोयाबीन जैसी फसलों की बुआई का उपयुक्त समय चल रहा है।
किसानों को खेतों में खाद की आवश्यकता सबसे ज्यादा इन्हीं दिनों होती है। लेकिन खाद की अनुपलब्धता के चलते कई किसान बुआई शुरू ही नहीं कर पाए हैं, वहीं जिन्होंने बुआई शुरू की है, वे चिंता में हैं कि फसल को पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा। सरकारी समितियों में डीएपी व इफको खाद न मिलने के कारण कई किसान मजबूरी में निजी दुकानों का रुख कर रहे हैं, लेकिन वहां पर डीएपी, यूरिया और पोटाश जैसी खादें मनमाने दामों पर बेची जा रही हैं। इससे किसानों की लागत बढ़ रही है और मुनाफा घट रहा है। किसानों ने इस मुद्दे को लेकर जिला प्रशासन और कृषि विभाग के अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों से इस मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही खाद नहीं पहुंची, तो उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।इस समय जब देश भर में सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रही हैं, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि किसान खाद जैसी मूलभूत जरूरत के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। समिति प्रबंधकों का कहना है कि सप्ताह भर से डीएपी व इफको का किल्लत है। यह दोनों कम मात्रा में आया था, जो खत्म हो चुका है। वर्तमान समय में केवल यूरिया व सुपर फास्फेट उपलब्ध है। डीएपी व इफको हेतु बिश्रामपुर गोदाम में आरओ जमा हैं, मगर अभी तक उठाव नहीं हो सका है। गोदाम प्रभारी का कहना है कि डीएपी व इफको हमारे उपलब्ध नहीं है। सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने बताया कि डीएपी व इफको की कमी की जानकारी मिली है, जिसके लिए मैं जल्द ही विभागीय अधिकारियों से बात कर समस्या के निराकरण हेतु पहल करती हूं।

## राशन कार्ड धारकों के लिए जरूरी सूचना : 30 जून तक कराएं ई-केवायसी

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निदेर्शों के तहत एक राष्ट्र, एक राशन कार्डयोजना के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी राशनकार्ड धारकों के परिवारजनों का ई-केवायसी (द्व-्यङ्क्ष्ट) कराया जाना अनिवार्य है।
प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में ८१.५६ लाख राशन कार्ड प्रचलित हैं, जिनमें कुल २.७३ करोड़ सदस्य पंजीकृत हैं। अब तक २.३५ करोड़ सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण किया जा चुका है, जबकि ३८ लाख सदस्य अभी भी ई-केवायसी से वंचित हैं। हालांकि ५ वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवायसी से छूट दी गई है।जिले में कुल राशन कार्ड ३,००,७७६ है, जिसमें कुल सदस्य ९,३२,२२३ है, जिले में अब तक ई-केवायसी ७,९०,५७५ पूर्ण हो चुकें हैं, अबतक ई-केवायसी १,४१,६४८ शेष है, जिले में राशनकार्ड का ई-केवायसी ८५त्न प्रतिशत हुआ है।
आप भी कर सकते हैं ई-केवायसी
सभी उचित मूल्य दुकानों (स्नक्क्रस्) में संचालित ई-पॉस मशीनों के माध्यम से निःशुल्क ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा विकसित च्मेरा ई-केवायसीज् मोबाइल ऐप से भी हितग्राही घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं। ञ्शशद्दद्यद्द क्कद्यड्ड4 स्न्लृशह्ल् से च्मेरा ई-केवायसीच्ं ऐप डाउनलोड करें, राज्य का चयन करें और आधार नंबर दर्ज करें, मोबाइल पर प्राप्त ह्रञ्जक्क के माध्यम से सत्यापन करें और फेस ई-केवायसी प्रक्रिया पूरी करें।
जिले में सभी राशनकार्डधारी, जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, उन्हें ३० जून २०२५ की अंतिम तिथि से पहले ई-केवायसी पूर्ण कराना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के पश्चात ई-केवायसी नहीं होने पर राशन वितरण में असुविधा हो सकती है। खाद्य विभाग ने अपील की है कि सभी हितग्राही समय रहते अपना ई-केवायसी करवाकर योजनाओं का लाभ लें और परेशानी से बचें।

## धरती आबा अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर में विधायक राजेश अग्रवाल हुए शामिल

**लखनपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा जिले के लखनपुर के ग्राम केवरा क्लस्टर के जनपद कार्यालय प्रांगण में १७ जून दिन मंगलवार को दोपहर १२ बजे से धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत धरती आबा अभियान जागरूकता अभियान और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल जनपद अध्यक्ष शशि कला विक्रम सिंह, कुन्नी भाजपा मंडल महामंत्री विक्रम सिंह संहित अन्य जनपद प्रतिनिधि मौजूद रहे। विधायक राजेश अग्रवाल ने महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित





कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित पंचायत सचिवों के द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया तत्पश्चात विधायक राजेश अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजाति गौरव दिवस को गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। धरती आबा जागरूकता अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम ग्राम स्तर पर आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड ,जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मन निधि, जनधन खाता सहित १७ प्रकार की योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जाएगा साथ ही उन्होंने सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में भी विस्तार से बताया।
गौरतलब है कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लखनपुर विकासखंड में केवरा ,कुंवरपुर, कुन्नी, अमलभीत्ति, सिरकोतगा क्लस्टर बनाया गया है।शिविर के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार के १७ योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे ,कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज , एसडीओ प्रवीण कुमार खलखो, मंडल संयोजन अरविंद गुप्ता समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी पंचायत सचिव गण मौजूद रहे।

## जब विशाल मिश्रा ने कहा- मेरी फिल्मों के गाने सुनकर ही उन्होंने संगीत को करियर बनाया, वह मेरे लिए बहुत भावुक पल था: मोहित सूरी

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' अब तक के सबसे खूबसूरत म्यूजिक एलबम्स में से एक साबित हो रही है। टाइटल ट्रैक 'सैयारा' और जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया रोमांटिक गाना 'बर्बाद' के बाद अब फिल्म का तीसरा गाना 'तुम हो तो' रिलीज कर दिया गया है, जिसे इस समय देश के सबसे चर्चित युवा गायक विशाल मिश्रा ने गाया है।
मोहित सूरी ने खुलासा किया कि वे विशाल मिश्रा को १२ सालों से जानते हैं और जब उन्होंने सुना कि विशाल ने अपने कॉलेज के ब्रेकअप के समय मोहित के गानों को सुनकर संगीत को करियर बनाने का फैसला किया था, तो वो बेहद भावुक हो गए।
मोहित कहते हैं कि विशाल १२ साल पहले मुझसे मिलने आया था। तभी से हमने तय किया था कि एक दिन साथ में कुछ खास बनाएँगे। मुझे गर्व है कि यह मौका 'सैयारा' में मिला। जब विशाल ने कहा कि मेरे गानों ने उसे म्यूजिक को करियर चुनने की प्रेरणा दी, तो दिल भर आया। वे आगे कहते हैं कि जब आपको पता चलता है कि आपका काम किसी की जिंदगी को दिशा दे रहा है, तो वह बेहद खास एहसास होता है। संगीत आत्मा से जुड़ने वाला माध्यम है और मैं सौभाग्यशाली हूँ कि २० साल के अपने करियर में लोगों के दिलों में जगह बना पाया। विशाल जैसे कलाकार के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।



मोहित सूरी को विशाल की सफलता पर गर्व है। वे कहते हैं कि वह जब भी मुझसे मिलता था, कुछ स्क्रैच ट्रैक्स लाता था, उनमें जादू था। अब 'तुम हो तो' में उसने वही जादू दिखाया है। मुझे यकीन है कि यह उसका अब तक का सबसे रोमांटिक गाना साबित हो सकता है।
फिल्म 'सैयारा' में अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए चेहरों की शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है। फिल्म १८ जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वाईआरएफ और मोहित सूरी, दोनों ही रोमांटिक कहानियों के उस्ताद माने जाते हैं, और सैयारा से वे एक और यादगार प्रेम कहानी ला रहे हैं।

## छोटी खबरें

### जिले में खनिज के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने हेतु टॉस्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न, अभियान चलाकर रेत तस्करों पर करें कड़ी कार्यवाही - कलेक्टर

#### कोयले की चोरी रोकने संवेदनशील क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यवाही करने अधिकारियों को किया निर्देशित



**कोरबा अम्बिकावाणी** - कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण व विक्रय पर रोक लगाने हेतु जिला टॉस्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन हुई। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कोरबा मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, मनोज बंजारे, उप संचालक खनिज विभाग प्रमोद नायक, सीआईएसएफ के कमाडेंट एसडीएम, तहसीलदार पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण व विक्रय पर रोक लगाने हेतु अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अभियान चलाकर राजस्व व पुलिस विभाग आपसी समन्वय से उक्त कार्यो में संलिप्त लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में रेत उत्खनन के चिन्हाकित क्षेत्रो में पैनी नजर बनाए रखने एवं रेत तस्करों के विरुद्ध गम्भीरता से एक्शन लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु हितग्राहियों को रेत ले जाने की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से रेत के परिवहन करने पर विभाग द्वारा कार्यवाही को जाएगी। उन्होंने जनपद सीईओ के माध्यम से राजस्व व पुलिस विभाग को ग्रामीण क्षेत्रो के पीएम आवास हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही। जिससे रेत ले जाने वालों का पहचान किया जा सकें। उन्होंने रायल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही निर्माण एजेंसी/ठेकेदार के अंतिम देयक का भुगतान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने एसईसीएल के खनन प्रभावित क्षेत्रों में कोयले के अवैध उत्खनन वाले सवेंदनशील स्थानों में कोयले की चोरी रोकने हेतु माइनिंग, राजस्व, पुलिस एवं सीआईएसएफ की टीम को दंडात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही संचालित कोयला खदान क्षेत्रों से वाहन क्षमता अनुसार कोयला की निकासी सुनिश्चित करने एवं कोयला खदान क्षेत्र के भीतर तथा बाहर डम्प क्षेत्रों से कोयला चोरी के नियंत्रण हेतु एसईसीएल प्रबंधन व केंद्रीय सुरक्षा बल द्वारा प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत गोढ़ी, चोरभट्ठी, पोटापानी और पोंडीकला में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन आज

**कोरबा अम्बिकावाणी** - धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत १८ जून को विकासखंड कोरबा के ग्राम गोढ़ी कलस्टर में सम्मिलित ग्राम बेंदरकोना, डुमरडीह, भुलसीडीह, बुंदेली, गोढ़ी, गोड़मा, केसला, करमंदी, आंछीमार, करूमौहा, केराकछार, दरगा, मौहार, केरवा, ढेंगुरडीह, नकटीखार, पण्डरीपानी, पतरापाली, टेवानारा और ग्राम ठाकुरखेता के लिए हाईस्कूल गोढ़ी में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया है। इसी तरह विकासखंड करतला के ग्राम चोरभट्ठी कलस्टर में सम्मिलित ग्राम चोरभट्ठी, कछार, कलगामार, तराईमार, चांपा, मदवानी और चारमार के लिये ग्राम चोरभट्ठी, विकासखंड पाली के ग्राम पोटापानी कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पोटापानी, डूमरकछार, अलगीडांड, बगधरीडांड, माखनपुर, बनबांधा और मादन के लिए ग्राम पोटापानी और विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम पोंड़ीकला कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पनगंवा, समलाई, पिपरिया, पोंड़ीकला, धौंरामुड़ा, पुटीपखना, बीजाडांड, सेन्हा, बेलहिया, सिर्री के लिए ग्राम पोंड़ीकला में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम मातृत्व वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, उज्जवला योजना आदि सेवाओं के प्रदाय हेतु कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही लोगों को सिकलसेल बीमारी तथा उससे संबंधित जांच हेतु जागरूक किया जायेगा।

# कोरबा में शिक्षा को नई उड़ान- 108 स्कूलों को मिला नवनिर्माण का तोहफा, पाली पंचायत अब भी इंतजार में



**कोरबा अम्बिकावाणी** - प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने जिला प्रशासन ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) मद से १७ करोड़ ०८ लाख ९४ हजार रुपए की लागत से जिले के १०८ स्कूलों में नवीन भवनों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वर्षो से जर्जर और असुरक्षित भवनों में संचालित स्कूलों के स्थान पर अब आधुनिक और सुरक्षित भवन तैयार होंगे, जिससे हजारों बच्चों को बेहतर और शिक्षाप्रद माहौल में पढ़ाई का अवसर मिलेगा। जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने संबंधित विभागों को निर्माण एजेंसी के रूप में नियुक्त करते हुए कार्यो को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। योजना में जिले के सभी विकासखंडों की प्राथमिक और माध्यमिक शालाएं शामिल की गई हैं, जहां भवन की कमी से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

**पाली पंचायतः १५ साल से भवन का इंतजार, आज भी आंगनबाड़ी में पढ़ते हैं बच्चे**

जिला प्रशासन जहां जिलेभर में स्कूल भवन निर्माण की मुहिम को अमलीजामा पहना रहा है, वहीं पाली ग्राम पंचायत (जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा) आज भी एक अदद मिडिल स्कूल भवन के लिए संघर्ष कर रही है। जिला मुख्यालय से लगभग ११० किलोमीटर दूर स्थित यह पंचायत पिछले १५ वर्षो से मिडिल स्कूल भवन से वंचित है। स्थानीय बच्चों को कभी पंचायत भवन तो कभी आंगनबाड़ी केंद्र में बैठाकर पढ़ाया जाता है। बरसात में हालात और भी दयनीय हो जाते हैं—छत टपकती है, जगह नहीं होती, जिससे पढ़ाई बाधित होती है। पाली पंचायत के सरपंच सुमार सिंह मरकाम ने बताया कि उन्होंने कई बार जनदर्शन और समाधान शिविरों में मिडिल स्कूल भवन की मांग रखी, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जब शासन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करता है, तो वनांचल क्षेत्रों को उपेक्षित क्यों रखा जाता है?

**इन गांवों को मिली नई सौगात, स्वीकृत हुए भवन निर्माण कार्य**

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के खिरटी, परला, सारिसमार, सरभौंका, मेरई, पचरा, मानिकपुर, कोडगार, पसान, दरीर्पारा, बालमपुर, पोड़ीकला, सैला, अडसरा, रानीअटारी, जटगा, साखो, मदनपुर, कटोरीनगोई, घुंचापुर, मोरगा, गुड़रूमुड़ा, धजाक, मिसिया, सिंधिया, केन्दई, रामभांठा, टिहलीसराई, लेपरा, सिर्री, लैंगी, लाद, अटारी, सुतर्रा, अमलडीहा, गिधमुड़ी, कुम्हारीसानी, नगोईबछेरा, कोनकोना, खोडरीप, अमलीकुंडा, मातिन आदि ग्राम पंचायतों के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में १५ लाख से लेकर १६.६० लाख रुपये तक की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें कई स्थानों पर पुराने भवनों का विनिष्टीकरण कर नवीन भवनों का निर्माण प्रस्तावित है।

**अब भी जरूरतमंद पंचायतों की अनदेखी क्यों?**

पाली पंचायत जैसे क्षेत्र जो वर्षो से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्षरत हैं, उन्हें इस योजना में क्यों शामिल नहीं किया गया, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि पाली मिडिल स्कूल भवन का प्रस्ताव शीघ्र स्वीकृत किया जाए, ताकि उनके बच्चों को भी एक सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिल सके। शासन और प्रशासन पर लोगों का भरोसा तभी कायम रहेगा, जब विकास की रोशनी हर गांव, हर बच्चे तक समान रूप से पहुंचेगी।

# बालको के ग्रीष्मकालीन शिविर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास को दिया बढ़ावा





**कोरबा अम्बिकावाणी** - वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य बच्चों में सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और कौशल निर्माण को बढ़ावा देना था। दो चरणों में आयोजित शिविर में इस वर्ष ६०० से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यह बालको की कर्मचारी कल्याण एवं सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' के अंतर्गत कंपनी ने १४ दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया, जिसमें कक्षा ६ से १२ तक के २०० से अधिक छात्र शामिल हुए। ये छात्र आस-पास के सरकारी स्कूल में अध्ययनरत हैं। 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' का उद्देश्य इन स्कूलों में सीखने के माहौल को बेहतर बनाना है, जिसमें छात्र प्रदर्शन में सुधार, शिक्षकों की क्षमताओं का निर्माण और विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और लेखाशास्त्र (सेमा) जैसे विषयों में करियर मार्गदर्शन शामिल है। ग्रीष्मकालीन शिविर में शैक्षिक सत्र के साथ-साथ कैलिग्राफी, चित्रकला, नृत्य, व्यक्तित्व विकास और आत्मरक्षा जैसे रचनात्मक और जीवन कौशल से जुड़े सत्र आयोजित किए गए। इन सत्र का संचालन कंपनी के कर्मचारी स्वयंसेवकों ने किया। बालको टाउनशिप में कर्मचारियों के बच्चों के लिए साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ४०० से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह शिविर बालको की जीवन गुणवत्ता को बढ़ाने की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। इस शिविर में मजेदार और शिक्षाप्रद गतिविधियों के साथ-साथ योग, गुड टच-बैड टच जागरूकता और रचनात्मकता को विकसित करने वाले सत्र का आयोजन किया गया। बालको के कर्मचारी और इंटर्न्स ने सत्र का संचालन कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बच्चे हमारे बेहतर भविष्य की आशा हैं और इस आशा को स्नेह, अवसर और प्रेरणा के साथ पोषित करना हमारी जिम्मेदारी है। बालको में हम अपने टाउनशिप और आस-पास की समुदाय को अपनी साझा उद्देश्य का हिस्सा मानते हैं। हमें एक ऐसा वातावरण तैयार करना, जहां हर बच्चे को समग्र विकास के अवसर मिलें। सरकारी स्कूल की प्रतिभागी छात्रा अंजलि साहू ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट कनेक्ट ने साल भर मेरी पढ़ाई में बहुत मदद की है। ग्रीष्मकालीन शिविर ने व्यक्तित्व विकास और आत्मरक्षा जैसे उपयोगी सत्रों के माध्यम से और भी ज्यादा लाभ पहुंचाया। इन सत्रों ने पढ़ाई को मजेदार बना दिया और मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और समग्र विकास के लिए एक मंच प्रदान करता है। बालको, समावेशी और समृद्ध अनुभवों के माध्यम से अगली पीढ़ी को स्नेहपूर्वक संवारते हुए, अपने कर्मचारियों और समुदाय के साथ परस्पर सहयोग की भावना को और मजबूत किया है।

### ₹एक राष्ट्र एक राशनकार्ड₹ योजना अंतर्गत 30 जून तक ई-केवायसी पूर्ण कराना अनिवार्य

**रायपुर**। भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निदेर्शानुसार "एक राष्ट्र एक राशनकार्ड" योजना के अंतर्गत जिले में सभी लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना अनिवार्य किया गया है। खाद्य नियंत्रक श्री भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में कुल 6,45,681 राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिनमें 22,31,425 सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 18,78,701 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है, जबकि 3,52,724 सदस्यों का ई-केवायसी बाकी है। सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों ने अब तक ई-केवायसी नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी ई-केवायसी पूर्ण करलें।

### सांप डसे तो झाड-फूक में समय न गवाएं, शीघ्र अस्पताल पहुंचे

**कोरबा अम्बिकावाणी** - कोरबा जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण, बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा वर्षा का पानी जब उनके बिलों में भर जाने के कारण अपने भोजन की तालाश में जहरीले कीट, सांप बिच्छु सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बाहर आ जाते हैं तथा भोजन की खोज में घरों में घुस जाते हैं और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। जिससे सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती हैं । सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में चिकित्सा विज्ञान पर विश्वास नहीं रखते है तथा बैगा गुनिया से झाड-फूक कराते हैं एवं अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण असमय कालकवलित हो जाते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि झाड़-फूक से किसी भी सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की जान नही बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण संर्पदंश के मामलों में झाड-फूक में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़ितों को चिकित्सालय लाया जाता है, जिससे ऐसे प्रकरणों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश के प्रकरणों में बचाव हेतु जनसामान्य में जागरूकता लाने हेतु विभागिय स्तर पर सभी अधिकारियों /कर्मचारियों को नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा देने व सजग रहने की हिदयत दी गई है। वर्तमान स्थिती में जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सामु.स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों का निःशुल्क ईलाज हेतु पर्याप्त मात्रा मे दवाईयां (एण्टी स्नेक वेनम )उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सर्पदंश के अप्रत्याशित प्रकरणों में कमी लाने व बचाव के सारगर्भित उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि -अगर आप घर से बाहर जा रहे हैं और उस क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी नहीं है, तो अपने साथ टार्च अवश्य रखें तथा जूते अवश्य पहनें। घरों में समुचित प्रकाश की व्यवस्था बनाए रखें। घरों में कूड़े करकट का ढेर लगाकर न रखें। शयन कक्ष में भोजन सामग्री , धान आदि न रखें, ताकि चूहे का आना कम हो। आपके पड़ोस या आस-पास के इलाके में सांप के काटने की स्थिति में घबराएं नही, घबराने से हृदय गति बढ़ सकती है और सर्पदंश के शिकार व्यक्ति के लिए यह घातक साबित हो सकता है, क्योंकि इससे विष तेजी से पूरे शरीर में फैल सकता है। सर्पदंश वाली जगह के उपरी हिस्से को कपड़ा या रस्सी से न बांधे। अधिकांश परिस्थितियों में बेहद हानिकारक हो सकती है। सांप के काटने वाली जगह पर कुछ भी बॉधने से उपचार के लिए हटाये जाने पर विष का तेजी से असर हो सकता है। सर्पदंश से प्रभावित अंग को हिलाए डुलाएं नहीं । हिलाने - डुलाने से शरीर के अन्य अंगों में जहर तेजी से फैल सकता है। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को काटने वाली जगह के आसपास काटे और जलाएं नहीं। झोलाछाप चिकित्सक या झाड़-फूक के पास न जावें। सांप के काटने का एकमात्र इलाज अस्पताल में दिए जाने वाले एंटीवेनम के माध्यम से होता है। सर्पदंश पश्चात नजदीकी सामु.स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला चिकित्सालय में बिना विलंब किए चिकित्सक से परीक्षण व उनके सलाह के अनुसार तत्काल उपचार करावें। कलेक्टर अजीत वसंत व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश के मामले में तत्परतापूर्वक नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में नि-शुल्क उपचार प्राप्त करें, जिससे सर्पदंश से असामयिक मृत्यु की रोकथाम हो सके। साथ ही ऐसे आपात स्थितियों पर क्षेत्र के आर.एच.ओ. या मितानिन से संपर्क कर सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहूँचाये।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ० ग०)**

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2025-26/213 — सूरजपुर, दिनांक 17.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) में कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर में मुहरबंद निविदा तीन लिफाफा पद्धति अनुसार पंजीकृत डाक से कृषि उपज मंडी समिति सूरजपुर के कार्यालय में दिनांक 08-07-2025 तक कार्यालयीन समय 5:30 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02-07-2025 तक कार्यालयीन समय में कृषि उपज मंडी समिति सूरजपुर से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 09.07.2025 को दोपहर 03:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष मंडी समिति सूरजपुर में खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि रुपये में | श्रेणी | निविदा प्रपत्र का कीमत रुपये में | समयावधि | दर अनुसूचि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धान उपार्जन केन्द्र टमकी में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | लोक निर्माण विभाग भवन कार्य दिनांक 01.01.15 से प्रभावशील एस.ओ. आर. |
| 2 | धान उपार्जन केन्द्र कंचनपुर में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 3 | धान उपार्जन केन्द्र कंदरई में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 4 | धान उपार्जन केन्द्र सिरसी में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 5 | धान उपार्जन केन्द्र करौटी बी में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 6 | धान उपार्जन केन्द्र केश्वनगर में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 7 | धान उपार्जन केन्द्र बकीरमा में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 8 | धान उपार्जन केन्द्र खोपा में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 9 | धान उपार्जन केन्द्र बतरा में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 10 | धान उपार्जन केन्द्र सांवारावां में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |
| 11 | धान उपार्जन केन्द्र कुरीर्डीह में पक्के फड निर्माण कार्य साईज (60.20×7.20) | 8.81/- | 10000/- | 'द' एवं उच्च वर्ग | 1000/-रू. | 03 माह | |

**शर्ते**

1. निविदा प्राप्त करने के लिये वैध पंजीयन, पैन कार्ड, शपथ पत्र, बैंक साल्वेंसी मूल लागत का 15 प्रतिशत जो 12 माह से पुराना न हो, जी.एस.टी. पंजीयन की मूल प्रति एवं श्रम कल्याण मण्डल (ई.पी.एफ.) का पंजीयन प्रमाण पत्र अवलोकन हेतु एवं नोटरी द्वारा सत्यापित छायाप्रति जमा उपरांत एवं निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरांत ही निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। 2. कार्यो के सम्मुख दर्शित अमानत राशि का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति सूरजपुर को देय होगी, ही स्वीकार किये जा सकेंगे। 3. समस्त दस्तावेजों में नोटरी द्वारा सत्यापित ही मान्य होगा। 4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा 5. निविदा प्रपत्र भरते समय निविदा दर के कॉलम में अंकों में तथा शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित करें। ओव्हर राईटिंग/सफेदा (व्हाईटनर) का उपयोग मान्य नहीं होगा। 6. निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति सूरजपुर को सुरक्षित होगा। 7. आपके समस्त दस्तावेज सही पाए जाने पर निविदा खोली जावेगी। 8. निविदा से संबंधित अन्य जानकारियॉ कार्यालयीन समय में दिनांक 02-07-2025 तक देखी जा सकती है।

(अलीजान कुजूर)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

(आर. डी. भगत)
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202506020700018/**

मामले की श्रेणी :- राजस्व
विषय:- अ-6 सन:- 2024-2025
लब्जी (प.ह.नं. 00027),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-जुगलाल कुजूर
अनावेदक पक्षकार-सुकुल,

**ईश्तहार**

आवेदक जुगलाल कुजूर आ० सुकूल व अन्य निवासी ग्राम लब्जी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम लब्जी स्थित कुल खसरा नंबर 14 कुल रकबा 1.716 हे० भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत खातेदार सुकुल का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/06/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/06/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील, अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) को ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कान्ति शर्मा पति श्री अरविन्द कुमार शर्मा जाति लोहार निवासी नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा ग्राम वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर स्थित अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ख०नं०1322/8 रकबा 0.02 हे० भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांक 30/06/2025 तक इस न्यायालय में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है, समय-सीमा के बाद के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
वाड्रफनगर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

**न्यायालय नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**//ईश्तहार//**

रा0प्र0क्र0 - 202506021700016/अ-27/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कवल साय आ० प्रेमसाय, जाति रजवार, निवासी ग्राम मेंण्ड्राखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० द्वारा द्वारा ग्राम मेंण्ड्राखुर्द स्थित भूमि कुल खसरा नं० 18 कुल रकबा 2.4280 हे० भूमि का आपस में खाता विभाजन कराने के संबंध में आवेदन छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 178 के तहत् प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 03/07/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा०प्र०क्र० 202411020700107/ब-121/2024-25

**प्रस्तावित नक्शा का अंतिम ईश्तहार प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा०प्र०क्र० 202411020700107/ब-121/2024-25 राकेश कुमार शुक्ला प्रति छ.ग. शासन में ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4758/1 रकबा 1.121 हे. भूमि का नक्शा बटांकन कर राजस्व निरीक्षक के माध्यम से मंगाया गया। जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः उक्त नक्शा बटांकन में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/06/2025 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार अम्बिकापुर,
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

मैं रविन्द्रनाथ बिन्द पिता स्व. शिवनारायण, आयु 61 वर्ष, निवास श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड फुन्दूरडिहारी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) निम्न कथन करता हूँ-

मैं प्रतापपुर वि.खं. अंतर्गत धरमपुर में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हूं। यह कि मेरे सर्विस प्रपत्रों में मेरा नाम रविन्द्रनाथ दर्ज हो गया है, जबकि सही नाम रविन्द्रनाथ बिन्द है, जो आधार कार्ड व अन्य सक्षम प्रपत्रों में अंकित है।

मेरे सर्विस बुक मैं मेरा सही नाम रविन्द्रनाथ बिन्द दर्ज कराए जाने शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूँ।

अतः मुझे रविन्द्रनाथ के जगह रविन्द्रनाथ बिन्द के नाम के जाना जाय।

रविन्द्रनाथ बिन्द
पिता स्व. शिवनारायण
श्यामा प्रसाद मुखर्जी
वार्ड क्र.03 अम्बिकापुर,
जिला सरगुजा (छ.ग.)

C M Y K

# अम्बिकावाणी

अम्बिकापुर, बुधवार 18 जून, 2025



संपादकीय

## चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका

*कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग के आरोप में लिखे लेख पर चुनाव आयोग ने प्रतिक्रिया दी। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में बीते साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के दावों को खारिज किया। कहा कि अनुकूल चुनाव परिणाम न मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका है।*

*गांधी के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्ल्यूप्रिंट था, जो बिहार में होने वाले चुनाव में भी दोहराया जाएगा। उन्होंने लिखा, मैच फिक्स किए चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर हैं। जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाए मगर इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है। आयोग ने अपने बयान में कहा, कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि हजारों प्रतिनिधियों को बदनाम और लाखों कर्मचारियों को हतोत्साहित करती है। राहुल ने आयोग के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा-आप संवैधानिक संस्था हैं। मध्यस्थों को बिना हस्ताक्षर वाले, टालमटोल वाला नोट जारी करना गंभीर सवालों का जवाब देने का तरीका नहीं है। हालांकि राहुल को आरोपों के पुख्ता सबूत देने के प्रयास भी करने चाहिए। महाराष्ट्र के मतदाताओं में 8त्न की वृद्धि पर कांग्रेस ने उसी वक्त आपत्ति दर्ज की थी। सत्ता पक्ष का कहना है कि चुनाव में करारी हार को विपक्ष गले नहीं उतार पा रहा। इसलिए आरोप गढ़ कर मोदी सरकार को बदनाम करने का काम कर रहा है। चुनाव आयोग संविधान द्वारा स्थापित संवैधानिक निकाय होने के बावजूद मोदी सरकार के विभिन्न निर्णयों के बाद कई मौकों पर विवादों में आता रहा है। स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव का दारोमदार अंततः आयोग पर होता है। मगर पूर्व में चुनाव आयुक्त रह चुके सुकुमार सेन, टीएन शेषन और जेएम लिंग्दोह की तरह कोई भी संस्था की प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण रखने में सफल नहीं हो सका। बात भाजपा नेताओं के सांप्रदायिक भाषणों की हो, इलेक्टोरल बॉन्ड या वोट संख्या की बजाय प्रतिशत जारी करने की, बार-बार आयोग पर पक्षपाती होने का आरोप लगा जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उसे पक्षपाती नहीं होना चाहिए। नियमों की अनदेखी या उपेक्षा पर सभी दलों को फटकार लगाने और जवाबतलबी में संकोच नहीं करना चाहिए। राजनेताओं के तरीके बदल रहे हैं। वे वोट के लोभ में असंवैधानिक और निंदनीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं। वोट प्राप्ति के लिए दांव-पेंच करते हैं जिस पर आयोग को कड़ी आपत्ति करनी चाहिए।*

## भारत में तकनीकी वस्त्र का बढ़ता दायरा: एनटीटीएम और पीएलआई ने बदली तस्वीर

गिरिराज सिंह

***कुछ साल पहले, तकनीकी वस्त्रों को एक सीमित खंड के रूप में देखा जाता था। इसका दायरा सीमित था, इसमें कम निवेश किया जाता था और आयात पर यह बहुत अधिक निर्भर था लेकिन आज, यह भारत के औद्योगिक परिवर्तन के केंद्र में हैं। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है। यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप अपनाई गई रणनीति, नीतिगत दूरदर्शिता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का परिणाम है। चाहे कोविड-19 संकट के दौरान पीपीई उत्पादन को बढ़ाना हो, स्वदेशी सुरक्षात्मक गियर के साथ सशस्त्र बलों को सुसज्जित करना हो या ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति करना हो, तकनीकी वस्त्रों ने राष्ट्रीय तैयारियों और औद्योगिक प्रगति के कारक के रूप में अपनी भूमिका का प्रदर्शन किया है।***

**श्रेष्ठ से रणनीतिक तक: नीतिगत अनिवार्यता**

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की समीक्षा बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया, जब मुझे इसरो के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ से बातचीत करने का अवसर मिला। उन्होंने कार्बन फाइबर, अल्ट्रा-हाई मॉलिक्यूलर वेट पॉलीइथिलीन और नायलॉन 66 जैसे उच्च प्रदर्शन वाले एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सामग्री की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। उनका संदेश स्पष्ट था: भारत को इस क्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता को कम करने के लिए और हमारी वैज्ञानिक उन्नति के अगले स्तर के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए इन क्षेत्रों में स्वदेशी क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए। इस बातचीत के दौरान प्रयोगशालाओं से लेकर लॉन्चपैड तक भारत की विकास गाथा में तकनीकी वस्त्रों के रणनीतिक महत्व को भी रेखांकित किया गया।

**लैब से लेकर लॉन्चपैड व युद्ध के मैदान तक**

रक्षा क्षेत्र ने भी इस परिवर्तन के रणनीतिक मूल्य को महसूस करना शुरू कर दिया है। उदाहरण के लिए हाल ही में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर को लें, जहां सुरक्षात्मक कपड़ों और बैलिस्टिक गियर से लेकर छलावरण वाले कपड़ों और रासायनिक-जैविक सुरक्षा सूट तक तकनीकी वस्त्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चूंकि हमने घरेलू क्षमता निर्माण में जल्दी निवेश करना शुरू कर दिया था, इसलिए आज हम अपने रक्षा क्षेत्र को न केवल जनशक्ति के साथ, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली सामग्री के साथ मदद पहुंचाने में सक्षम हैं, जिसे भारतीय धरती पर विकसित और निर्मित किया गया है।

**तकनीकी वस्त्रों को समझें**

तकनीकी वस्त्र वे विशेष प्रकार के कपड़े होते हैं, जो सौंदर्य की बजाय कार्यक्षमता के लिए बनाए जाते हैं जिन्हें अक्सर जीवन रक्षक या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के तहत कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें बुलेट-प्रतिरोधी जैकेट, अग्निरोधी वर्दी, सर्जिकल गाउन, किसानों के लिए एंटी-बैक्टीरियल शीट, सड़क-सुदृढ़ीकरण जियो-ग्रिड और बहुत कुछ शामिल हैं। यह क्षेत्र जियोटेक, मेडिटेक, प्रोटेक, एग्रोटेक और बिल्डटेक सहित 12 प्रमुख खंडों में फैला हुआ है। 2024 तक, भारत के तकनीकी वस्त्र बाजार का मूल्य 26 बिलियन अमरीकी डॉलर था। हम 2030 तक 40-45 बिलियन अमरीकी डॉलर को छूने की राह पर हैं, जो 10-12 प्रतिशत की आकर्षक वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर तकनीकी वस्त्र, कुल कपड़ा उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है जबकि भारत में यह आंकड़ा केवल 11 प्रतिशत है। हालांकि सही दिशा में प्रयास करने से हम इस अंतर को तेजी से कम कर रहे हैं।

**विकास को गति देने के लिए प्रमुख सरकारी पहल**

इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए, भारत सरकार ने दो प्रमुख पहलों- राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) और वस्त्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से कुल 12,000 करोड़ रुपए का परिव्यय किया है। ये कार्यक्रम अलग-अलग काम करने के बजाय, साथ मिलकर, भारत को तकनीकी वस्त्रों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में बदल रहे हैं। एनटीटीएम के तहत, हम अनुसंधान और नवाचार में केंद्रित निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। 510 करोड़ रुपए की सरकारी मदद के साथ कुल 168 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से कई पहले ही प्रयोगशाला से बाजार में आ चुकी हैं जिनमें फायर एंट्री सूट का विकास और भू-वस्त्रों के लिए परिपत्र बुनाई तकनीक शामिल हैं।

**एनटीटीएम: नवाचार को बढ़ावा देना और कौशल प्रदान करना**

आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से प्रेरित, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन नवाचार और कौशल विकास के लिए मजबूत नींव रख रहा है। वहीं 17 स्टार्टअप को ग्रेट (तकनीकी वस्त्रों में महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान) योजना के तहत सहायता मिली है। 2,000 से अधिक छात्र 41 शीर्ष संस्थानों में तकनीकी वस्त्र पाठ्यक्रम कर रहे हैं जो 16 उद्योग-आधारित कौशल मॉड्यूल द्वारा समर्थित हैं और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार दे रहे हैं।

**मांग पैदा करना, वैश्विक उपस्थिति को बढ़ावा देना**

मुख्य स्तंभ के रूप में बाजार विकास के साथ, एनटीटीएम घरेलू स्तर पर अपनाने के साथ-साथ वैश्विक पहुंच का भी विस्तार कर रहा है। स्वास्थ्य सेवा, कृषि, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में 73 तकनीकी वस्त्र सामग्रियों के अनिवार्य उपयोग ने उन्हें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एकीकृत किया है। भारत टेक्स 2025 सहित 30 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों ने भारत की स्थिति को मजबूती दी है। इस बीच, कुल मिलाकर मानव निर्मित कपड़ा निर्यात 2020-21 में 4.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 5.3 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। वहीं आयात में कमी से बढ़ती आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धात्मकता का संकेत मिलता है।

**प्रदर्शन को नीति से जोड़ना: पीएलआई ढांचा**

निजी क्षेत्र में, प्रदर्शन को पुरस्कृत किया जाता है। जो लोग लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने और देश के रोजगार परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यही सिद्धांत अब उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से हमारी औद्योगिक नीति को दशार्ता है। यानी प्रोत्साहन अब सब्सिडी नहीं, बल्कि प्रदर्शन से जुड़े पुरस्कार हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए, विनिर्माण को एक मिशन की तरह माना जाना चाहिए, जिसमें स्पष्ट मीट्रिक, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और विकासोन्मुख मानसिकता हो।

एनटीटीएम और पीएलआई साथ मिलकर एक दोहरे इंजन का काम करते हैं: जहां एनटीटीएम अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से नींव रखता है, पीएलआई योजना विकास को गति दे रही है। योजना के तहत चयनित 80 कंपनियों में से आधे से अधिक (ठीक 56.75 प्रतिशत) तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह उद्योग के आत्मविश्वास का एक मजबूत संकेतक है। इस समर्थन की बदौलत, हमने 7,343 करोड़ रुपए का नया निवेश देखा है जिससे 4,648 करोड़ रुपए का प्रभावशाली कारोबार और 538 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है। सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, कपड़ा मंत्रालय ने सक्रिय कदम उठाए हैं। हमने तीन मौकों यानी जून 2023, अक्टूबर 2024 और फरवरी 2025 पर तकनीकी वस्त्रों के लिए एचएसएन कोड जारी किए और सीमा शुल्क और अनुपालन को स्पष्ट करने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी जारी किए। फरवरी 2025 में हुए एक महत्वपूर्ण संशोधन के कारण कुल 54 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन संवितरण समय से पहले संभव हुआ।

हमारी महत्वाकांक्षाएं, घरेलू सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। इन क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, यह योजना भारत को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे अग्रणी वैश्विक कपड़ा निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार कर रही है।

अब तक का प्रभाव

हमारी संयुक्त पहलों का असर पहले से ही दिखाई दे रहा है। तकनीकी वस्त्रों के लिए भारत का घरेलू बाजार 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात 2.9 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। मार्च 2025 तक, हमने 5,218 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है और 8,500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजित किया है। अकेले तकनीकी वस्त्रों ने 3,242 करोड़ रुपए का कारोबार किया है जिसमें 217 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल है। ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी रणनीति काम कर रही है।

**सतत और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर**

स्थिरता और चक्रीयता भारत की तकनीकी वस्त्र रणनीति के केंद्र में हैं। जूट, भांग, रेमी, कपास, रेशम और यहां तक कि मिल्कवीड जैसे प्राकृतिक रेशों को उच्च-प्रदर्शन अनुप्रयोगों के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हुए हमारे किसानों और उद्योगों को सशक्त बना रहे हैं। प्रकृति-आधारित समाधान, शक्तिशाली उपाय के रूप में उभर रहे हैं जो पारंपरिक रेशों के साथ नवाचार को मिलाते हैं। उदाहरण के लिए, कश्मीरी पश्मीना से निकलने वाले कचरे का उपयोग अब इंसुलेशन बनाने में किया जाता है, कपास और रेशम का उपयोग घाव की ड्रेसिंग और ऊतक इंजीनियरिंग में किया जा रहा है और रेशम का उपयोग 3डी प्रिंटिंग में किया जा रहा है। जूट बायोडिग्रेडेबल मेडिकल इम्प्लांट, ऑटोमोबाइल के लिए हल्के कंपोजिट फाइबर, पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री और टिकाऊ फर्नीचर बनाने में सक्षम है। साथ ही, हम घरेलू मशीनरी विनिर्माण को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसके तहत 68,000 करोड़ रुपए मूल्य के सामान के उत्पादन के लिए 25 परियोजनाएं चल रही हैं। इनसे निर्यात में 6,700 करोड़ रुपए का योगदान मिलने की उम्मीद है जो वास्तव में आत्मनिर्भर और टिकाऊ औद्योगिक भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारत न केवल वैश्विक तकनीकी वस्त्र आंदोलन में भाग ले रहा है, हम इसका नेतृत्व करने के लिए खुद को तैयार भी कर रहे हैं। एनटीटीएम और पीएलआई की संयुक्त शक्ति के साथ, हम नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, रोजगार पैदा कर रहे हैं, निर्यात को मजबूत कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती ला रहे हैं। हमारे रक्षा और कृषि क्षेत्रों को मदद देने से लेकर बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण तक, तकनीकी वस्त्र भारत के लिए एक नई औद्योगिक पहचान को आकार दे रहे हैं और यह केवल एक शुरूआत है।

लेखक केंद्रीय कपड़ा मंत्री हैं

## ईरान पर इसराइल का मिसाइलों से हमला, मध्य एशिया में तबाही संकेत?

अजय दीक्षित

*13 जून को जब ईरान की राजधानी तेहरान में सुबह 7 बजे इजरायली मिसाइलों और ड्रोन के हमलों से लगभग 1000 वर्ग किलोमीटर में भीषण विस्फोट हुए इन हमलों में 78 सेना के कमांडर और कई वैज्ञानिक मारे गए।*

नीयह संयोजित हमला था।तेल अबीब में इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह हमला हमने किया है और इस तरह के और भी हमले इसराइल ईरान के न्यूक्लियर कार्यक्रम को नेस्तानाबूद करने के लिए करता रहेगा जब तक कि पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता है।दूसरी ओर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खुमैनी ने कहा कि इसराइल को खून के आंसू रोने पड़ेंगे।ईरान इसराइल से पूरा बदला लेगा उन्होंने इस हमले को अमेरिका की घृणित नीति बताया है। शुक्रवार की नमाज में ईरान ने नागरिकों की एक जुटाता दिखाई।

मध्य एशिया में अब हालत बहुत खराब होने वाले हैं। आज के हमलों के बाद अंतराष्ट्रीय तेल बाजार में क्रूड ऑयल के दाम आठ फीसदी बढ़ गए हैं क्योंकि ईरान , लीबिया, सीरिया, लेबनान, सऊदी अरब, कतर, यमन, दोहा, कुवैत, इसराइल,इराक क्रूड ऑयल के सबसे बड़े उत्पादक देश हैं।पूरे विश्व में क्रूड ऑयल इन देशों से निर्यात किया जाता है। पहले ही विगत डेढ़ साल से हमास और इसराइल युद्ध चल रहा है।हमास पालिस्टिन के शासक है। पालिस्टिन में हालत बहुत खराब है।गाजा में बड़े, बच्चे, बुजुर्ग भूखे मर रहे हैं। लोग अंतराष्ट्रीय राहत सामग्री को लूट रहे हैं और इजरायली सेना की गोलियों का शिकार बन रहे हैं।

इसराइल और अमेरिका दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं

ताजा मामला में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कि हमारा इस हमले कोई लेना देना नहीं है। लेकिन अमेरिका ईरान से कहना चाहते हैं कि ईरान को न्यूक्लियर कार्यक्रम के बारे में जानकारी देना चाहिए।अगर इजरायल का अस्तित्व इससे जुड़ा है तो इजराइल को विश्वास में लिया जा सकता है

## सारी माया कुर्सी की, गद्दी की

यों यह सवाल गलत है। इसलिए क्योंकि हम हिंदुओं में महिमा 'गद्दी की है विचार की नहीं! 'गद्दीइ याकि 'आसनइ जो होता है उस पर कोई भी बैठे वही फिर सर्वज्ञ है, देवज्ञ है। तब दिमाग और विचारने की भला क्या जरूरत। गद्दी 'प्रधानमंत्रीइ की हो या मुख्यमंत्री, पीठ या मठ विशेष की। या फिर कोलकत्ता के कपड़ा बाजार में दुकानदार या औद्योगिक घराने की 'गद्दीइ। जो भी गद्दी पर बैठा वह 'गद्दीइ की विरासत, शक्ति, दिमाग से ईश्वर और मालिक बना होता है। 'गद्दीइ की वाणी ही तब व्यक्ति के मुंह से सुनाई देगी।

इसलिए गुजरे सप्ताह जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर के संघ मुख्यालय गए, मोहन भागवत से सीधे मुलाकात की तो चर्चा स्वभाविक थी कि प्रधानमंत्री की गद्दी पर विराजमान नरेंद्र मोदी और आरएसएस की गद्दी के प्रमुख मोहन भागवत में क्या बात, क्या विचार हुआ? ध्यान रहे प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी यों तीन-चार दफा नागपुर गए है लेकिन वे कभी संघ मुख्यालय नहीं गए। पहली बार वे माधव नेत्रालय के प्रीमियर सेंटर की आधारशिला के कार्यक्रम के बहाने संघ मुख्यालय गए। मेरा मानना है ऐसा होना नरेंद्र मोदी के शुकराचार्य महाराज सुरेश सोनी के समझाने से हुआ होगा। आखिर प्रधानमंत्री का एक साल और पूरा होने को है। उन्हे पार्टी का नया अध्यक्ष तय करना है। तो उससे पहले औपचारिकता के ही खातिर मैसेज बनना चाहिए कि वे तो संघ के ही है। उनका फैसला संघ का फैसला। सो अब वे किसी को भी अध्यक्ष बनाएंगे तो सभी मानेंगे मोहन भागवत से पूछकर किया होगा। फालतू की बाते है। नरेंद्र मोदी एकमेव वैसे ही आज सर्वेश्वर है जैसे नेहरू प्रधानमंत्री बनने के बाद कांग्रेस संगठन और गांधी के आईडिया के परम पितामह थे। मैं इन दिनों भारत के सभी प्रधानमंत्रियों का इतिहास खगाल रहा हूं। और सत्व-तत्व यही निकलता है कि हिंदुओं की नियति है सत्ता की अधीनता। तभी नेहरू ज्योंहि अंतरिम प्रधानमंत्री बने, सरदार पटेल उनके गृहमंत्री हुए तो उस समय का रिकार्ड है कि दोनों ने गांधी की अनसुनी की। 1947 से पहले ही गांधी के डायलाग थे झ मैं वर्तमान कांग्रेस नेतृत्व को चुनौती नहीं दे सकता। मैं क्या कर सकता हूँ?

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1355



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 21 जुलाई 1969 को अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे जो इस देश के है (4)
5. यथेष्ट, जरूरत से ज्यादा (3)
7. शास्त्रीय संगीत में एक राग (6)
9. धनुषधारी, शारंगधारी (4)
11. सप्ताह के दिनों में से एक (2)
12. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
14. सुंदर, रूपवान, संगीतकार नौशाद के पसंदीदा गीतकार (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
15. मशगूल, कार्य में लगा हुआ (2)
17. आदर्शवादी, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली एक फिल्म (3)
19. सच्चरित्र, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठन, शक्ति (2)
21. मार्ग, पथ, रास्ता (2)
22. बहुत बड़ा, उच्च, उत्तम (3)
23. इस्मत, प्रतिष्ठा, इज्जत (3)
24. हैसियत, भूगर्भसंस्तर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मेहमान, शुभागंतुक (3)
2. एकता, मित्रता, डाक (अंग्रेजी) (2)
3. सिफारिश, को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
4. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
5. असुंदर रंग वाला, विवर्ण (4)
6. शिष्टता, नम्रता, सभ्यीकरण (3)
8. इलाहाबाद के मशहूर वकील जो जलियांवाला बागकांड के बाद 19191 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष बने (7)
10. देने योग्य, देय, नैवेद्य, प्रदेय (3)
13. दुर्भाग्यशाली, शामत का मारा (4)
16. गले में पहनने का हार (4)
18. स्थित, दशा, अवस्था (2)
21. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
22. आनंदशील, आनंदित, मदोन्मत (2)

**वर्ग पहेली 1354 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | सी | रू | दी | न | शा | ह | |
| सी | र | त | | म | द | र | सा |
| ब | | | ता | क | | फ | ल |
| | गु | म | रा | ह | | | गि |
| क | ल | म | | रा | ह | ब | र |
| ला | | ता | ली | म | | रा | ह |
| | य | म | | | | ब | |
| | क्ष | य | | ड | का | र | |

## एकदा

### जनता को करारा झटका



दुनिया भर में शेयर बाजार के जबरदस्त तरीके से लुढ़कने के सदमे के दरम्यान ही सरकार ने जनता को घरेलू गैस सिलेंडर में पचास रुपये का इजाफा कर करारा झटका दिया।


उपभोक्ताओं को इस वृद्धि के बाद प्रति सिलेंडर 853 या 879 रुपये देने होंगे जो अब तक क्रमशः दिल्ली में 803 रुपये या कोलकाता में 829 रुपये में मिल रहा था। उज्जवला योजना के तहत मिलने वाला 14.2 किग्रा. का सिलेंडर अब 553 रुपये में उपलब्ध होगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के अनुसार, आगे इस मूल्य वृद्धि की समीक्षा की जाएगी। अमेरिका-चीन के बीच छिड़े व्यापार युद्ध के चलते अप्रैल, 2021 के बाद कच्चे तेल की कीमतें सबसे निचले स्तर पर हैं।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद शेयर बाजार धड़ाम से गिरा है। निवेशकों में चीन समेत अन्य कई देशों के अमेरिका पर उल्टा नये टैरिफ की घोषणा से टैरिफ वॉर के गंभीर रूप लेने का डर बैठ गया है। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी दिखा है, जहां भय और अनिश्चितता के चलते बिकवाली की गहरी मार पड़ी। निवेशकों की घबराहट के बावजूद बाजार के गिरने का सिलसिला मंगलवार को थोड़ा थमता नजर आया।

मगर अंतरराष्ट्रीय बाजार के असर से घरेलू शेयर मार्केट का बचना नामुमकिन है। आर्थिक विशेषज्ञ इस ट्रेड वॉर को आर्थिक मंदी की आहट भी मान रहे हैं। बेरोजगारी और महंगाई की मार केवल भारतीय जनता ही नहीं झेल रही है,

## राशिफल

**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09 :03 से 10 :43 तक-चंचल
10 :43 से 12 :23 तक- लाभ
12 :23 से 14 .04 तक- अमृत
20 :24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशि: आज भाग्य आपका साथ देगी। आज साझेदारी में किए गया काम फायदा दिलाने वाला है, लेकिन इसी क्षेत्र से जुड़े लोगों से आज आपको काफी विरोध का सामना करना पड़ेगा। विवादों में उलझने से बचें। पुराने रोग से आज आपको राहत मिलेगी।

वृष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपके मन में कई तरह के विचार चलते रहेंगे। महत्वपूर्ण मामलों पर लोगों से बातचीत का मौका मिलेगा और आपको इसका फायदा भी होगा। इस राशि के विवाहित आज परिवार संग किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिये जा सकते हैं।

मिथुन राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के लोग उधार लेने और देने से बचें। मित्रों के साथ अधिक समय व्यतीत करें क्योंकि उनके लिये आपके पास कुछ अच्छी खबर हो सकती है। जो आपके लिये फायदेमंद हो सकती है। इस राशि के लोगों को अपने बेहतर सेहत के लिए मीठे पर नियंत्रण रखना होगा।

कर्क राशि: आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में रहेगा। आज किसी नई रचना की शुरूआत करेंगे। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। बिगड़ी हुई स्थिति में सुधार आयेगा। नई शुरूआत के लिए समय ठीक है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं, इससे आपको आनन्द की प्राप्ति होगी। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। काम-धंधे में आज आपका मन लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है ।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। अगर आप नई जमीन लेने की सोच रहे हैं तो आज खरीद सकते हैं ।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। लॉ के क्षेत्र से जुड़े स्टूडेंट्स आज अपने समय का सदुपयोग करें। कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को आज सीनियर्स की मदद से पूरा कर लीजिए वरना टीचर्स से आपको डांट पड़ सकती है। आज पेरेंट्स को अपने बच्चों के खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है।

धनु राशि: आज आपकी नए कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इक्ट्ठे में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम का विरोध करेंगे तो कुछ सहकर्मी आपके पक्ष में भी रहेंगे और कुछ सहकर्मी आपके विपक्ष में रहेंगे।

कुम्भ राशि: अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से अप एंड डाउन करने में थोड़ी प्रॉब्लम होगी। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका समय परिवार वालों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही कहीं बाहर घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं ।

मीन राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपको व्यापार में अचानक से धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है।



# ये हैं दुनिया के कुछ अनोखे रीति-रिवाज

दुनिया के देश भले ही विकसित हो गए हों, पर यहां आज भी कई ऐसी मान्यताएं और त्योहार मनाए जाते हैं जो सुनने-देखने में बेहद विचित्र लगते हैं. आज हम आपको सबसे अजीबोगरीब मान्यताओं के बारे में बताने जा रहे हैं.

### पोल्टरबेंड, जर्मनी

जर्मनी में शादी के दौरान दुल्हा-दुल्हन के रिश्तेदार चीनी से बने बर्तन तोड़ते हैं। बाद में इन टूटे हुए बर्तनों को नवविवाहित जोड़ा साफ करता है। कठिन समय में वह जोड़ा एक-दूसरे का साथ दे सकें, यही इस परंपरा का मकसद है।

### ब्लैकेनिंग ब्राइड यूरोप एवं अमेरिका




यह एक प्री-वेडिंग रिवाज है। इसमें दुल्हन के ऊपर दूध, अंडे, काले पदार्थ जैसी चीजें डालकर दुल्हन को शहर में घुमाया जाता है। ऐसा करने के पीछे मान्यता है कि दुल्हन जीवन के नए अध्याय के लिए तैयार हो सके।

### वाइफ कैरिंग, चीन

चीन के कई हिस्सों में पति अपनी गर्भवती पत्नी को पीठ पर बैठाकर जलते हुए अंगारों पर नंगे पैर चलते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से बच्चे की डिलीवरी आसानी से होती है। साथ ही इस रिवाज से पति का पत्नी के प्रति प्यार भी झलकता है।









अक्सर लोग घूमने-फिरने के लिए बाहर जाना पसंद करते थे. वे पहाड़ों और ग्रीनरी वाली जगहों को सेलेक्ट करते हैं, ताकि वे अपना समय शांति में बिता सके. इसी के साथ लोगों को ऐसी खूबसूरत सड़कों पर घूमना, तस्वीरें क्लिक करना और ड्राइविंग-राइडिंग करना बेहद पसंद आता है, लेकिन आज हम आपको भारत की उन सड़कों के बारे में बताने जा रहे है जो खूबसूरत के साथ-साथ बेहद खतरनाक है. इन सड़कों पर राइडिंग और ड्राइविंग आपके लिए खतरे से खाली नहीं है.

# खूबसूरत के साथ-साथ बेहद खतरनाक हैं भारत की ये सड़कें, आसान नहीं यहां गाड़ी चलाना

अक्सर लोग घूमने-फिरने के लिए बाहर जाना पसंद करते थे. वे पहाड़ों और ग्रीनरी वाली जगहों को सेलेक्ट करते है, ताकि वे अपना समय शांति में बिता सके. इसी के साथ लोगों को ऐसी खूबसूरत सड़कों पर घूमना, तस्वीरें क्लिक करना और ड्राइविंग-राइडिंग करना बेहद पसंद आता है. लेकिन आज हम आपको भारत की उन सड़कों के बारे में बताने जा रहे है जो खूबसूरत के साथ-साथ बेहद खतरनाक है. इन सड़कों पर राइडिंग और ड्राइविंग आपके लिए खतरे से खाली नहीं है. जिन सड़कों के बारे में हम बात करने जा रहे हैं वो रास्ते कमजोर दिल वालों के लिए तो बिलकुल भी नहीं है. ये ऐसी सड़कें हैं जहां चक्कर आना, सांस लेने में तकलीफ के साथ-साथ चिंता और भय के कारण बहुत सारी दुर्घटनाएं हो सकती हैं. सर्दियों के मौसम की बात करें तो उस समय पर इन सड़कों पर दूर- दूर तक कोई नहीं दिखाई देता है.

### लेह-मनाली हाईवे




इस सड़क पर भूस्खलन जैसी घटनाएं आए दिन ही होती रहती हैं. ये रोड सर्दियों के दौरान बहुत सारी नेविगेशन समस्याओं से ग्रस्त है. मनाली अक्सर लोग घूमने-फिरने जाते हैं और अपना क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हैं.

### रोहतांग दर्रा



रोहतांग दर्रा जितना देखने में सुंदर है उतना ही यहां पहुंचना कठिन है. ये मनाली से लगभग 53 किमी दूर स्थित है. जो भी यहां विजिट करता है वो घाटी, ग्लेशियर, पहाड़ और चंद्रा नदी का लुत्फ उठा सकते हैं. आपको बता दें ये दर्रा जून और अक्टूबर के महीनों के बीच खुला रहता है और इस ड्यूरेशन में यहां हजारों पर्यटक आते हैं.

### गाटा लूप्स



आप सबिह को बता दें जानकारी के मुताबिक इस सड़क में 21 हेयरपिन लूप हैं और यह लद्दाख में सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क की ओर जाता है. इस जगह पर जाने और घूमने के लिए एक ट्रेंड वाहन चालक की जरूरत होती है.

### कोली हिल रोड



तमिलनाडु राज्य में स्थित इस सड़क पर ड्राइविंग करना खतरे से खाली नहीं है. इस रोड पर लगातार 70 हेयरपिन मोड़ हैं जिसे क्रॉस करना हर चालक के लिए आसान नहीं है. वो ही शख्स यहां पर गाड़ी चला सकता है जिसका पहाड़ों में ड्राइव करने का लंबा अनुभव रहा हो.

### सिक्किम में ज़िगज़ैग रोड



यह सड़क तीन स्तरों से गुजरती है जो सिक्किम में एक पहाड़ी घाटी में घूमती है. इस खतरनाक रोड पर हर कोई ट्रेवल करने से कतराता है और तौबा कर लेता है.

### सांगला रोड



हिमाचल की सड़क जिसे सांगला रोड के नामसे जाना जाता है ये भी काफी खतरनाक है. इस सड़क पर जरा सी लापरवाही करने का सीधा मतलब यह है कि अपनी जान जोखिम में डालना.



# दुनिया में सबसे अधिक ऊंचाई पर लटकी है चीन की यह दुकान

चीन के हुनान प्रांत मे ऊंची पहाड़ी पर एक अनोखी दुकान (गुमटी) बनी है, जो 120 मीटर (393 फीट) की ऊंचाई पर पहाड़ के बीच में है। यह दुकान पर्वतारोहियों को उनकी चढ़ाई के दौरान आवश्यक नाश्ता, जलपान और भोजन प्रदान करता है। इसे पूरी दुनिया में सबसे असुविधाजनक सुविधा स्टोर करार दिया गया है।

आमतौर पर हमें कोई खाने की चीज लेनी हो तो आसानी से किसी दुकान पर पहुंच जाते हैं। लेकिन चीन मे एक ऐसी दुकान है, जहां से सामान खरीदने के लिए ग्राहको को जान की बाजी लगानी पड़ जाती है। दरअसल यह दुकान हुनान प्रांत में शिनियुझाई नेशनल जियोलॉजिकल पार्क में स्थित है। यह दुकान एक पहाड़ पर 393 फीट की ऊंचाई पर है। ये मात्र 22 वर्गफीट मे ही फैली हुई है। इसे दुनिया की सबसे असुविधाजनक सुविधा स्टोर कल्च जाता है। संभवतः यह दुनिया में सबसे ऊंचाई पर स्थित दुकान है। दुकान एक लकड़ी के बक्से में बनी हुई है। यहां दो घंटे की चढ़ाई के बाद पहुंच सकते हैं

## पवर्तारोहियों की मदद के लिए खोली गई दुकान

यह दुकान पर्वतारोहियों को पहाड़ चढ़ने के दौरान रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराने के मकसद से खोली गई है। यहां पर कुछ तरह की ड्रिंक्स, पानी और चिप्स जैसी चीजें मिलती है। यहां काम कर रहे वर्कर बताते हैं कि यहां चीजें महंगे दामों पर नहीं बल्कि नीचे मिल रही कीमतों पर ही मिलती हैं। इसलिए दुकान आने वाले लोगों में कृतज्ञता का भाव भी होता है। दुकान में एक समय मे एक व्यक्ति ही खड़ा रह सकता है। उसी को हर सुबह दुकान मे सामान भरना होता है। इसमें दो घंटे का समय लग जाता है। स्टोर तक की चढ़ाई मे ही 90 मिनट लगते हैं। यहां काम कर रहे कर्मचारी जरूरत पड़ने पर पहाड़ चढ़ रहे लोगों की मदद भी करते हैं।



# मालदीव्स की तर्ज पर आबूधाबी में बन रहे हैं लग्जरी फ्लोटिंग विला

यूएई के आबूधाबी मे पर्यटकों के लिए नई लग्जरी जगह विकसित की जा रही है। दरअसल यहां के गास आईलैंड और सादियात आईलैंड के बीच बसे रामहन आईलैंड पर अल्ट्रा लग्जरी रिट्रीट बनाई जा रही है। इसे प्रॉपटी डीलर ईगल हिल और मैरियट इंटरनेशनल मिलकर विकसित कर रहे हैं। साल 2029 तक इस प्रोजेक्ट के पूरे होने की संभावना है। इस आइलैंड प्रोजेक्ट पर करीब 28 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत यहां 50 प्राइवेट लग्जरी फ्लोटिंग बिला बनाए जाने हैं। ये बिला एक से चार बेडरूम वाले होंगे। विला मालदीव में बने फ्लोटिंग विला की तरह होंगे। खास बात ये होगी कि इन विला के पास इस क्षेत्र के पहले फ्लोटिंग विला होने का दर्जा होगा। विला में बड़े टेरेस, निजी स्विमिंग पूल और बड़ी-बड़ी खिड़?कियां होंगी, जिनसे समुद्र का सुंदर नजारा नजर आएगा। द्वीप की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने के लिए यहा मैंग्रोव वृक्ष भी लगाए जाएंगे। यह द्वीप ऊपर से देखने पर तितली के आकार का दिखाई देगा।

### सस्टेनेबिलिटी को ध्यान में रखकर होगा डिजाइन

फ्लोटिंग विला सस्टेनेबिलिटी और लग्जरी का शानदार समावेश होंगे। विला को इस तरह से तैयार किया जाएगा कि लोग घर के हर कोने से बाहर की शांत दुनिया का आनंद ले सकें। इमारत को इस तरह बनाया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक रोशनी और हवा अंदर आ सके। इससे बिजली की खपत कम होगी।

### 4 करोड़ वर्गफीट में होने हैं विकास कार्य

रामहन आइलैंड प्रोजेक्ट 4.3 करोड़ वर्गफीट एरिया में फैला होगा। इन विला के अलावा भी कई लग्जरी होटल्स व रिसॉर्ट होंगे। यहां पोंट क्लब और बुटिका भी बनेंगे। अलग- अलग देशों के खाने की चीजों के कई वेन्यू भी होंगे। साथ ही कई एंटरटेनमेंट एक्टिविटीज एरिया भी विकसित किए जाने है। मुख्य भूमि से फ्लोटिंग विला तक जाने के लिए नावों का सहारा लेना पड़ेगा फ्लोटिंग विला के अलावा रामहन द्वीप में 1800 स्वतंत्र बिला, 100 मरीना आवास और 1.7 किमी लंबा बाजार भी बनेगा।

# कैसे ग्रेट ब्रिटेन, यूनाईटेड किंगडम और इंग्लैंड अलग-अलग हैं?

ब्रिटेन, यूनाईटेड किंगडम और इंग्लैंड ये शब्द तो हम सुनते ही रहते हैं। लेकिन ये तीनों शब्द एक ही देश के नाम नहीं है। बल्कि अलग-अलग जगहों के नाम है। आज हम जानते हैं कि आखिर कैसे ब्रिटेन, यूके और इंग्लैंड अलग-अलग हैं। ग्रेट ब्रिटेन एक द्वीप है, वहीं चार देशों से मिलकर बनता है यूके।

ब्रिटेन या ग्रेट ब्रिटेन ग्रेट ब्रिटेन कोई देश नहीं है, बल्कि यह सिर्फ एक भौगोलिक क्षेत्र को दर्शाता है। यह एक राजनीतिक टर्म नहीं है, बस एक द्वीप मात्र है। वेल्स, स्कॉटलैंड और इंग्लैंड देशों को साथ में ग्रेट ब्रिटेन कहते हैं। स्कॉटलैंड और वेल्स स्वतंत्र देश नहीं है, लेकिन इन्हें यूके से कुछ विशेषाधिकार मिले हुए हैं। यूनाईटेड किंगडम असल मायनों में यूके ही एक सप्रभु देश है। इग्लैंड, वेल्स, स्कॉटलैंड और नॉर्दन आयरलैंड मिलकर यूके बनाते हैं। इन चारों देशों के लोगों के पास यूके की ही नागरिकता होती है। यूएन की लिस्ट मे भी आपको यूनाईटेड किंगडम का ही नाम मिलेगा। यूके में संसदीय राजशाही चलती है। इग्लैंड इग्लैंड यूके मे शामिल चार प्रशासनिक क्षेत्रों में से एक है, जिसे देश का दर्जा मिला है। इसके पास स्वयं का झंडा व राष्ट्रगान है। लेकिन यूके की संसद जरूरत पड़ने पर इनकी शक्तियां छीन सकती है।



## एकलव्य विद्यालयों में लेटरल एंट्री से प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 29 जून को

**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के आदिवासी छात्रों के लिए एक बार फिर से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अध्ययन का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीड़ीह एवं जमथान में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में रिक्त कुल 14 सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं 24 जून 2025 तक पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीड़ीह (विकासखंड खड़गवां, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) में जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 29 जून 2025 को प्रातः 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसका केंद्र पोड़ीड़ीह स्थित एकलव्य विद्यालय रहेगा। यह परीक्षा कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं के लिए आयोजित होगी, जबकि कक्षा 11वीं में प्रवेश कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची के अनुसार किया जाएगा।

### न्यूज गैलरी

## कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने में लापरवाही, डीईओ को कारण बताओ नोटिस




**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पात्रतानुसार समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने में घोर लापरवाही बरते जाने पर डिप्टी कलेक्टर के द्वारा अजय मिश्रा जिला शिक्षाधिकारी एमसीबी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब प्रस्तुत करने 3 दिनों की मोहलत प्रदान की गई है। नोटिस में संतोषप्रद जवाब नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि सुरेश साहू जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ एमसीबी के द्वारा 12 जून 2025 को प्रस्तुत आवेदन अनुसार एमसीबी जिला अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग (टी. एवं ई. संवर्ग) में पदस्थ 145 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जो विगत 10 वर्षों से एक ही पद पर (चतुर्थ श्रेणी) में पदस्थ हैं, ऐसे सभी कर्मचारी जिनकी सेवाएं नियुक्ति तिथि से 10, 20 एवं 30 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, उन कर्मचारियों को नियमानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदाय नहीं किया गया है। डीईओ को प्रेषित नोटिस में कड़े शब्दों में कहा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पात्रतानुसार समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने में आपकी तनिक भी रूचि नहीं है। उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है। डीईओ को 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। समाधानकारण अथवा संतोषप्रद जवाब नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

## सोल्लास मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




**जनकपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** वंदना शिशु शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर में शाला प्रवेशोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों का स्वागत, तिलक चंदन कर किया गया। माता-पिता का सम्मान बच्चों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया साथ ही संस्कारों से जोड़े रखने हेतु सभी बच्चे अपने माता-पिता का चरण स्पर्श कर आशीष लिए। प्राचार्या नीरजा सिंह द्वारा पढ़ाई का महत्व बताया गया साथ ही जड़ों से अपने संस्कारों से जुड़े रहने की बात कही गई। मेहनत से शीर्ष तक पहुंचने का भी उपदेश दिया गया। बच्चों के हाथों के छाप लिए गए। मिष्ठान खिला कर सबका मुंह मीठा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्या, शिक्षक एवं पालक गण उपस्थित रहे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविरों का आयोजन




**कोरिया बैकुंठपुर** - जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ १५ जून २०२५ से किया गया है, जो ३० जून २०२५ तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य जिले के चयनित १५४ जनजातीय ग्रामों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। आज १६ जून को अभियान के अंतर्गत जगतपुर, रटगा, तिलवनडांड, नगर, छरछा, उरूमदूगा, आनी, खाड़ा, आमगांव, फूलपुर, गदबदी ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से आदिवासी ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाएं, आयुष्मान भारत कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुद्रा लोन, विश्वकर्मा योजना सहित लगभग १७ शासकीय योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम ने शिविरों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में पात्र आदिवासी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से प्रदान किया जाए। यह अभियान विशेष रूप से जनजातीय समुदाय की सुविधा एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित किया जा रहा है। ग्राम रटगा निवासी शांति बाई ने शिविर में अपनी भागीदारी व्यक्त करते हुए कहा, 'सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से हमें निश्चित ही लाभ मिलेगा। मैं आज अपने नाती के जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने आई हूं और मुझे भरोसा है कि यह कार्य शीघ्र पूर्ण होगा। हम ग्रामीण इस शिविर से बहुत संतुष्ट हैं। शिविरों में विभागीय अधिकारीगण, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।


### विज्ञापन

बैकुंठपुर स्थित फर्म "श्री नरेंद्र कमर्शियल"
डिस्ट्रीब्यूटर - M.D.H. मसाले को सेल्स Representative (S.R.) की अतिशीघ्र आवश्यकता है,

- S.R. की नियुक्ति M.D.H. मसाले के कंपनी पे-रोल पर रहेगी।
- सैलरी - योग्यतानुसार
- बायो डाटा के साथ अतिशीघ्र सम्पर्क करें,
- स्थानीय युवकों को वरीयता

पता - "श्री नरेंद्र कमर्शियल" मिश्रा काम्प्लेक्स, भांड़ी, मेन रोड, बैकुंठपुर जिला कोरिया (छत्तीसगढ़)
संपर्क नंबर - 9340945160, 8889909241


## आश्रम अधीक्षकों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार के आरोप, जिला प्रशासन ने पूरी की काउंसलिंग प्रक्रिया




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में संचालित आदिवासी बालक-बालिका आश्रमों में अधीक्षकों की नियुक्ति को लेकर जिला प्रशासन कोरिया तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा बीते दिनों काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। हालांकि, इस नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि आश्रम अधीक्षक के पदों पर नियुक्ति में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित सरकारी आश्रमों में वर्षों से अधीक्षकों की नियुक्ति लंबित थी, जिससे आश्रम संचालन में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। इसे देखते हुए आदिवासी विकास विभाग द्वारा काउंसलिंग आयोजित कर पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। लेकिन जैसे ही नियुक्ति सूची सार्वजनिक हुई, कई अभ्यर्थियों एवं सामाजिक संगठनों ने नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाना शुरू कर दिया। कई अभ्यर्थियों का कहना है कि काउंसलिंग के दौरान चयन की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही। आरोप है कि कई ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया गया है जो मेरिट सूची में पीछे थे, जबकि योग्य एवं वरीयता प्राप्त अभ्यर्थियों को बाहर कर दिया गया। इसके अलावा कई स्थानों पर बिना काउंसलिंग में शामिल हुए ही कुछ लोगों को नियुक्त कर दिया गया, जिससे प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। कुछ जगहों पर पैसों के लेन-देन की भी चर्चा सामने आ रही है, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है।

## कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले में युवाओं के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर** - प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कोरिया जिले में बेरोजगार एवं पात्र युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने की दिशा में योजनाबद्ध प्रयास प्रारंभ हो चुके हैं।

वर्ष २०२५-२६ में वार्षिक लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति हेतु कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत १६ जून से ३ जुलाई २०२५ तक जिले के सोनहत, बैकुंठपुर एवं वी पोड़ी बचरा क्षेत्र के चिन्हित ग्राम पंचायतों में कौशल विकास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में युवाओं को प्रशिक्षण से जुड़ी समस्त जानकारियाँ जैसे ट्रेड चयन, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण की अवधि, प्रमाणन प्रक्रिया एवं रोजगार के अवसर—प्रदान की जा रही हैं।

इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में विशेष प्रचार-प्रसार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक चिन्हित ग्राम पंचायतों में सुबह ११:०० बजे से अपराह्न ४:०० बजे तक कौशल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रचार-प्रसार, हितग्राही चिन्हांकन एवं मार्गदर्शन हेतु जिला स्तर पर अधिकारी -कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं।

इसी क्रम में विकासखंड सोनहत के ग्राम लटमा में आयोजित शिविर के दौरान भरतपुर- सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने शिविर स्थल पर पहुंचकर प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से संवाद किया। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए इसे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल बताया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएं और स्वयं को कौशलयुक्त बनाकर आजीविका के बेहतर अवसर प्राप्त करें। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण युवक-युवतियाँ शामिल हुए। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सम्बंधित अधिकारी ने जानकारी दी है कि आगामी दिनों में भी जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक योजना का लाभ पहुँच सके। अधिक जानकारी हेतु जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कोरिया, दूरभाष ०७८३६-२३३४१४, इमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

## 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन की तैयारियां पूर्ण

**मनेंद्रगढ़।** इस वर्ष 21 जून को मनेंद्रगढ़ में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेंद्रगढ़ परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाकर नागरिकों को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

## कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में यूको बैंक बी सी क्लब द्वारा अन्नदान

**रायपुर।** यूको बैंक की बी सी क्लब समूह द्वारा एकत्र किया गया धनराशि से सूखा अनाज लेकर माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम आकर अन्नदान किया गया। चांवल, दाल, खाने का तेल, शक्कर, चायपत्ती, और मसाला, नमक साबुन, डिटर्जेंट पाउडर, टुथपेस्ट नारियल तेल, इत्यादि सामग्री दान में दिया गया। यूको बैंक बी सी क्लब के सदस्यों को कुलदीप निगम वृद्धाश्रम की स्थापना से अब तक के सफर से अवगत कराया गया और सभी बुजुर्गों से सौजन्य भेंट करने के बाद सभी सदस्यों ने आश्रम द्वारा बुजुर्गों की सेवा की सराहना करते हुए भविष्य में भी यथा संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। सभी सदस्य बुजुर्गों से मिलकर उनका हालचाल पूछा। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, एसके घोष, जीएन दहदकर, एस एल पाल, श्रीमती प्रभा प्रधान, राजेन्द्र कुमार निगम, बिमल घोषाल, प्रीति निगम, पारुल चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की टेलीफोन डायरेक्टरी का किया विमोचन



**रायपुर कोरिया** - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ को बधाई देते हुए टेलीफोन डायरेक्टरी को आमजनों के लिए बेहद उपयोगी बताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई, प्रदेश संयोजक राजेश मिश्रा, प्रदेश सचिव मनोज मिश्रा, जिला अध्यक्ष महासमुन्द स्वप्निल तिवारी, जांजगीर से देवेन्द्र यादव, कोरबा जिलाध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना दुर्ग संभाग अध्यक्ष से छगन साहू सहित छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अन्य सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शाला प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत, न्योता भोज का आयोजन




**कोरिया बैकुंठपुर** - शिक्षा सत्र २०२५-२६ के तहत जिलेभर में १६ जून से शाला प्रवेश उत्सव की शुरूआत हो गई है। जिले के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विशेष आयोजन किए गए। इसी क्रम में सोनहत विकासखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बेलिया में भी उत्सवपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से तिलक व रोली लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने अभिभावकों और ग्रामीणों के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाली, जिसमें लोगों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी शिक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाएं। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के चेहरों पर नए सत्र के पहले दिन उत्साह और उल्लास साफ झलक रहा था।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों को स्कूल के प्रति आकर्षित करना, शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों की शिक्षा में गंभीरता से सहयोग करें। विद्यालय स्टाफ, पालकगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और स्वागतयोग्य पहल है।

## आम जनता एवं पीड़ित की समझ के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्य प्रणाली से उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह उपयोग होगी सरल हिंदी- गृहमंत्री विजय शर्मा

### पुलिस कार्यप्रणाली में उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह होगी सरल हिंदी

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भासाओ के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए।

उपमुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यवहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं।

इस पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे।

छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी।

१ अदम तामील-सूचित न होना
२ इन्द्राज -टंकन
३ खयानत-हड़पना
४ गोश्वारा-नक्शा
५ दीगर-दूसरा
६ नकबजनी -सेंध
७ माल मशरूका लूटी-चोरी गई सम्पत्ति
८ मुचलका-व्यक्तिगत बंध पत्र
९ रोजनामचा-सामान्य दैनिकी
१० शिनाख्त-पहचान
११ शहादत-साक्ष्य
१२ शुमार-गणना
१३ सजायाफ्ता- दण्ड प्राप्त
१४ सरगना -मुखिया
१५ सुराग -खोज
१६ साजिश -षडयंत्र
१७ अदालत दिवानी - सिविल न्यायालय
१९ फौजदारी अदालत-दांडिक न्यायालय
२० इकरार नामा - प्रतिज्ञापन
२१ बनाम विक्रय -पत्रक
२२ इस्तिफा -त्याग-पत्र
२३ कत्ल-हत्या
२४ कयास -अनुमान
२५ खसरा क्षेत्र- पंजी
२६ खतौनी -पंजी
२७ गुजारिश -निवेदन
२८ जब्त -कब्जे में लेना
२९ जमानतदार - प्रतिभूति दाता
३० जमानत -प्रतिभूति
३१ जरायम- अपराध
३२ जबरन -बलपूर्वक
३३ जरायम पेशा-अपराधजीवी
३४ जायदादे मशरूका - कुर्क हुई सम्पत्ति
३५ दाखिलखारिज - नामांतरण
३६ सूद -ब्याज
३७ हुजूर -श्रीमान/महोदय
३८ हुलिया -शारीरिक लक्षण
३९ हजार्ना क्षति-प्रतिपूर्ति
४० हलफनामा-शपथ-पत्र
४१ दफा- धारा
४२ फरियादी -शिकायतकर्ता
४३ मुत्तजर्रर -चोट
४४ इत्तिलानामा - सूचना पत्र
४५ कलमबंद करना - न्यायालय के समक्ष कथन
४६ गैरहाजिरी - अनुपस्थिति
४७ चस्पा- चिपकाना
४८ चश्मदीद- प्रत्यक्षदर्शी
४९ जलसाजी- कूटरचना
५० जिला बदर - निर्वासन
५१ जामतलाशी - वस्त्रों की तलाशी
५२ वारदात- घटना
५३ साकिन- पता
५४ जायतैनाती - नियुक्ति स्थान
५५ हाजा स्थान-परिसर
५६ मातहत-अधीनस्थ
५७ जेल हिरासत - कब्जे में लेना
५८ फौती -मृत्यु सूचना
५९ इस्तगासा- छावा
६० मालफड - जुआ का माल मौके पर बरामद होना
६१ अर्दली - हलकारा
६२ किल्लत मुलाजमान - कर्मगण की कमी
६३ तामील कुनन्दा- सूचना करने वाला
६४ इमदाद -मदद
६५ नजूल -राज भूमि
६६ फरार -भागा हुआ
६७ फिसदी - प्रतिशत
६८ फेहरिस्त - सूची
६९ फौत- मृत्यु
७० बयान- कथन
७१ बेदखली-निष्कासन
७२ मातहत- अधीन
७३ मार्फत-द्वारा
७४ मियाद -अवधी
७५ रकबा-क्षेत्रफल
७६ कास्तकार- कृषक
७७ नाजिर -व्यवस्थापक
७८ अमीन राजस्व -कनिष्ठ अधिकारी
७९ राजीनामा -समझौता पत्र
८० वारदात-घटना
८१ संगीन -गंम्भीर
८२ विरासत - उत्तराधिकार
८३ वसियत - हस्तांन्तरण लेख
८४ वसूली - उगाही
८५ शिनाख्त - पहचान
८६ सबूत साक्ष्य - प्रमाण
८७ दस्तावेज - अभिलेख
८८ कयास -अनुमान
८९ सजा -दण्ड
९० सनद -प्रमाण पत्र
९१ सुलहनामा-समझौता पत्र
९२ अदम चौक - पुलिस असंज्ञेय हस्ताक्षेप, अगोग्य अपराध की सूचना
९३ कैदखाना - बंदीगृह
९४ तफतीश/तहकीकात - अनुसंधान/जाँच/विवेचना
९५ आमद/रवाना/रवानगी-आगमन, प्रस्थान
९६ कायमी-पंजीयन
९७ तेहरीर- लिखित या लेखीय विवरण
९८ इरादतन- साशय
९९ खारिज/खारिजी/रद्द निरस्त/निरस्तीकरण
१०० खून आलुदा रक्त -रंजित/ रक्त से सना हुआ
१०१ गवाह/गवाहन - साक्षी/साक्षीगण
१०२ गिरफ्तार/हिरासत -अभिरक्षा
१०३ तहत -अंतर्गत
१०४ जख्त, जख्मी, मजरूब -चोट/घाव घायल/आहत
१०५ दस्तयाब - खोज लेना/बरामत
१०६ मौका ए वारदात-घटना स्थल
१०७ परवाना- परिपत्र/अधिपत्र
१०८ फैसला - निर्णय
१०९ हमराह - साथ में

## एयरपोर्ट यूनिट का आईपीओ लाने की तैयारी में अडाणी समूह, निवेशकों की लगी लाइन

**मुंबई, 17 जून।** गौतम अडाणी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं. अब अडाणी भी आईपीओ की दौड़ में शामिल होने की योजना बना रहे हैं. ब्लूमबर्ग की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार अडाणी समूह 2027 तक अपनी एयरपोर्ट यूनिट के लिए आईपीओ की योजना बना रहा है. यह एक विकास रणनीति का एक हिस्सा है, जिसमें आने वाले वर्षों में अलग-अलग बिजनेस में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करना शामिल है.

भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की एयरपोर्ट ऑपरेटर अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स का डिमर्जर और लिस्टिंग मार्च 2027 तक होने की उम्मीद है. अडाणी समूह के अधिकारियों ने ब्लूमबर्ग को बताया है.



# रविचंद्रन अश्विन और डिंडीगुल ड्रैगन्स बॉल-टैम्परिंग के आरोपों से बरी



**नई दिल्ली,17 जून।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और उनकी तमिलनाडु प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी डिंडीगुल ड्रैगन्स बॉल-टैम्परिंग के आरोपों से बरी हो गई है. उन्हें औपचारिक रूप से उनके खिलाफ आरोपों से बरी कर दिया गया है. शनिवार को 9 विकेट से हारने के बाद सीकेम मदुरै पैंथर्स ने फ्रेंचाइजी के खिलाफ आरोप लगाए थे.

तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जांच के बाद आरोपों को बरी कर दिया गया. ड्रैगन पर आरोप था कि उन्होंने केमिकल युक्त तौलिये का इस्तेमाल करके बॉल से छेड़छाड़ की. एक आधिकारिक बयान में, टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने कहा कि दावे अटकलें थे और बॉल टैम्परिंग के आरोपों को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला.

टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने एक बयान में कहा, जिन तौलियों पर सवाल उठाए गए हैं, वे टीएनसीए द्वारा जारी किए गए थे और दोनों टीमों के लिए समान रूप से उपलब्ध थे. प्लेइंग कंट्रोल टीम-जिसमें अंपायर और मैच रेफरी शामिल थे- ने पूरे मैच के दौरान गेंद पर पूरी निगरानी रखी. खेल के दौरान कोई चिंता नहीं जताई गई और कोई सत्यापन योग्य सबूत भी नहीं दिया गया. ये दावे काल्पनिक और बाद में किए गए लगते हैं . टीएनसीए के अनुसार, तौलियों का इस्तेमाल अंपायर की निगरानी में किया गया था और इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती. हालांकि, अगर पैंथर्स 17 जून को दोपहर 3 बजे तक विश्वसनीय सबूत पेश कर सके तो शासी निकाय ने स्वतंत्र जांच की संभावना को अनुमति दी है.बता दें कि, ड्रैगन्स के कप्तान अश्विन ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए लेकिन क्रीज पर रहने के दौरान 27 गेंदों पर 49 रन बनाकर बल्ले से अहम योगदान दिया. टीम ने अश्विन और शिवम सिंह (नाबाद 86) के बीच 66 गेंदों पर 124 रनों की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत 150 रनों का लक्ष्य सिर्फ 12.3 ओवर में हासिल कर लिया. डीटी चंद्रशेखर और जी पेरियासामी ने ड्रैगन्स के लिए दो-दो विकेट लिए. गत चैंपियन ने टूनार्मेंट में अब तक 4 मैचों में दो जीत और दो हारे हैं और अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है.

# आरसीबी को पहला खिताब जीताकर सोफी डिवाइन ने रचा था इतिहास




## 0-अब दिग्गज खिलाड़ी ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली,17 जून।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फैंस के लिए चौंकाने वाली खबर सामने आई है. महिला प्रीमियर लीग 2024 की ट्रॉफी उठाने वाली आरसीबी की पहली खिताब जीत में टीम का हिस्सा रहीं सोफी डिवाइन ने संन्यास का ऐलान कर दिया है.

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन, जिन्होंने पिछले साल न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के लिए पहली बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 कप्तानी छोड़ दी थी, अब वनडे से संन्यास लेने वाली हैं. इस साल के अंत में भारत और श्रीलंका में होने वाला महिला विश्व कप 2025 उनका आखिरी टूनार्मेंट होगा.

सोफी डिवाइन, जो आगामी सितंबर में 36 साल की हो जाएंगी ने व्हाइट फर्न्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए खेल से दूर जाने का सही समय आ गया है. मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं कि मुझे न्यूजीलैंड क्रिकेट का सपोर्ट मिला है, जिसका मतलब है कि मैं अभी भी व्हाइट फर्न्स को कुछ दे सकती हूं. यह महत्वपूर्ण है कि हर कोई जानता हो कि मैं इस ग्रुप को अपना सब कुछ देने के लिए केंद्रित और समर्पित हूं, इससे पहले कि मैं हटूं .

डिवाइन ने कहा, मैं इस युवा टीम की प्रगति से बहुत उत्साहित हूं और मैं अगले छह से नौ महीनों में अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं. उन्होंने उल्लेख किया कि यह फैसला काफी समय में लिया गया है और यह हल्के में नहीं लिया गया है और इसके पीछे काफी सोच-विचार किया गया है.

बता दें कि, डिवाइन150 या उससे अधिक वनडे खेलने वाली 9 महिला क्रिकेटरों में से एक हैं. वनडे क्रिकेट में वह 4000 रन के आंकड़े के करीब हैं और उनमें से 49 मैचों में वे न्यूजीलैंड का नेतृत्व कर चुकी हैं.

डिवाइन ने इस वीडियो के जरिए साफ किया है कि वे न्यूजीलैंड के लिए टी20आई में खेलना जारी रखेंगी. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अगले साल दुनिया में महिलाओं की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में हिस्सा लेंगी या नहीं.

दाएं हाथ की स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन ने अभी तक महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया है. 2023 में लीग की शुरूआत से ही वह आरसीबी का हिस्सा रही हैं. इस दौरान उन्होंने 18 मैचों में 402 रन बनाए हैं और 9 विकेट हासिल किए हैं. वह डब्ल्यूपीएल 2024 के खिताब को जीतने वाली आरसीबी टीम का हिस्सा रही हैं.

# 5 गेंद पर 5 विकेट लेकर दिग्वेश राठी ने मचाई तबाही



**0-वायरल वीडियो देख संजीव गोयनका हुए खुश**

**नई दिल्ली,17 जून।** आईपीएल 2025 से चचाओं में आए युवा भारतीय लेग स्पिनर दिग्वेश राठी ने एक बार फिर गेंद के साथ धमाल मचा दिया है. उन्होंने एक लोकल लीग के टी20 मैच में गेंद के साथ कहर बरपाते हुए 5 बॉल में 5 विकेट अपने नाम किए. इसके साथ ही उन्होंने इस मैच में कुल 7 विकेट अपने नाम कर डाले जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

वायरल वीडियो में दिग्वेश राठी एक के बाद एक बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा रहे हैं. दिग्वेश की गुगली, फ्लिपर और लेग स्पिन को बल्लेबाज पढ़ नहीं पा रहे हैं. इसके चलते उन्हें इस मैच में कुल 7 विकेट हासिल हुए. उनके इस प्रदर्शन से आईपीएल के उनके मालिक संजीव गोयनका भी काफी खुश नजर आ रहे हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर दिग्वेश का वीडियो शेयर करते हुए पोस्ट किया है.

लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दिग्वेश राठी द्वारा स्थानीय टी20 मैच में 5 में से 5 विकेट लेने की यह क्लिप देखी. यह उनकी प्रतिभा की एक झलक है जिसने उन्हें आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक ब्रेकआउट स्टार बना दिया .

आपको बता दें कि संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2025 की नीलामी में दिग्वेश राठी को खरीदा था. उन्होंने आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत की कप्तानी में खेलते हुए 13 मैच में 14 विकेट हासिल किए थे. वो बल्लेबाजों को आउट करने के बाद चालान काटने वाले अपने सेलिब्रेशन के लिए काफी चचाओं में रहे और उनको इसके हानिकारक परिणाम भी भुगतने पड़े थे.

## छोटी खबरें

### नीदरलैंड और नेपाल मैच में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



**0-टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुए 3 सुपर ओवर, नीदरलैंड बना विनर**

**नई दिल्ली,17 जून।** नीदरलैंड और नेपाल के बीच सोमवार को टी20 ट्राई सीरीज का दूसरा मैच खेला गया. इस दौरान इन दोनों टीमों में इतिहास रच दिया. इन दोनों ने वो कर दिखाया जो आज तक क्रिकेट के इतिहास में नहीं हुआ है. इस मैच में नीदरलैंड और नेपाल के बीच 3 सुपर ओवर खेले गए. उसके बाद जाकर इस मैच का रिजल्ट निकला है. इसके साथ ही पुरुष क्रिकेट में एक मैच में 3 सुपर ओवर होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गए हैं. इस ट्राई सीरीज की तीसरी टीम स्कॉटलैंड हैं. नीदरलैंड और नेपाल के बीच खेले गए दूसरे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 152 बार रन बनाए. इसके बाद नेपाल की टीम भी 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बना पाई और मैच बराबरी पर छूट गया. इसके बाद मैच का रिजल्ट पाने के लिए सुपर ओवर कराया गया.

नेपाल ने पहले सुपर ओवर में पहले खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए इसके बाद नीदरलैंड ने भी बिना कोई विकेट गंवाए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए कुशाल भुर्टेल ने दो छक्के और एक चौका लगाया और 18 रन बनाए. इसके जवाब में माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक्का लगाया और 6 रन बनाए. जबकि मैक्स ओड्डॉड ने आखिरी दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर कुल 12 रन बनाए. इस मैच के दूसरे सुपर ओवर में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 1 विकेट खोकर 17 रन बनाए. नेपाल ने बिना कोई विकेट खोए 17 रन बनाकर मैच को तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया. नीदर्लैंड के लिए कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 6 छक्के के साथ 9 रन बनाए. मैक्स ओ डॉड ने 6 छ्क्के की मदद से 7 रन बनाए. नीदरलैंड के लिए दीपेन्द्र सिंह ऐरी 10 और कप्तान रोहित पौडेल ने 7 रन बनाए. नेपाल ने तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोई रन नहीं बनाया. नेपाल ने शून्य के स्कोर पर अपने दोनों विकेट खो दिए. दीपेन्द्र सिंह ऐरी 0, रोहित पौडेल 0 और रूपेस सिंह 0 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए. नीदरलैंड के लिए माइकल लेविट ने 6 रन बनाकर मैच में अपनी टीम को जीत दिला दी.

### श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी ने आईसीसी पर उठाए सवाल, जल्द कहेंगे टेस्ट क्रिकेट को अलविदा

श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने ११८ टेस्ट मैचों के बाद विदाई लेने की तैयारी करते हुए टेस्ट क्रिकेट में समानता की मांग की है। उन्होंने आईसीसी के सामने स्पष्ट मांग रखते हुए कहा कि हमें और भी ज्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलने दें। उन्होंने भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के मुकाबले बाकी अन्य देशों के टेस्ट मैचों की संख्या पर चिंता व्यक्त की। इस पर उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो यह काफी दुखद है। मेरा मतलब है कि युवा पीढ़ी ज्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए आग्रह कर रही है। टेस्ट क्रिकेट निश्चित रूप से क्रिकेट का शिखर है। हम सभी को अधिक टेस्ट के लिए प्रयास करना चाहिए। ये लोग टेस्ट क्रिकेट को लेकर बहुत एक्साइटेड हैं।'

**ऑस्ट्रेलिया मौजूदा डब्ल्यू टीसी सायकल में सबसे ज्यादा मैच खेलेगा**

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा सायकल में ऑस्ट्रेलिया को २२, इंग्लैंड को २१ और भारत को १८ टेस्ट खेलने हैं। इन तीनों के मुकाबले श्रीलंका को अगले दो साल में सिर्फ १२ टेस्ट खेलने हैं, जो बांग्लादेश के साथ संयुक्त रूप से सबसे कम है।

## --------------------------- व्यापार---------------------------

# 10,488 करोड़ की ब्लॉक डील की खबर से विशाल मेगा मार्ट का शेयर टूटा




**मुंबई,17 जून।** खुदरा विक्रेता विशाल मेगा मार्ट लिमिटेड के शेयरों में कारोबार के दौरान 7 फीसदी से अधिक की गिरावट आई. कई उद्योग सूत्रों के अनुसार ऐसी खबरें हैं कि विशाल मेगा मार्ट की प्रोमटर यूनिट समयत सर्विसेज एलएलपी ने एक ब्लॉक डील में 10,488 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेच दी है.

मंगलवार, 17 जून को ओपनिंग बेल से पहले, ब्लॉक डील विंडो में, फर्म के लगभग 91 करोड़ शेयर या 20.2 फीसदी इक्विटी का कारोबार 115 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर हुआ. यह पिछले सत्र के समापन मूल्य से लगभग 8 फीसदी की छूट दिखाता है.

विशाल मेगा मार्ट के शेयर की कीमत में अचानक गिरावट का मुख्य कारण कंपनी के प्रमोटर, समयत सर्विसेज एलएलपी द्वारा बड़ी हिस्सेदारी की संभावित बिक्री थी. रिपोर्टों से पता चला है कि समयत सर्विसेज ने ब्लॉक डील के माध्यम से कंपनी में अपनी लगभग 20 फीसदी इक्विटी बेची है.

रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 91 करोड़ शेयरों का एक्सचेंज 115 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से हुआ, जिससे इस सौदे का मूल्य लगभग 10,488 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि, सौदे में शामिल पक्षों के बारे में आधिकारिक जानकारी अभी तक नहीं दी गई है.

इससे पहले आई खबरों में बताया गया था कि प्रमोटर ब्लॉक डील के जरिए कंपनी में 10 फीसदी की छोटी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है. इसकी अनुमानित कीमत 5,057 करोड़ रुपये थी और इसे 110 रुपये प्रति शेयर के फ्लोर प्राइस पर बेचा जाना था. यह कीमत सोमवार को बंद भाव 124.90 रुपये से करीब 12 फीसदी कम थी.

31 मार्च, 2025 तक, विशाल मेगा मार्ट में समयत सर्विसेज की हिस्सेदारी 74.55 फीसदी थी. कंपनी एक मिड-कैप स्टॉक है जिसका बाजार मूल्य 58,096 करोड़ रुपये है और इसे 18 दिसंबर, 2024 को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया था.

हाल ही में आई गिरावट के बावजूद, विशाल मेगा मार्ट के शेयरों ने इस साल कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया है. 2025 में अब तक वे 18 फीसदी चढ़ चुके हैं, जो निफ्टी इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन है, जिसने इस साल अब तक 5 फीसदी का रिटर्न दिया है. कंपनी की लिस्टिंग के बाद से शेयर में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है.


## अब सिर्फ 10 से 15 सेकंड में होगा यूपीआई पेमेंट, लागू हुआ नया नियम

**नई दिल्ली,17 जून।** यूपीआई ट्रांजेक्शन और तेज हो गए हैं. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने अब आदेश दिया है कि यूपीआई पेमेंट के लिए एड्रेस वेरिफिकेशन 10 सेकंड के भीतर पूरा हो जाना चाहिए. यूपीआई एक रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम है जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए इंटर-बैंक ट्रांजेक्शन को आसान बनाने के लिए विकसित किया है.

एनपीसीआई की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, मनी ट्रांसफर, स्टेटस चेक, रिवर्सल समेत सभी ट्रांजेक्शन अब 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे. पहले यह समय 30 सेकंड था. सोमवार से लागू हो गया है. यानी अब यूपीआई पेमेंट करते समय एड्रेस वेरिफिकेशन सिर्फ 10 सेकंड में हो जाएगा. पहले यह समय 15 सेकंड था. एनपीसीआई ने बताया कि ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ये बदलाव लाए गए हैं.

एनपीसीआई के एक अन्य सर्कुलर के मुताबिक, जल्द ही यूपीआई अकाउंट में बैलेंस चेक करने की सीमा तय की जाएगी. फिलहाल ग्राहक अपने अकाउंट में जितनी बार चाहें, बैलेंस चेक कर सकते हैं.

# सपाट पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 100 अंक टूटा, निफ्टी 24,935 पर




**मुंबई,17 जून।** कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 100 अंकों की गिरावट के साथ 81,695.39 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 24,935.70 पर खुला.

कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 677 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,796.15 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.92 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,946.50 पर बंद हुआ.

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सिप्ला के शेयरों में 3 फीसदी तक की तेजी आई.

कारोबार के दौरान निफ्टी पर एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि टाटा मोटर्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, सन फार्मा, अदानी पोर्ट्स, जियो फाइनेंशियल के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे.

सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार किए, जिसमें कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, आईटी, रियल्टी, एफएमसीजी 0.4-1 फीसदी उछाल आया. बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी ऊपर रहे, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स सपाट पर बंद हुआ.

इजरायल-ईरान संघर्ष के बढ? से दो दिन की गिरावट के बाद सोमवार को एशियाई बाजारों में बढ़त और घरेलू अस्थिरता में कमी के कारण बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक में उछाल आया.


## राज्यपाल डेका को रथ यात्रा में शामिल होने विधायक पुरंदर ने दिया न्योता



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने भेंट की। श्री मिश्रा गायत्री नगर रायपुर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को न्योता दिया। विधायक ने बताया कि रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतिक है बल्कि सामाजिक एकता एवं सामाजिक समरसता का भी संदेश देती है।

### न्यूज गैलरी

## छत्तीसगढिया क्रांति सेना के छह पदाधिकारी व सदस्य 7-7 साल रहेंगे सश्रम कारावास में



**जांजगीर-चाम्पा/रायपुर।** छत्तीसगढिया क्रांति सेना के छह पदाधिकारी एवं सदस्यों को लूटपाट कर उगाही करने के आरोप में 7-7 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है जिनमें से 4 रायपुर के रहने वाले है। मामला 4 वर्ष पूर्व 2021 का है जब जांजगीर के थाना बम्हनीडीह में भूपेन्द्र रात्रे उम्र 31 साल सा0 बोकरामुडा बलौदा, लक्की उर्फ लकेश्वर कुमार वर्मा उम्र 29 साल सा0 भनपुरी रायपुर, तरुण कुमार उम्र 23 साल सा0 भनपुरी रायपुर, कृपाण बघेल उम्र 26 साल सा0 दीनदयाल कालोनी रायपुर, भोल कश्यप उम्र 29 साल सा0 मलदा थाना हसौद जिला सक्ति, रामपल कश्यप उम्र 24 साल सा0 ग्राम जमडी थाना हसौद जिला सक्ति ने 27.08.21 को दोपहर कीटनाशक दवाई दुकान में घुसकर अश्लील गाली गलौच करते हुए, मारपीट करना, लूटपाट करते हुए एक लाख रुपए की उगाही की थी। प्रकरण की सुनवाई विचारण न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश न्यायालय जांजगीर में हुई थी। न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा में दोष सिद्ध पाते हुए अभियुक्तों को भा.द.सं. की धारा 147, 148, 452, 323 (तीन बार), 386 के प्रत्येक अपराध के लिये 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200/- रुपए के अर्थदण्ड एवं प्रत्येक व्यतिक्रम के लिये 15 दिवस के साधारण कारावास तथा अभियुक्तों को भा.द.सं. की धारा 397 के अपराध हेतु 07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500/- रुपए के अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड के व्यतिक्रम के लिये प्रत्येक अभियुक्त को 01 माह के साधारण कारावास तथा अभियुक्त भोला कश्यप को धारा 25 (1) (1-ख) (ख) आयुध अधिनियम 1959 के अपराध हेतु 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 200/-रुपए के अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 15 दिवस के साधारण कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया।

## दिव्यांगजनों को घर बैठे रोजगार का सुनहरा अवसर, रायपुर में कल प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विशेष रोजगार कार्यालय, रायपुर द्वारा 18 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प विशेष रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, सिविल लाइंस, रायपुर में आयोजित होगा। विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. शशी अतुलकर ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में अलर्ट एस.जी.एस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा दिव्यांगजनों को घर बैठे एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

यह कार्य पूरी तरह से कमीशन आधारित होगा, जिसमें कार्य की मात्रा के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाएगा।

**योग्यता और आवश्यक दस्तावेज** - इस कैम्प में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी इच्छुक 12वीं उत्तीर्ण दिव्यांग अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्हें अपने साथ 12वीं की अंकसूची, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड दस्तावेजों की फोटोकॉपी एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। कैम्प में आने-जाने, भोजन और ठहरने की व्यवस्था अभ्यर्थियों को स्वयं करनी होगी। किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर से दूरभाष क्रमांक 0771-4044081 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कच्चे मकानों की दीवार ही नहीं टूटी.. मुसीबते भी टूट कर खुशियों को कर रही पक्का

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि राज्य में लोगों को पक्का आवास सुलभ हो सके। यही कारण है कि राज्य सरकार के प्रथम कैबिनेट की बैठक में ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख परिवारों को आवास की स्वीकृति दी गई थी। गाँव में मजदूरी कर कच्चे मकान में मुसीबतों के साथ जिंदगी गुजारते आए झूल सिंह और उनकी पत्नी फुलकुँवर को नहीं लगता था कि वे भी कभी पक्का मकान बना पाएंगे। उनकी जिंदगी तो जब कभी कुछ काम मिले तो उनकी मजदूरी में और कभी न मिले तो घर के चाहरदीवारी में ही बीत जाया करती है, ऐसे में पक्का मकान बना पाना तो उनके लिए दूर की कौड़ी ही थी। जैसे-तैसे अपनी जिंदगी को जीते आ रहे झूलसिंह और उनकी पत्नी फुलकुँवर का भी सपना था कि उनका भी आशियाना ठीक ठाक हो। कम से कम खपरैल वाले छत और मिट्टी की दीवारें तो न हो, क्योंकि इन मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत की वजह से उन्हें बारिश में हमेशा परेशानी उठानी पड़ती है। कई मुसीबतों के बीच उन्हें रहना पड़ता था। जब इन्हें मालूम हुआ कि प्रधानमंत्री आवास योजना में उनका नाम है तो इनकी खुशियों का ठिकाना न रहा। अपनी जरूरी दस्तावेज जमा कर पहली किश्त हासिल की और खुशी-खुशी उस कच्चे मकान की दीवारों को ढहा दिया जो उन्हें मुसीबतों से वास्ता कराती थीं। अब मजबूत नींव के साथ ही वे न सिर्फ पक्के मकान के लिए पक्की दीवारे उठा रहे हैं... अपने सपनो को पूरा करने के साथ ही खुशियों को भी पक्का कर रहे हैं। कोरबा शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दम्हामुड़ा के आश्रित ग्राम बोदरापारा में रहने वाले झूलसिंह मरपच्ची और उनकी पत्नी फुलकुँवर ने बताया कि गाँव में मजदूरी के भरोसे घर चलता है। सीजन के साथ ही कुछ वनोपज संग्रहण कर लेते हैं और तेन्दूपत्ता भी तोड़कर बेचते हैं। इससे कुछ रुपयों का इंतजाम हो जाता है। झूलसिंह ने बताया कि घर पर दो बच्चे हैं। यहाँ कई पीढ़ी से कच्चे मकान में ही रहते आये हैं। कच्चे मकान में बारिश के दिनों में खपरैलों के बीच से पानी टपकना और कच्ची दीवारों को नुकसान होना आम बात है। गाँव में कुछ अन्य लोगो के पक्के मकान को देखकर उन्हें भी लगता था कि उनका भी घर पक्का बन जाये तो उन्हें मुसीबतों से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन उनका यह सपना कभी पूरा हो भी पायेगा, ऐसा उन्हें लगता ही नहीं था, क्योंकि उनके पास पक्का घर बनाने के लिए इतने पैसे ही नहीं थे।

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (ऑन्कोसर्जरी या कैंसर सर्जरी) विभाग की बड़ी सफलता: 50 वर्षीय मरीज के सिस्टिक लिम्फेंजियोमा ऑफ रेट्रोपेरिटोनियम का सफल ऑपरेशन

00 मेडिकल जर्नल के अनुसार, सिस्टिक लिम्फेंजियोमा ऑफ रेट्रोपेरिटोनियम के अब तक केवल 200 केस ही रिपोर्ट हुए हैं

00 अम्बेडकर अस्पताल के ऑन्कोसर्जरी विभाग में 5 घंटे चली सफल सर्जरी

00 सबसे बड़े ट्युमर का आकार था 25-20 सेमी.

0 मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ, दो महीने के फॉलोअप में कोई दिक्कत नहीं



**रायपुर।** राजधानी स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं इससे संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की टीम ने एक 50 वर्षीय मरीज की बेहद जटिल और दुर्लभ बीमारी सिस्टिक लिम्फेंजियोमा ऑ$फ रेट्रोपेरिटोनियम की सफल सर्जरी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह ट्यूमर शरीर की प्रमुख रक्त वाहिनियों (मेजर आईवीसी और एओर्टा) से चिपका हुआ था, जिसे सावधानीपूर्वक अलग करते हुए पांच घंटे लंबा ऑपरेशन किया गया। इस सर्जरी में तीन ट्युमर निकले जिसमें सबसे बड़े ट्युमर का आकार था 25& 20 सेमी. था तथा बाकी दो अन्य ट्युमर इससे छोटे आकार के थे। सिस्टिक लिम्फॅन्जिओमा ऑफ रेट्रोपेरिटोनियम एक दुर्लभ और सौम्य ट्यूमर होता है, जो लसीका वाहिनियों की असामान्य वृद्धि के कारण बनता है और यह पेट के पीछे की जगह में विकसित होता है। इसके विकसित होने के लक्षणों में पेट में सूजन या गांठ, पेट दर्द और पाचन समस्याएं शामिल हैं।

भिलाई के रहने वाले मरीज ने बताया कि वह रायपुर सहित अन्य राज्यों के कई बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए गया था, लेकिन 4-5 अस्पतालों ने सर्जरी को बेहद जटिल बताते हुए मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने ऑन्कोसर्जरी विभाग में सर्जरी की राय ली, जहां डॉक्टरों की टीम ने पूरी जांच के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया। ऑन्कोसर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.(प्रो.) आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यह सर्जरी बेहद जटिल थी क्योंकि ट्यूमर शरीर की कई मुख्य रक्त नलिकाओं से चिपका हुआ था। ऑपरेशन के दौरान इन सभी को धीरे-धीरे और सावधानी से अलग किया गया। ऑपरेशन सफल रहा और मरीज को अगले ही दिन से सामान्य आहार शुरू करवा दिया गया। दो महीने के फॉलोअप में भी मरीज पूरी तरह स्वस्थ पाया गया है और किसी तरह की कोई परेशानी नहीं दिखी।

पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी के अनुसार, यह मध्यभारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान है जहां एम.सी.एच. सर्जिकल ओन्कोलॉजी का विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में तीन एमसीएच रेजिडेंट सर्जिकल ओन्कोलॉजी ज्वाइन कर चुके हैं। इस पाठ्यक्रम के प्रारंभ होने से कैंसर के ऐसे मरीज जिनके लिये शल्यक्रिया आवश्यक है, उन्हें बेहतर सुविधायें मिल रही हैं और भविष्य में प्रदेश को सर्जिकल ओन्कोलॉजी के सुपर-स्पेशलिस्ट मिलेंगे और चिकित्सा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नये अवसर प्राप्त होंगे।

अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर कहते हैं ऑन्कोसर्जरी विभाग की इस सफलता को प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है। अब राज्य के मरीजों को यह सुविधा प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा महाविद्यालय एवं इससे संबद्ध अस्पताल में मिलने लगी है।

डॉ. आशुतोष गुप्ता के अनुसार, सिस्टिक लिम्फेंजियोमा ऑ$फ रेट्रोपेरिटोनियम एक बहुत ही दुर्लभ बेनाइन ट्यूमर है, जो शरीर के लिम्फैटिक सिस्टम से विकसित होता है। इसके दोबारा होने और ऑपरेशन के बाद जटिलताएं बढ? की संभावना अधिक होती है। अंतरराष्ट्रीय मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी तक दुनियाभर में इसके केवल 200 केस ही सामने आए हैं।

## राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही - राजस्व मंत्री वर्मा

**00 राजस्व विभाग राज्य शासन की रीढ़, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता से करें आम जनता का काम**

**00 राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न**



**रायपुर।** राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज महानदी भवन नवा रायपुर में राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, क्रियान्वयन तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डिजिटल भू-अभिलेख, ई-गिरदावरी, ड्रोन सर्वे आधारित स्वामित्व योजना, नक्शा परियोजना तथा त्रिवर्षीय भू-सर्वेक्षण कार्यक्रम जैसे प्रमुख बिंदुओं पर प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और विभाग को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें राजस्व विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर राजस्व विभाग के सचिव श्री अविनाश चम्पावत, उप सचिव द्वय श्री लोकेश चंद्राकर, श्री सुनील चंद्रवंशी, सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्तावों पर भी नीतिगत चचाएं की गईं, जिनमें रिक्त पदों की अद्यतन जानकारी एवं पहले से स्थानांतरित अधिकारियों के प्रभार की स्थिति की समीक्षा सम्मिलित रही। राजस्व विभाग के पदोन्नत अधिकारियों को एकतरफा भारमुक्त करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग राज्य शासन की रीढ़ है, इसकी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता से ही आम जनता का विश्वास सुदृढ़ होता है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने और जनता की समस्याओं का तत्पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने विभागीय कार्यों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों और डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाकर आमजन को अधिक पारदर्शी एवं दक्ष सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने एनडीआरएफ के आधुनिकीकरण, पर्यावरणीय अवसंरचना, स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं व्यय की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय दस्तावेजों जैसे मिसल, निस्तार पत्रक एवं न्यायालयीन प्रकरणों के डिजिटलीकरण की समीक्षा हुई। इसके अंतर्गत राज्य न्यायालय के दस्तावेजों को ऑनलाइन एवं कियोस्क के माध्यम से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। भूमि अभिलेखों की त्रिवर्षीय कार्ययोजना, ई-गिरदावरी, नक्शा परियोजनाओं, स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन सर्वे, किसान पंजीयन तथा लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में आकाशीय बिजली, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा हेतु की गई तैयारियों की भी गहन समीक्षा की गई। साथ ही, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, भू-अर्जन, लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण, नवीन तहसीलों में रिकॉर्ड रूम स्थापना तथा स्वीकृत बजट व्यय की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से होगा प्रारंभ




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का मानसून सत्र आगामी 14 जुलाई से प्रारंभ होगा। विधानसभा सचिवालय ने आज सत्र की अधिसूचना जारी कर दी है। सत्र 18 जुलाई तक होगा। इस दौरान सरकार प्रथम अनुपूरक बजट के साथ कुछ विधेयक भी पेश करेगी। विधायक कल से प्रश्न जमा कर सकेंगे। सोमवार, दिनांक 14 जुलाई, 2025 (1) प्रश्नोत्तर (2) शासकीय कार्य 2. मंगलवार, दिनांक 15 जुलाई 2025 (1) प्रश्नोत्तर (2) शासकीय कार्य 3. बुधवार, दिनांक 16 जुलाई, 2025 (1) प्रश्नोत्तर (2) शासकीय कार्य 4. गुरुवार, दिनांक 17 जुलाई, 2025 (1) प्रश्नोत्तर (2) शासकीय कार्य 5. शुक्रवार, दिनांक 18 जुलाई 2025 (1) प्रश्नोत्तर (2) शासकीय कार्य (3) अशासकीय कार्य (अंतिम ढाई घंटे)

## मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की और श्री साय को 23 जून को ओलम्पिक दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव श्री विक्रम सिसोदिया, प्रदेश वालीबॉल संघ अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ उपाध्यक्ष श्री सुनील रामदास एवं संयुक्त सचिव श्री प्रशांत रघुवंशी उपस्थित थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष है।

## 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जाएगा जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन

**00 कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सभी व्यवस्था करने के दिए निर्देश**



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज रेडक्रास सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी कर ली जाए। प्रत्येक नगरीय निकाय, जनपद, तहसील, ऐतिहासिक, सार्वजनिक, धार्मिक महत्व के स्थल, अमृत सरोवर तथा अन्य निर्धारित स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसमें स्कूल के बच्चों के साथ एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेट, जनप्रतिनिधि तथा आमजन भी शामिल होंगे। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष की थीम "योगः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य"पर आधारित है। जिसके अंतर्गत राज्य जिला जनपद नगर मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तरों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। आयोजक संस्था शासकीय निजी एवं अन्य व्यक्तिगत रूप से योग करने वाले व्यक्ति को आयुष विभाग के पोर्टल पर पंजीयन किया जाना है।

कलेक्टर डॉ सिंह ने समय सीमा के बैठक में अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरण के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिट एंड रन प्रकरण में राजस्व और पुलिस विभाग को समन्वय कर निराकरण करने निर्देशित किया। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल तथा जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## शास्त्री मार्केट शराब दुकान का सुपरवाइजर 5 लाख लेकर फरार



**रायपुर।** आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शास्त्री मार्केट स्थित शराब दुकान में सोमवार को लेखा-जोखा की जांच किया तो 6 लाख 30 हजार रुपए का हिसाब गड़बड़ी मिली। इसके बाद पूछताछ में पता चला कि दुकान का सुपरवाइजर करीब 5 लाख रुपए लेकर फरार है। हालांकि आधिकारिक रूप से अब तक इस मामले का खुलासा विभाग की तरफ से नहीं किया गया है लेकिन वे सुपरवाइजर की तलाश में जुट गए है।

## प्रतिभाओं का सम्मान समाज के अन्य लोगों को आगे बढने की देता है प्रेरणा - डेका

**00 सेन समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए राज्यपाल**




**रायपुर।** समाज के प्रतिभाओ के सम्मानित करना उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास सेन समाज कर रहा है। जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो हम सिर्फ उसका मनोबल नही बढ़ाते, बल्कि समाज के अन्य लोगों को आगे बढ? की प्रेरणा देते हैं। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज सेन समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में यह विचार व्यक्त किए। सेन समाज के महिला विंग द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा समाज के सभी जिलों के महिला अध्यक्षों, प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाडि?ों एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सेन समाज का इतिहास गौरवशाली और प्रेरणादायक है। यह समाज न केवल पारंपरिक बाल केश कला में निपुण रहा है बल्कि समय के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय के अनेक क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रहा है। यह प्रतिभा सम्मान समारोह समाज की उन्नति और समाज के लोगों की मेहनत का प्रतीक है। राज्यपाल ने सेन समाज की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए महिलाओं ने यह सिद्ध किया है कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव है। महिला विंग ने इस आयोजन के माध्यम से संगठन को मजबूत किया है और आने वाली पीढि?ों को दिशा देने का कार्य कर रही है। आज की महिलाएं घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को भी अच्छी तरह निभा रही हैं। यह परिवर्तन समाज को नई ऊर्जा दे रहा है। श्री डेका ने कहा कि हमे यह भी याद रखना जरूरी है कि सम्मान केवल पद, डिग्री या पैसे से नहीं मिलता बल्कि हमारे आचरण, सेवा एवं समर्पण से प्राप्त होता है। उन्होंने समाज के हर उस व्यक्ति को नमन किया जो निस्वार्थ भाव से अपने आस-पास के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री डेका ने भारत रत्न स्वर्गीय कपूरी ठाकुर का जिक्र किया जो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं एक जन नायक थे। श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहां जनजातीय, ग्रामीण और शहरी सभी प्रकार की सामाजिक संरचनाएं एक साथ जुड़ी हुई है वहां सामाजिक संगठनों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सेन समाज आने वाले वर्षों में प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने समाज के युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, उद्यमिता और डिजिटल शिक्षा की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता बताई जिससे वे आत्म निर्भर बन सके, साथ ही अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपरा को भी बनाए रख सके। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रदेशाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज (महिला विंग), एवं छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन ने दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के पदाधिकारी सहित सेन समाज के सदस्य उपस्थित थे।


■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा, Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com

KJ
स्थापना - 1928
मानक पथप्रदर्शक 100% Hallmark Jewellery
कंचन ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों का विशाल संग्रह
सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़)
फोन - 07774-222309

सरगुजा संभाग
# अम्बिकावाणी
■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर


कल्पनायें एक खूंखार शेर की तरह है इन्हें उग्र मत बनने दें।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार - 10

■ स्वच्छ भारत मिशन एवं नशा मुक्त भारत अभियान के लिये शपथ- 12

# ससुर ने कुल्हाड़ी से काट दिया बहू का गला, ग्रामीणों ने कहा आरोपी रखता था बहू पर गंदी नीयत

## शव को घर से कुछ दूरी पर गड्ढा खोदकर दफन कर दिया





**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में सोमवार की शाम एक ग्रामीण ने अपनी बहू की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसका शव घर से कुछ दूरी पर गड्ढा खोदकर दफन कर दिया। जब बेटा पहुंचा तो उसने कहा कि बहू को उसने मारकर गाड़ दिया है। उसने बताया कि बहू ने खाना नहीं दिया, इस वजह से हत्या कर दी है। वहीं बेटे व गांव वालों का कहना है कि आरोपी अपनी बहू पर गंदी नीयत रखता था। ये वजह भी हत्या की हो सकती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किरकिमा के अमलीटिकरा निवासी सरस्वती पति ईश्वर २४ वर्ष सोमवार की शाम घर पर थी। इसी बीच ससुर परमेश्वर ५० वर्ष शराब के नशे में धुत होकर घर आया। उसने बहू से खाना मांगा। मना करने पर उसने कुल्हाड़ी से उसके गले में ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी। इसके बाद शव घर से करीब ५० मीटर दूर गड्ढा खोदकर गाड़ दिया। वारदात के दौरान बेटा ईश्वर मछली मारने गया था। जब वह लौटा तो गांव के ही युवकों ने उसकी पत्नी की हत्या पिता द्वारा करने की बात बताई।

जब उसने पिता से पूछताछ की तो उसने कहा कि खाना नहीं दिया, इस वजह से मारकर गाड़ दिया हूं। जब वह घर के भीतर गया तो परछी में खून फैला था और उसे कपड़े से साफ करने की कोशिश की गई थी। इधर बेटा व गांव के लोगों का कहना है कि आरोपी ससुर अपनी बहू पर गंदी नीयत रखता था। वह उसे पत्नी की तरह देखता था। बेटे व गांव वालों का मानना है कि बहू को अकेली देख उसने कुछ गलत करने की कोशिश की होगी, बहू के मना करने पर उसने उसकी हत्या कर दी होगी।

### गड्ढा खोदकर निकाला गया शव

मामले की सूचना पर लुंड्रा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने परिजन का बयान दर्ज किया और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थित में शव को गड्ढा खोदकर बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।

# अजगर और 25 अंडों का स्नैक मैन सत्यम द्विवेदी और वन विभाग ने किया सफल रेस्क्यू

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** शहर के सरगवां क्षेत्र में अजगर और २५ अंडों का स्नैक मैन सत्यम द्विवेदी और वन विभाग द्वारा सफल रेस्क्यू कर विशाल अजगर को संजय पार्क में निगरानी में सुरक्षित रखा गया हैं। दअरसल वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सरगवां क्षेत्र में करीब १० फीट लंबे विशाल अजगर और उसके २५ अंडों का सफल रेस्क्यू किया गया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन प्रसिद्ध सर्प विशेषज्ञ स्नेक मैन सत्यम एवं वन विभाग की टीम के संयुक्त प्रयास से किया गया।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे रेस्क्यू दल ने स्थिति का सावधानीपूर्वक आंकलन किया। अजगर अंडों की सुरक्षा में सतर्क अवस्था में था। जिससे यह ऑपरेशन अत्यंत संवेदनशील और जोखिमपूर्ण बन गया। हालांकि अनुभव और संयम से काम लेते हुए टीम ने अजगर व अंडों को पूरी तरह सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।





रेस्क्यू के पश्चात अजगर और उसके अंडों को सुरक्षित रूप से अंबिकापुर स्थित संजय पार्क में रखा गया है। जहाँ उन्हें वन विभाग की देखरेख में सतत निगरानी में रखा जाएगा। पार्क में उनके लिए प्राकृतिक और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित भी किया गया है।

## जिले में अब तक 21.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** भू अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में २४ घण्टे के दौरान ४.५ मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक ८.४ मि.मी. वर्षा तहसील लखनपुर में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में १ जून से अब तक २१.० मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि ०१ जून २०२५ से १७ जून २०२५ तक अम्बिकापुर में ९.४, दरिमा में ९.७, लुण्ड्रा में ८.०, सीतापुर में ४५.२, लखनपुर में २६.०, उदयपुर में १७.९, बतौली में १०.९ एवं मैनपाट में ४०.९ मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# डीएसपी की पत्नी का बर्थडे सेलिब्रेशन, दर्ज हुई एफआईआर

## नीली बत्ती लगी कार की बोनट पर बैठकर काटा केट, लापरवाही पूर्व वाहन चलाने का मामला दर्ज

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** बलरामपुर जिले में पदस्थ एक डीएसपी की पत्नी का नीली बत्ती लगी कार की बोनट पर बैठकर जन्मदिन मनाने के मामले में सरगुजा पुलिस ने चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मामले के वायरल वीडियो में डीएसपी की पत्नी कार की फ्रंट बोनट पर बैठी नजर आ रही है। वहीं अन्य युवतियां भी खतरनाक ढंग से उसी कार में सवार हैं।

उक्त वीडियो अंबिकापुर के सरगवां पैलेस होटल में शूट किया गया था, जहां गाड़ी के बोनट पर केक सजाकर बर्थडे सेलिब्रेशन किया गया। बलरामपुर-रामानुजगंज



जिले में १२वीं बटालियन में तैनात डीएसपी तस्लीम आरिफ की पत्नी फरहीन का बर्थडे था। नीली बत्ती वाली महिंद्रा कार तस्लीम आरिफ की निजी वाहन है। वहीं इस पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा कि डीएसपी की पत्नी होने के अलग फायदे हैं, आपके लिए नियम कायदे नहीं हैं। क्या पुलिस अधिकारियों के परिजन कानून से ऊपर हैं? और क्या इस मामले में विभागीय कार्रवाई होगी या मामला रसूख के साए में दब जाएगा? मामले की सरगुजा पुलिस ने जांच की। जांच में उक्त वीडियो के सरगवां पैलेस होटल में शूट किए जाने की पुष्टि हुई। गांधीनगर पुलिस ने मामले में कार चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा १७७, १८४, २८१ के तहत अपराध दर्ज किया है।

### खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाई

गांधीनगर के एएसआई ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कार क्रमांक सीजी १५ ईएफ ३९७८, जिसमें नीली बत्ती लगी थी, के चालक द्वारा वाहन के दरवाजे, सन-रूफ, व डिक्की को खोलकर लोगों को बाहर निकालकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाई। यह यातायात के नियमों का उलंघन है। पुलिस ने जिन धाराओं के तहत कार्रवाई की है, उसमें अर्थदंड का प्रावधान है। एमवी एक्ट की धारा १७७ के तहत ५०० रुपए जुमार्ना, धारा १८४ के तहत पहली बार गलती करने पर एक वर्ष तक कैद या १ हजार जुमार्ना या सजा, धारा २८१ के तहत १००० रुपए जुमार्ना या ६ माह की सजा का प्रावधान है।

# जेम पोर्टल पर खरीदी प्रक्रिया हेतु एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रय सम्पन्न

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम पोर्टल से किये जाने के संबंध में पोर्टल की प्रक्रिया से क्रेता विभागों एवं विक्रेताओं को अवगत कराने हेतु एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को जिला सरगुजा कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेम पोर्टल पर क्रेता-विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, प्रोफाईल की पूर्णता की जानकारी, क्रेता-विक्रेता मूल्यांकन छूट की जानकारी, ऑनबोर्डिंग सेवा प्रदाता की जानकारी व बोली में लिये जाने वाले भागीदारी के संबंध में वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से आवश्यक जानकारी जेम पोर्टल के विशेषज्ञ द्वारा प्रदान की गयी। संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा के महाप्रबंधक श्री अंकुर गुप्ता, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जशपुर के महाप्रबंधक श्री एम.एस. पैंकरा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलरामपुर के महाप्रबंधक श्री लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सूरजपुर व मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न क्रेता विभाग के अधिकारी एवं संभाग के विभिन्न जिलों के विक्रेता इकाइयां उपस्थित रहे।

इलाज में सबसे सस्ता
व्यवस्था में सबसे अच्छा
तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
प्रतिदिन उपलब्ध . . . .
डॉ. आशीष जायसवाल
MD, (Physician)



सुविधाएं -
डायबिटिज (शुगर, मधुमेह) हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार, सभी प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार) ब्लड प्रेशर/हायपरटेंशन, एनीमिया सिकलिंग थैलीसीमिया, टी.बी. श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी, संबंधी समस्त रोग, सिर मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त पुराने रोग का ईलाज की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222535, 9425383780, 9826183780
8224003799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

# सड़क, नाली, नहर की समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद सहित वार्ड वासियों ने निगम को घेरा

## वार्ड के विकास के लिए तत्काल राशि आवंटित करने की मांग, कहा.. काम नहीं हुआ तो बरसात में होगी दिक्कत

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** सड़क, नाली, नहर की समस्या का आज दिनांक तक समाधान नहीं होने को लेकर मंगलवार को वार्ड क्रमांक ४१ के पार्षद मोहम्मद बाबर सहित कांग्रेस के पूर्व पार्षद और भारी संख्या में वार्ड वासियों ने नगर निगम का घेराव किया। इस दौरान वार्ड वासियों के द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। लोगों के आक्रोश को देखते हुए नगर निगम का मुख्य द्वार पुलिस के द्वारा बंद कर दिया गया था। बाद में पार्षद और वार्ड वासियों ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए वार्ड के विकास के लिए तत्काल राशि आबंटन की मांग की। वार्ड वासियों ने कहा कि नगर का वार्ड क्रमांक ४१ नवागढ़ जो नगर पालिक निगम अम्बिकापुर का सबसे बड़ा क्षेत्रफल एवं जनसंख्या वाला वार्ड है जो पूर्व में पंचायत से निगम में शामिल हुआ है, चूंकि पंचायत से निगम में शामिल होने के कारण विगत १५ वर्षो से तेजी विकास नहीं हो रहा है जहां नाली, सड़क, नहर की सफाई इत्यादि नहीं होने के कारण वार्ड का विकास रुका हुआ है।





वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण सड़क अच्छी नहीं होने से सडक कीचड़ में तब्दील हो जाएगी जिससे आवागमन बाधित हो जाएगा। जल जमाव की स्थिति निर्मित हो जायेगी, इसलिये उक्त समस्या का समाधान तत्काल किया जाये तत्काल अधोसंरचना मद डीएमएफ मद, महापौर निधी, कमिश्नर फंड, से २०,००,०००/- रुपए आबंटित किया जाये ताकि आम जनता को यथाशीघ्र राहत मिल सके। दिनांक २३ फरवरी २५ को वार्ड में लगभग १५ करोड का प्रस्ताव निगम को भेजा गया था, किन्तु आज दिनांक तक अधिकारियों के द्वारा उक्त प्रस्ताव पर कोई विचार नहीं किया गया,

और ना ही राशि आबंटित की गयी, जिससे विकास रुका हुआ है।

आरोप लगाया गया कि निगम अम्बिकापुर के अन्य वार्ड जो बीजेपी शासित है, उन वार्डो पर ३० से ४० लाख रुपए विकास कार्य हेतु आबंटित किया जा चुका है, इस प्रकार वार्ड कमांक ४१ के साथ भेदभाव किया गया है। पार्षद और वार्ड वासियों ने कहा की मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन एवं चक्का जाम किया जायेगा। पार्षद और वार्ड वासियों में मांग करते हुए कहा कि वार्ड कमांक ४१ के उपरोक्त समस्या का समाधान यथाशीघ्र करते हुये राशि २०,००,०००/- (बीस लाख रुपए) विकास कार्य हेतु आबंटित किये जाए। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में वार्ड वासी मौजूद रहे।

## मत्स्याखेट पर 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंधित

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया है कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत १६ जून से १५ अगस्त २०२५ तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

# पुनर्वास भूमि की पट्टे की सत्यता की जांच एवं भौतिक सत्यापन कराने की मांग

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** स्व. श्री विनोद राय को प्राप्त पुनर्वास भूमि की पट्टे की सत्यता की जांच एवं भौतिक सत्यापन कराने की मांग सुभाषनगर, वार्ड क्रमांक २ अंबिकापुर के वार्ड वासियों ने किया है। इस संबंध में संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञापन के जरिए बताया गया कि सन १९७१ के दशक में पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में हुए शीतयुद्ध के कारण बहुत से बांग्लादेशी शरणार्थी भारत में आ



गए जिन्हें देश के विभिन्न राज्यों सहित अभिभाजित मध्यप्रदेश के सरगुजा जिले जो की पाँचवी अनुसूचित क्षेत्र है में भी ५ से ७ एकड़ भूमि देकर बसाया गया. जिसके तहत विषयंकित व्यक्ति स्व. विनोद राय को भी ७ एकड़ शासकीय पुनर्वास भूमि अंबिकापुर स्थित ग्राम सुभाषनगर मे प्राप्त हुआ था, जिसे श्री विनोद राय के मृत्यु पश्चात उनके पुत्र व पुत्रीयों ने उक्त भूमि को हमें बेच दिया। जिस पर हम आदिवासी समुदाय के लोग विगत २०-२५ वर्षो से घर व बाड़ी बनाकर निवासरत हैं। उक्त भूमि का समयानुसार मूल्यवृद्धि के कारण उनके पुत्र पुत्रियों द्वारा पैसे की मांग कर रहे हैं तथा नहीं देने पर थाना, तहसील व न्यायालय में कंप्लेंट करते हैं जिससे हम लोग बहुत परेशान हो चुके हैं। वार्ड वासियों ने मामले में उनके सर्टिफिकेट की जांच करते हुए संबंधित भूमि को शून्य करने की मांग की गई है।

# समभाव महिला मंच अंबिकापुर ने किया सत्र 2024- 2025 में मेधावी रहे छात्र-छात्राओं का सम्मान

अम्बिकापुर( अम्बिकावाणी समाचार)।
स्थानीय होटल पर्पल आर्किड के भव्य सभागार में समभाव महिला मंच के द्वारा सत्र २०२४- २५ में १० वीं एवं १२ वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मेधावी रहे कुल २३ छात्र - छात्राओं का सम्मान किया गया। सम्मानित हुए मेधावी छात्र - छात्रायें होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल,कार्मेल स्कूल,ओरियंटल पब्लिक स्कूल,होली क्रॉस कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर से रहीं।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम अंबिकापुर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, विशिष्ट अतिथि शफी अहमद खान पूर्व अध्यक्ष श्रमिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका निगम अंबिकापुर ,श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी सभापति नगर पालिका निगम अम्बिकापुर, डॉ सिस्टर जेस्सी थेक्कन प्राचार्या होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ( अंग्रेजी माध्यम) एवं नगर की प्रतिष्ठित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पुष्पा सोनी जी के गरिमामयी आतिथ्य एवं सुश्री वन्दना दत्ता संयोजिका एवं संस्थापिका समभाव महिला मंच अंबिकापुर के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय संयोजक नवा बिहान निदेशक चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं अनिल कुमार मिश्रा समन्वयक नवा बिहान मुख्य कार्यकारी छत्तीसगढ़ प्रचार एवं विकास संस्थान तथा मेधावी छात्र -छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ शबनम खानम एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती हेना परवीन ने किया। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने अपने उद्बोधन में मेधावी छात्र - छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने इस सफलता से पूरे नगर का मान



बढ़ाया है ।साथ ही इस भव्य आयोजन के लिए महापौर ने समभाव महिला मंच की संयोजिका सह संस्थापिका के कुशल नेतृत्व की खूब सराहना की। मंजूषा जी ने कहा कि मुझे गर्व है कि इस मंच की स्थापना ( २०१५ ) से लेकर अब तक मैं मैं भी इस मंच की एक सक्रिय सदस्य हूं । मुझे महापौर बनने के इस सफर में समभाव महिला मंच का बहुत बड़ा श्रेय रहा है। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका निगम अम्बिकापुर श्री शफी अहमद खान ने अपने उद्बोधन में सभी मेधावी छात्र -छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज इस मौके पर इन मेधावी बच्चों के अभिभावकों के चेहरे की खुशी बता रही है कि उनके बच्चों ने उन्हें दुनिया की सबसे बड़ी खुशी दी है ।इन होनहार प्रतिभावान बच्चों की सफलता के लिए इनके विद्यालयों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को श्री शफी अहमद जी ने बधाई देते हुए समभाव महिला मंच के इस भव्य आयोजन की सराहना की गई। विशिष्ट अतिथि सभापति नगर पालिक निगम अंबिकापुर हरमिंदर सिंह टिन्नी के द्वारा अपने उद्बोधन में सभी मेधावी बच्चों एवं इनके अभिभावकों तथा विद्यालयों को बधाई देते हुए कहा कि आज की ये सफलता आपकी नींव है ।अभी तो जीवन में बहुत आगे जाना है। हर कदम पर आज की इस सफलता से आपको प्रेरणा मिलती रहेगी।नगर से सबसे अधिक मेधावी बच्चों की सूची में प्रथम रहे स्थानीय होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) की प्राचार्य डॉ सिस्टर जेस्सी थेक्कन जी ने मेधावी बच्चों के आत्मविश्वास,मेहनत और लगन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज इसी का प्रतिफल है कि आप सभी के लिए आज ये सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।

इसी तरह आप सभी ये निरंतरता बनाए रखें। और खूब आगे बढ़े । समभाव महिला मंच की संरक्षिका शहर की प्रतिष्ठित वरिष्ठ डॉ पुष्पा सोनी एवं वरिष्ठ समाजसेवी संस्था से आए श्री मंगल पाण्डेय ने भी इस भव्य और गरिमामयी आयोजन के लिए सुश्री वंदना दत्ता जी और उनकी पूरी टीम को बधाई दी गई।साथ ही मेधावी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज की ये अपार सफलता आपके जीवन में यूं ही निरंतर बनी रहे । आप सभी जीवन की हर परीक्षा में यूं ही मेधावी बने रहें।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन पश्चात ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण कर सरस्वती से किया गया सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अनिता मंदिलवार ने अपने मधुर स्वर में की साथ हीआयोजन समिति की सदस्य वहीदा अहमद,तनुश्री मिश्रा, डॉ शबनम खानम,मोनो बी दत्ता, हिना परवीन और हिना रिजवी भी सहभागिता की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीता स्वर्णकार, मुक्ता गुप्ता, अनुभा डबराल, जयंती तिवारी, रुही कमर, चयती अग्रवाल, चेतना मुंजे, लिलि बसुराय, रिया तिवारी, सपना चोपड़ा, सिया तिवारी, सपना चोपड़ा,वर्णिता भसीन,संगीता सिंह,अंजना परिहार और फरीदा खान का सहयोग सराहनीय रहा।

कार्यक्रम में समभाव की वरिष्ठ सदस्य सन्तोष पाण्डेय, जया तिवारी, रुबी सिद्दीकी, उमा वर्मा श्वेता गुप्ता, निलिमा गोयल, आशा राणा, किरण गुप्ता, ज्योति दिवेदी, आशा गुप्ता, सुनीता लाल, हिना सेन, स्मिता तिवारी, लिलि कहकशां, अलका इंगोले, कुंजबाला जायस्वाल, पूनम जायसवल, आतिशी भटाचार्य,मधु चौदहा,विमला यादव, नमिता चावला, श्रद्धा खेर पाण्डेय , अणिमा मजूमदार, श्रद्धा सोनी, सुनीता लाल, संगीता गुप्ता,पूनम मिश्रा, शिरीन खान नुजहत फातिमा उमा वर्मा और अन्य सदस्य अभिभाभावक , बच्चे, स्कूल के स्टाफ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत मे सदस्यों ने अहमदाबाद के विमान दुर्घटना में दिवंगत परिवारों के लिए गहरी संवेदनाएं प्रकट की।इस अवसर पर मेधावी बच्चों के माता-पिता एव परिजन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
चोरी के मामले में थाना उदयपुर पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस ने बताया कि प्रार्थी क्रान्ति कुमार रावत निवासी उदयपुर थाना उदयपुर द्वारा ७ अप्रैल कों थाना उदयपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का मेन रोड उदयपुर स्टेट बैंक के सामने साई ऑफसेट एवं स्टेशनरी का दुकान है। ४ अप्रैल कों प्रतिदिन की तरह प्राथी अपना दुकान बंद कर घर चला गया था अगले दिन वापस सुबह दुकान आकर देखा तो पता चला कि काउंटर मे रखा नगद रकम ०१ लाख रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है, प्रार्थी द्वारा शंका व्यक्त किया गया था कि पूर्व के दुकान मे काम करने वाला युवक



खोडरी निवासी दबेल दास ही दुकान मे चोरी की घटना कारित किया होगा, दबेल दास पूर्व मे भी प्रार्थी के दुकान से शादी कार्ड की चोरी की घटना कारित किया था, जिसे प्रार्थी समझाइस देकर छोड़ा था।मामले मे प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना उदयपुर मे धारा ३३१(२), ३०५(ए) बी. एन. एस. का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा पुलिस टीम कों चोरी के मामलो मे त्वरित कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम मे पुलिस टीम द्वारा दौरान मामले के संदेही कों पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना नाम दबेल दास आत्मज स्व. अमृत दास रामप्रसाद उम्र २६ वर्ष निवासी खोडरी स्कूलपारा थाना उदयपुर का होना बताया, आरोपी से चोरी की घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर घटना दिनांक कों दुकान के पीछे दीवाल से सेंध लगाकर काउंटर मे रखे नगद रकम ०१ लाख रुपये की चोरी करना स्वीकार किया गया, पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से नगद २००००/- रुपये बरामद किया गया है, आरोपी द्वारा शेष रकम खर्च हो जाना बताया है, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी कों प्रकरण मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।
सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी उदयपुर उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, प्रधान आरक्षक संजय नागेश, आरक्षक देवेंद्र सिंह अजय शर्मा, रविंद्र साहू, सूरजबली सिंह सक्रिय रहे।

# अंतर्गत विश्व योग दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय योग कार्यक्रम का आयोजन

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर अंबिकापुर सरगुजा मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत विश्व योग दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय योग कार्यक्रम का आयोजन १७ जून से २१ जून तक सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी (रा. से. यो.)श्रीमती रानी रजक के नेतृत्व मे कराया जा रहा है।मंगलवार को पांच दिवसीय योग कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। योग प्रशिक्षण प्रसिद्ध योगाचार्य श्री अजय तिवारी जी शिक्षक आर्ट एवं लिविंग अंबिकापुर द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने आज सर्वप्रथम योग के इतिहास, महत्व और वर्तमान



समय में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

प्रतिभागियों को योग की मूल अवधारणाओं जैसे प्राणायाम, आसन, ध्यान आदि के बारे में जानकारी दी गई। तथा प्रथम सत्र में सुखासन, ताड़ासन, वज्रासनज जैसे सरल योगासन सिखाए गए। साथ ही, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, और कपालभातिज जैसे प्रारंभिक प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग कार्यक्रम मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी ( रा. से. यो.) श्रीमती रानी रजक, सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रियलता जायसवाल, मिथलेश कुमार गुर्जर, सुश्री सविता यादव, सुश्री सीमा बंजारे, सुश्री पूजा रानी, सुश्री ज्योत्सना राजभर, सुश्री अर्चना सोनवानी, श्रीमती गोल्डन सिंह, श्री नितेश कुमार यादव, सुन्दरराम एवं बी. एड प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

# हेड मास्टर शराब पीकर फर्श पर बेसुध रहा, ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर किया वायरल

## बीईओ ने स्कूल में जांच कर ग्रामीणों के बयान के बाद सस्पेंड करने अधिकारियों को भेजी रिपोर्ट

उदयपुर( अम्बिकावाणी समाचार)।
शैक्षणिक सत्र के पहले दिन हेडमास्टर शराब पीकर देरी से स्कूल पहुंचा और बरामदे के बाहर ही लुढ़क गया। जिसकी ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इससे शिक्षा विभाग में किरकिरी उड़ रही



है।
मामला सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लॉक का है। शिक्षा सत्र के प्रथम दिन यहां देवटिकरा प्राइमरी स्कूल में जब अभिभावक स्कूल पहुंचे तो शिक्षक स्कूल के बाहर ही नशे बेसुध पड़ा था। स्कूल खुलने पर हेडमास्टर ने पार्टी की और नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा। शिक्षक ने इतना पी लिया कि, नशे में स्कूल के बाहर बरामदे में ही लुढ़क गया। इसकी ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं, स्कूल में पोस्टेड दूसरा टीचर भी नदारद था।

सूचना पर दोपहर करीब १२.३० उदयपुर बीईओ मौके पर जांच करने पहुंचे तो स्कूल में ताला बंद मिला। ग्रामीणों ने शराबी शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बीईओ रविकांत यादव ने बताया मेरे पहुंचने से पहले हेडमास्टर वहां से उठकर चला गया था। हालांकि स्कूल में ताला बंद ही मिला। ग्रामीणों की बयान पर शिक्षक रजक राम के खिलाफ सस्पेंड करने की अनुशंसा डीईओ सरगुजा को भेजा हूं। वहीं हेडमास्टर के अलावा दूसरा शिक्षक भी स्कूल नहीं पहुंचे थे। बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण चोलाराम के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

# प्रचार प्रसार के आभाव में धरती आबा जनभागीदारी शिविर में नही पहुंच रहे लोग...

**राजपुर(शंकरगढ़ )-(अम्बिकावाणी समाचार)।**
केन्द्र सरकार के द्वारा धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों से संतृप्त किया जाना और अभियान के प्रति जनजागरूकता लाना है। अभियान में ग्राम एवं कलस्टरों में तिथिवार शिविरों के माध्यम से स्थल पर ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता इत्यादि १७ प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाएगी। इसी तारतम्य में बलरामपुर जिले में भी इस शिविर का आयोजन कलस्टरों के माध्यम से किया जा रहा है।

बलरामपुर जिले के विकासखंड शंकरगढ़ में भी धरती




आबा जनभागीदारी शिविर की शुरूआत दिनांक १७ जून २०२५ को समय १० बजे से ०४ बजे तक पूर्व माध्यमिक शाला कमारी में किया गया जहां दस ग्राम पंचायत के विशेष जनजाति के लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाना था लेकिन इस कलस्टर में मात्र १४ से १५ लोगों के समस्याओं को सुना गया व संबंधित विभाग ने उनका निराकरण भी किया। छत्तीसगढ़ सरकार और जिला स्तर के अधिकारी लगातार विशेष जनजाति के लोगों को बेहतर सुविधाएं दे कर उनकी समस्याओं का निराकरण की प्रयास में लगी है बावजूद इसके जनपद स्तर में बैठे अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं जिसका खामियाजा ग्रामीणों के साथ साथ छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी योजनाओं को भुगतना पड़ रहा है। बलरामपुर जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण बेहद पिछड़ा हुआ है इस क्षेत्र में विशेष जनजाति के लोग बहुतायत रुप से पहुंच बिहीन क्षेत्रों में निवास करते हैं जो अपनी समस्याओं को लेकर जनपद कार्यालय या जिला कार्यालय नही जा पाते इसी उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार जनपद स्तर पर कई ग्राम पंचायतों का एक कलस्टर के माध्यम से विषेश जनजाति के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देकर उनका उत्थान करना चाहती है। आपको बता दें कि विशेष जनजाति के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी के आभाव में वे योजनाओं का लाभ नही ले पाते हैं,ऐसे में जनपद स्तर के अधिकारियों को उन सभी विशेष जनजाति के लोगों सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए लेकिन आज जब धरती आबा जनभागीदारी का शिविर शंकरगढ़ जनपद के कमारी कलस्टर में आयोजित किया गया जहां संबंधित अधिकारी तो मौजूद रहे लेकिन जिस संख्या में हितग्राहियों को पहुंचना था उस संख्या में लोग नही पहुंचे, उपस्थित प्रभारी अधिकारी चन्द्रशेखर कुमार, व्याख्याता गर्ल्स स्कूल शंकरगढ़ से इस संबंध में जब पुछा गया तो उन्होंने अपने बचाव में खराब मौसम का हवाला दे कर बचते नजर आए। इस योजना को लेकर जनपद स्तर पर संबंधित ग्राम पंचायतों में प्रचार प्रसार नही किया गया बल्कि जनपद के अधिकारी ग्राम पंचायतों के सचिवों को जवाबदारी दे कर स्वयं अपने चेम्बर में बैठ कर कोरम पुरा करने में लगे हुए हैं जिससे सरकार की योजनाओं का सही क्रियान्वयन नही हो पा रहा है जिसपर शासन प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।

# प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में संकल्प से सिद्धि की दिशा में विकास और राष्ट्रीय चिंतन पर हुआ मंथन

अम्बिकापुर( अम्बिकावाणी समाचार)।
संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत आज अंबिकापुर स्थित होटल पर्पल आर्चीट में एक भव्य प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भावना बोहरा, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरगुजा के जिला प्रचारक जितेंद्र शर्मा, विषय वक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, विशिष्ट अतिथि अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल एवं प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, महापौर मंजूषा भगत तथा अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम उद्घोष वंदे मातरम् के साथ आरंभ हुआ, जिसमें जिला प्रचारक जितेंद्र शर्मा ने देश की ऐतिहासिक गरिमा और भारत की सांस्कृतिक तथा संसाधन-संपन्नता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि १९४७ के बाद भारत को जानबूझकर एक गरीब और असहाय राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया गया जबकि हकीकत यह है कि भारत की धातुएँ, संस्कृति और संसाधन विश्व की सर्वोत्तम श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना तभी साकार होगी जब नेशन फर्स्ट का भाव सभी नागरिकों के मन में हो और ईमानदारी से हम अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कोरोना काल में देश की एकजुटता, थाली बजाने जैसे प्रतीकों के महत्व और स्वदेशी के प्रति जागरूकता की भी






सराहना की।
विधायक भावना बोहरा ने अपने वक्तव्य में सेवा, सुशासन और संकल्प को देश की प्रगति की त्रिवेणी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर शौचालय, उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने आमजन को सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज भारत की वैश्विक छवि पूरी तरह बदल चुकी है, राम मंदिर और कॉरिडोर को देखने विदेशों से लोग आ रहे हैं, महिलाएं सशक्त हुई हैं और भारत अब तीसरी वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।
पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्र सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास पर जोर देते हुए कहा कि २२ अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारत ने एयर स्ट्राइक कर करारा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि ३७० धारा की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, १२ करोड़ शौचालय, २५ करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालना जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियाँ मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण हैं। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में रेलवे, हवाई अड्डा, मोबाइल टावर, और अधोसंरचना विकास की भी सराहना की और कहा कि कांग्रेसी सरकार के समय ५७ वर्षों में जो नहीं हुआ, वह पिछले १७ वर्षों में संभव हुआ है।
भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सम्मेलन में आए सभी अतिथियों और प्रबुद्धजनों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण की ओर एक ठोस कदम है।
इस अवसर पर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ११ वर्षों में देश ११ वीं से पांचवी फिर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। मोदी जी के नेतृत्व में आने वाले समय में देश विकसित राष्ट्र भी जरूर बनेगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को शॉल,श्रीफल व स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी रजनीश पांडेय द्वारा किया गया।
इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, हरपाल सिंह भामरा, अंबिकेश केशरी, डॉ लक्ष्मण सिंह चौहान, संतोष चौदह, अशोक सिंह, शिरीष मिश्रा, देवेन्द्र दुबे, डॉ योगेन्द्र सिंह गहरवार, अजय तिवारी, मंगल पांडेय, एन पी सिंहदेव , सुशील चतुवेर्दी, दीपतेन्द्र पुरिया, जन्मेजय पाण्डेय, धनंजय मिश्रा, अमरेंद्र गुप्ता, आशा तिवारी, आशा जायसवाल, रेखा जायसवाल, विधि अग्रवाल, प्रवीण पाण्डेय, सुश्री वंदना दत्ता, श्रीमती रेनू सिंह आरएसएस, श्रीमती मुक्ता गुप्ता सामाजिक संस्था, श्रीमती सत्या गुप्ता एडवोकेट, श्रीमती ममोल कोचेटा, श्रीमती ज्योति द्विवेदी , श्रीमती आशा तिवारी एडवोकेट, श्रीमती आशा राणा लायंस क्लब, श्रीमती नमिता चावला व्यावसायिक संस्थान, श्रीमती अंजना परिहार, श्रीमती चैती अग्रवाल सामाजिक संस्था, सुश्री अनुभा डबराल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित रहे।

**सहायक समन्वयक एवं लेखापाल हेतु दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा 23 जून को**

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला पंचायत अंतर्गत डीपीएमयू (डिस्ट्रीक्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट) हेतु सहायक जिला समन्वयक एवं जिला पंचायत संसाधन केन्द्र हेतु लेखापाल के १-१ पद हेतु संविदा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची प्रकाशित कर आवेदकों द्वारा दावा-आपत्ति हेतु २३ मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। इसके पश्चात सूक्ष्म परीक्षण कर दावा आपत्ति निराकरण पश्चात पात्र-अपात्र अंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन समिति के द्वारा तैयार किया गया है तथा नियमानुसार अनुपातिक आधार पर अभ्यर्थियों की दस्तावेज सत्यापन, कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा हेतु समय सारणी पत्र प्रारूप तैयार किया गया है।

डीएसपी की पत्नी का बर्थडे सेलिब्रेशन, दर्ज हुई एफआईआर पेज 09



# धरती आबा अभियान से वंचित एवं पात्र आदिवासी परिवारों तक पहुँचेगा योजनाओं का लाभ

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविरों की शुरूआत हो गई है। आदिवासी बहुल ग्रामों में शासन की योजनाओं की लाभ संतृप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ३० जून तक जिले के सभी विकासखंडों में कुल ५७ शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में सरगुजा लोकसभा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, उपाध्यक्ष श्री धीरज सिंह देव, कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगरपालिका उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत भेलवाडीह के सरपंच, सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने कार्यक्रम को स्थानीय बोली में संबोधित करते हुए धरती आबा अभियान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऱ्सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयासज्ञ की भावना के अनुरूप देश के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। सांसद श्री महाराज ने कहा कि पहले चरण में सड़क, आवास, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया गया। अब दूसरे चरण में ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत उन गांवों को चिन्हित किया गया है जिनकी जनसंख्या ५०० से अधिक है। वहां रहने वाले आदिवासी परिवारों को योजनाओं से जोड़ने हेतु जागरूकता एवं लाभ प्रदाय के लिए जनभागीदारी अभियान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ी कोरवा सहित अन्य आदिवासी जनजातियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब




तक जनजातीय समुदाय को योजना की जानकारी नहीं होगी, तब तक वे उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। इसलिए सभी नागरिकों को इन शिविरों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेनी चाहिए और अपने विकास की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। श्री महाराज ने कहा कि ये शिविर केवल लाभ वितरण का माध्यम नहीं, बल्कि जनजातीय समुदाय को देश की प्रगति की मुख्यधारा में सम्मिलित करने का एक प्रभावी प्रयास हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज ने कहा कि यह अभियान केंद्र सरकार की एक दूरगामी सोच का परिणाम है, जो अंतिम छोर पर बसे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचने का माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि शिविरों में किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी १७ सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने बताया कि धरती आबा अभियान का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऱ्पीएम जनमनज्ञ योजना के प्रथम चरण में विशेष पिछड़ी जनजातियों को आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का कार्य हुआ। अब दूसरे चरण में मॉडल ग्राम की संकल्पना के तहत आदिवासी गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, कौशल विकास और रोजगार जैसी सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।उन्होंने बताया कि पहले चरण में लाभ से वंचित परिवारों की पहचान की गई थी और अब उन्हें प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। श्री कटारा ने युवाओं को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जाने की बात कही।

शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं से जोड़ते हुए आवश्यक दस्तावेज और सामग्रियों का वितरण किया गया। इनमें राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, किसान बीज, स्वेच्छानुदान राशि के चेक जैसे लाभ शामिल थे।

कार्यक्रम के पश्चात सांसद श्री चिंतामणि महाराज, कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## छात्रावास अधीक्षक श्रेणी स एवं श्रेणी द की वरिष्ठता सूची प्रकाशित

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार वर्ष २०२२, २०२३ एवं २०२५ में पदोन्नत हुए छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना हेतु काउंसलिंग किया जाना है। आदिवासी विकास विभाग सरगुजा के सहायक आयुक्त ने बताया कि सरगुजा जिले अंतर्गत पदस्थ छात्रावास अधीक्षकों की आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास अटल नगर नवा रायपुर के आयुक्त द्वारा जारी छात्रावास अधीक्षक श्रेणी ज्सज् एवं छात्रावास अधीक्षक श्रेणी ज्दज् की अनन्तिम पदक्रन सूची ०१ अप्रैल २०२४ के अनुसार वरिष्ठता सूची तैयार कर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर के सूचना पटल पर प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची में किसी भी अधीक्षक को आपत्ति हो तो १८ जून २०२५ को प्रातः ११.०० बजे तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समस्त पदोन्नत अधीक्षक श्रेणी ज्सज् का १८ जून २०२५ को दोपहर ०१:०० बजे आदिवासी विकास सहायक आयुक्त कार्यालय अम्बिकापुर में पदस्थापना हेतु काउंसलिंग आयोजित है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए 18 जून को शिविर आयोजित

बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।

जिला परिवहन अधिकारी श्री यशवंत यादव ने बताया है कि जिले के २०१९ से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा १८ जून २०२५ को जिला परिवहन कार्यालय बलरामपुर, तहसील कार्यालय शंकरगढ़, तहसील कार्यालय रामानुजगंज एवं तहसील कार्यालय वाड्रफनगर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है। इसके लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। दो पहिया वाहन के लिए ३६६ रुपये, तीन पहिया वाहनों के लिए ४२८ रुपये, चार पहिया वाहनों के लिए ६५७ रुपये तथा भारी माल वाहनों के लिए ७०६ रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा परिवहन सुविधा केंद्र में फॉर्म भरने पर ५० रुपये अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

## खेल अलंकरण सम्मान के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को प्रतिवर्ष खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। खेल अलंकरण सम्मान में शहीद राजीव पाण्डे, शहीद कौशल यादव, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्राफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि एवं डाइट मनी के लिए खिलाड़ियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन २६ जून २०२५ तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर या जिला कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग बलरामपुर में सीधे जमा कर सकते हैं। यह पुरस्कार वर्ष २०२३-२४ एवं २०२४-२५ के लिए दिया जायेगा। खिलाड़ियों को पृथक-पृथक वर्षो के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना पड़ेगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ.ग. की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए सीनियर वर्ग के खिलाड़ी जिनके द्वारा राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो। इसी प्रकार शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को जिनके द्वारा राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत पांच वर्षो में चार बार सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चौम्पियनशिप छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। खेल से जुड़े ५५ वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने के लिए विचार किया जाए उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है।

इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए रुपए ०३ लाख. शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए १ लाख ५० हजार रुपये, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए १ लाख ५० हजार रुपये, शहीद पंकज विक्रम सम्मान व शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए २५-२५ हजार रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग के दलीय खेलों के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाएगी,

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ.आर.के.साहू
MD, DM (nephrology)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
• शरीर में सूजन हो, • खून की कमी, • थकावट, सांस का फूलना, • पेशाब में तकलीफ जैसे • रक्त का आना, दर्द होना,।
डॉ. नीरज प्रसाद
MS, MCH, Neurosurgery
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
• सिर की चोट, स्पॉन्डिलाइटिस, • ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज • चेहरे पर तीव्र दर्द, लकवा, मिर्गी • बच्चों के कमर में गठान, • रीढ़ की हड्डी का टी.बी.
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड अम्बिकापुर
डॉ.महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB (Haderbad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
• ब्रेन ट्यूमर, निंद की कमी, • मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या • स्पॉन्डिलिसिस, स्पाइन की समस्या • हाथ, पीठ, तानु या पैर में दर्द, • पैर सुन्न होना
तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
1.5 TESLA MRI
22 जून 2025, प्रत्येक माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल
¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY
(स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर,
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्ध:-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के
विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे
शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई | ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
सीटी स्कैन | ई.ई.जी, ई.सी.जी.
सोनोग्राफी | टीकाकरण की सुविधा
टी.एन.टी. | प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वस्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर मे अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों मे दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार हे
पता : माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबूपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

## इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**नागपुर,17 जून (ए)।** कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह उस समय इमरजेंसी में नागपुर एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा, जब उसमें बम की धमकी मिलने की खबर सामने आई. जैसे ही यह सूचना मिली कि विमान में विस्फोटक हो सकता है, तुरंत नागपुर एयरपोर्ट को अलर्ट पर रखा गया और रनवे खाली कराया गया. पायलट ने पूरी सतर्कता बरतते हुए विमान को सुरक्षित लैंड कराया.

पिछले कुछ समय में ऐसी कई धमकियां मिल चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश फर्जी साबित हुई हैं. इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियां किसी भी खतरे को हल्के में नहीं ले रही हैं. नागपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों को सुरक्षित रखने के लिए तमाम जरूरी इंतजाम किए गए हैं.

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस माध्यम से धमकी मिली, उसकी भी तकनीकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह शरारत है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा. एयरलाइन और डीजीसीए ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच का आदेश दिया है.

खेल अलंकरण सम्मान के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जून...पेज 11



## 30 जून के पूर्व हर हाल में कराएं राशनकार्ड का केवाईसी,अन्यथा होगी दिक्कत

### ०० जिले में ८३ हजार लोगों ने नही कराया है केवाईसी




**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के. अंतर्गत २४६३९२ राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डो में ८०००४० सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से ७१७१५१ सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो गया है। ८२८८९ सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। भारत सरकार द्वारा ०५ वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवाईसी एप के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते है। मेरा ई-केवाईसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डो में पंजीकृत सभी जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु ३० जून तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें।

## स्वच्छ भारत मिशन एवं नशा मुक्त भारत अभियान के लिये शपथ



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज स्वच्छ भारत मिशन एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसंचालक ने कहा कि समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और नशामुक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, सचिवों और स्वच्छता दीदियों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

इस अवसर पर उपसंचालक द्वारा सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत की दिशा में कार्य करने और जिले को पूर्णतः नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं।

## मैनपाट में 'उल्टापानी' केवल दृष्टिभ्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हुआ खुलासा



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सरगुजा जिले के मैनपाट में स्थित प्रसिद्ध 'उल्टापानी' ग्रेविटी हिल, जहाँ पानी और वाहन ढलान पर ऊपर की ओर बढ़ते प्रतीत होते हैं, अब वैज्ञानिक रूप से स्पष्ट हो गई है। सेंजेस नवापारा, सूरजपुर में भौतिकी के व्याख्याता दुष्यंत कुमार राजवाड़े द्वारा किए गए एक व्यवस्थित अध्ययन ने इस लंबे समय से चले आ रहे भ्रम को दूर कर दिया है कि यह कोई चुंबकीय प्रभाव है या गुरुत्वाकर्षण के नियम यहाँ विफल होते हैं।पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के शोध जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में उल्टापानी का एक डिजिटल एलिवेशन मॉडल, ३डी मानचित्र, ऊंचाई प्रोफाइल और एक कंटूर मैप तैयार किया गया, जिसने साइट की वास्तविक ढलान को स्पष्ट किया।दुष्यंत कुमार राजवाड़े बताते हैं, "डेटा विश्लेषण और भौतिक सत्यापन से यह स्पष्ट है कि यहाँ कोई रहस्यमय या चुंबकीय शक्ति नहीं है जो पानी या वाहनों को ऊपर की ओर खींचती हो। वास्तव में, यह एक ऑप्टिकल इल्यूजन (दृष्टिभ्रम) है।"

उन्होंने आगे कहा, "यह पहली बार है कि यह वैज्ञानिक रूप से समझाया गया है कि पानी गुरुत्वाकर्षण के कारण नीचे की ओर ही बह रहा है।"यह शोध मैनपाट के इस लोकप्रिय पर्यटन स्थल के पीछे के वैज्ञानिक सत्य को उजागर करता है, और लोगों को प्राकृतिक घटनाओं को समझने के लिए एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है।

# भारत सरकार चला रही आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने दो महत्वपूर्ण समयबद्ध मिशन

### ◆ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का हुआ आयोजन



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** ऑडिटोरियम मे आज जनभागीदारी अभियान "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, बाबूलाल मोरापो ,श्रीमती हेमलता राजवाड़े, श्रीमती योगेश्वरी राजवाड़े, श्रीमती कलेश्वरी कुर्रे, विजय राजवाड़े,जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त घनश्याम कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत सरकार आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण और समयबद्ध मिशन चला रही है। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय -महा अभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान। इन पहलों का उद्देश्य देशभर के आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढांचे को परिपूर्णता प्रदान करना है। उन्होंने कहा इन का उद्देश्य अंतिम हितग्राहियों तक उनके व्यक्तिगत अधिकारों को परिपूर्ण करना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे मे जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से अपील की कि इस अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कलेक्टर एस.जयवर्धन ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान यह जनजातीय क्षेत्रों व समुदायों का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करने पर बल देता है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले जनजातियों को सड़क, जल, स्वास्थय, दुरसंचार, राशनकार्ड, बिजली एवं आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना सरकार का लक्ष्य है। गांव में रहने वाली जनजातीय आबादी को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत लगने वाले शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान जन-धन खाता, विधवा पेंशन, विकालांग पेंशन, बीपीएल विश्वकर्मा योजना, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग समेत अन्य कई विभागों का स्टॉल लगाया गया है, जिसका लाभ ग्रामीणों ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले इसके लिए सभी इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें।

### 00 30 जून तक जिलेभर में होंगे आयोजन....

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में चिन्हित जनजातीय गांवों में कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में आज से शिविरों का शुभारंभ किया गया। यह शिविर ३० जून तक आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य आदिवासी समुदायों के समग्र, समावेशी एवं टिकाऊ विकास को सुनिश्चित करना है।इस अभियान के तहत जिले के ६ विकासखण्डों में कुल २८४ चिन्हांकित ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार के १७ मंत्रालयों की २५ प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ लक्षित ग्रामीणों तक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जनधन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, नरेगा जॉब कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।धरती आबा अभियान का लक्ष्य बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्र में आदिवासी समुदायों को संतृप्त करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

## बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का भाव रखें समाज

### ०० विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर ..अपील
### ०० सलाह...घर के मुखिया जब भी बच्चों के बीच संपत्ति का बंटवारा करें अपने लिए एक हिस्सा जरूर रखें




**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** श्रीमती विनीता वार्नर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में "विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस" के अवसर पर जिला पंचायत सभा कक्ष में एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डायमंड कुमार गिलहरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, डी०एस० बघेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आशिष भगत, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, हदयनारायण श्रीवास्तव, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल, ए०के० गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक संघ, वक्ता एवं मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूवात नालसा की थीम सॉन्ग को प्रोजेक्टर पर चलाकर की गई।कार्यक्रम में डायमंड कुमार गिलहरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की घर के मुखिया जब भी बच्चों के बीच संपत्ति का बंटवारा करें अपने लिए एक हिस्सा जरूर रखें उन्होंने आगे वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य तभी पूरा होगा हर वरिष्ठ नागरिक अपने अधिकारों का उपयोग कर लाभ प्राप्त करेगा।कार्यक्रम में माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम २००७ के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सामना किए गए दुर्व्यवहार, परित्याग और दुरुपयोग के विभिन्न रूपों पर ध्यान आकर्षित करना था। साथ ही, उनके कल्याण की रक्षा करने और उनकी गरिमा को बनाए रखने के महत्व पर जागरूकता फैलाना, भेदभाव और उपेक्षा को खत्म करने की दिशा में प्रयास करना, दुरुपयोग से जुड़े नकारात्मक परिणामों के बारे में शिक्षित करने हेतु पहल करना तथा बुजुर्ग दुर्व्यवहार का मुकाबला करने के लिए मजबूत रणनीति विकसित करना और पीड़ितों को हर संभव व्यापक सहायता प्रदान करना रहा।कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने अनुभव साझा किए। उपस्थित वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही नालसा के वेबसाइट में अपलोड वरिष्ठ नागरिकों से संबंधी शॉर्ट स्टोरी वीडियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र प्रसाद पाठक, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक जीवन के महत्व पर जोर दिया और समाज से अपील की कि वे बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का भाव रखें।

## मंत्री लक्ष्मी कार्यकर्ताओ से मिल कर रही संवाद व मांग रही सुझाव



### ०० जनहित, विकास व संगठन मजबूती के लिए सामने आए कई सुझाव

**ओड़गी (अम्बिकावाणी समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल ओडगी के देवी धाम कुदरगढ़ के में सोमवार को "सुझाव पर संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मंडल के समर्पित कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित किया और जनहित, विकास एवं संगठनात्मक मजबूती से जुड़े मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित किए।मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा ने स्वागत भाषण में ऐसे संवाद कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।इस दौरान कार्यकताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यो को लेकर प्रमुख सुझाव प्रस्तुत किए।इस कार्यक्रम में ठाकुर प्रसाद राजवाड़े (मंत्री प्रतिनिधि), सत्यनारायण सिंह,अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री भाजपा,बाबूलाल मरापो जिला पंचायत सदस्य ओड़गी,कुसुम सिंह जिला पंचायत सदस्य बिहारपुर बलराम सोनी राज्य बाल सरंक्षण समिति सदस्य रुजेश तिवारी पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओड़गी ,अशोक गुप्ता वरिस्ठ सदस्य भाजपा प्रदीप द्विवेदी जिलापदाधिकारी भाजपा संतोष सिंह ,केसव सिंह वीरेन्द्र पाण्डेय ,पुष्पेंद्र गुर्जर ,दुर्गा गुप्ता विभीषण यादव जनपद सदस्य ,गौरी सिंह, रघुवंश सोनी, भानु कुशवाहा, अनिता पैकरा, अनिता चेरवा, हीराचंद गुप्ता ,प्रवीण गुर्जर, शिवकुमार राजवाड़े, उमेस्वर गुर्जर, नरेश जायसवाल, जगदेश यादव बिजेन्द्र देवांगन, सरोज सिंह सुधीर चौबे, रमेश सोनी, बृजेश कासी नागेंद्र मिश्रा, वंशलाल सिंह बेबी बंछोर नीरज गुर्जर ,विजय गुर्जर ,अरुण सिंह शंकर दुबे, धर्मराज सिंह कृतपाल सिंह सोहन कुर्रे रामसुभग कुर्रे एवम समस्त भाजपा मोर्चा ,प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने अपना अपना सुझाव दिया।कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री आशिष प्रताप सिंह ने किया ,एवम आभार विनीता यादव ने किया।

## यादव समाज ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सर्व यादव समाज के द्वारा गायत्री मंदिर में प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के जन्म दिन १५ जून को पूरे प्रदेश में को संघर्ष दिवस के रूप मे मनाया गया। उनके जन्मदिन पर तहसील व जिला स्तर पर सम्मान समारोह, वृक्षारोपण, अस्पताल में फल वितरण, स्वच्छता अभियान आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी तारतम्य में प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के मुख्यातिथ्य में सर्व यादव समाज के द्वारा गायत्री मंदिर में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, तथा तहसील व ब्लाक स्तर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ अपने आराध्य राधाकृष्ण व मां गायत्री की पूजा अर्चना व अतिथि स्वागत के साथ किया गया, स्वागत उद्बोधन रमाशंकर यादव जिला अध्यक्ष के द्वारा किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश यदु ने अपने संबोधन में समाजिक एकता पर जोर देते हुए अपने कर्तव्य व अधिकार के लिए सजग रहने की बात कही वहीं छग शासन द्वारा यादव समाज की उपेक्षा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, तथा अपने जन्मदिन को यादगार बनाने हेतु समाज को धन्यवाद ज्ञापित किया, विशिष्ट अतिथि के सांसदी से देवनारायण यादव संभागीय अध्यक्ष सरगुजा ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को



शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, तथा समाज में व्याप्त बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसे कुरितियों से दूर रहने , व माता पिता व बुजुर्गों की सेवा के साथ आर्थिक, सामाजिक उत्थान में सहयोग का आह्वान किया, युवा प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने युवाओं को उच्च शिक्षा, के साथ अच्छे संस्कार पर जोर देते हुए नशा पान व अन्य दुर्व्यसनों से दूर रहने का अपील किया, वहीं गजेन्द्र यादव को मंत्री बनाने की सरकार से मांग की।आयोजन में समाज के ६० प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल व राधाकृष्ण के फोटो युक्त स्मृति चिन्ह प्रदान किया, वहीं नवनिर्वाचित तहसील व ब्लाक पदाधिकारियों को पदीय दायित्व का शपथ दिलाया गया। इस मौके पर पारस राम यादव,परमेश्वर यादव , अंगद यादव अध्यक्ष, रामप्रताप यादव अध्यक्ष, भोरेलाल यादव, कुंजलाल यादव, राजाराम यादव , अजय यादव, छत्रधारी यादव, परमानंद यादव, रामलाल यादव, सुरेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, जगदेव यादव, संजू यादव, चंद्रिका यादव, धनीराम यादव, रामनारायण यादव, मनीष यादव, बृजेश यादव, बंश राज यादव, हेमन्त यादव, फूलमति यादव आदि सक्रिय सहयोग रहा, वहीं दुर्गा यादव , संजय यादव, अशोक यादव, शिवचरण यादव, धर्मपाल यादव, हीराराम यादव, इगुल यादव, कवलेश्वर यादव, बसंत यादव, शंकरलाल यादव, गंगाराम यादव ,सुदामा यादव, आदि समाज प्रमुखों सहित काफी संख्या में समाज के लोग व प्रतिभावान छात्र उपस्थित रहे,कार्यक्रम का संचालन कुंजलाल यादव, तथा आभार प्रदर्शन राजाराम यादव युवा जिलाध्यक्ष द्वार किया गया।

### 00 इन्हें मिली तहसील ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी

सर्व यादव समाज ब्लाक भैयाथान से रामप्रताप यादव, ब्लाक अध्यक्ष , फूलमति यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, पृथ्वीपाल उर्फ संजू यादव युवा ब्लाक अध्यक्ष, तहसील भटगांव से अंगद यादव तहसील अध्यक्ष, फूलों यादव महिला अध्यक्ष,रवि यादव युवा अध्यक्ष, ओडगीसे कुंजलाल यादव, ब्लाक अध्यक्ष , सुरेन्द्र यादव युवा ब्लाक अध्यक्ष, तहसील बिहारपु से बृजेश कुमार यादव तहसीलअध्यक्ष, दुर्गावती यादव महिला अध्यक्ष , कमलेश यादव युवा अध्यक्ष, प्रतापपुर से चंद्रिका प्रसाद यादव ब्लाक अध्यक्ष कविता यादव महिला अध्यक्ष, पप्पू यादव युवा अध्यक्ष,जरही से फुलेश्वर यादव तहसील अध्यक्ष ,राम चेला यादव युवा अध्यक्ष रामानुजनगर से धनीराम यादव ब्लाक अध्यक्ष ,दशमत यादव महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमन्त यादव युवा अध्यक्ष ,लटोरी से जितेन्द्र यादव तहसील अध्यक्ष मनीष यादव युवा अध्यक्ष , आरती यादव महिला अध्यक्ष, प्रेमनगर से रामनारायण यादव ब्लाक अध्यक्ष व शुभग राम को यादव युवा अध्यक्ष, सहित कार्यकारिणी का गठन कर जिम्मेदारी दी गई।

## एप्पल वॉच, कंगन, चेन और अंगूठी से हुई मृतकों की पहचान, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे शव

**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड),17 जून (ए)।** केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी लौट रहे आर्यन कंपनी के हेलीकॉप्टर हादसे में मृतक पायलट समेत सभी सात लोगों का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम किया गया. जिसके बाद शवों को परिजन अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गए. परिजनों को पोस्टमार्टम के दौरान कोई दिक्कत ना हो इसके लिए जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्साधिकारी, एसडीएम सदर और कोतवाली निरीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद रहे.

गौरी खर्क के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे के बाद उसमें सवार सभी शवों को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय लाया गया था, जहां पायलट समेत अन्य शवों की परिजनों द्वारा शिनाख्त के बाद डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया. हेली के पायलट लेफ्टिनेंट कर्नल राजवीर सिंह चौहान के शव की पहचान उनके हाथ में एप्पल की वॉच से की गई, उनकी पहचान उनके भाई चंद्रवीर चौहान ने की.

जबकि बिजनौर यूपी के 66 वर्षीय विनोद देवी और 19 वर्षीय तुष्टि सिंह की शिनाख्त उनके परिजनों ने की. रांसी ऊखीमठ रुद्रप्रयाग के 46 वर्षीय विक्रम सिंह की शिनाख्त कमर में बंधी कपड़े की बेल्ट से हुई, उनकी पहचान में कोई दिक्कत नहीं हुई. इधर, नंदीपेरा रोड साई मंदिर महाराष्ट्र के 41 वर्षीय राजकुमार सुरेश जायसवल और उनकी पत्नी 35 वर्षीय श्रद्धा राजकुमार जायसवल की पहचान गले की चेन से हुई. जबकि मृतक बच्ची की पहचान पूर्व में हो गई थी.